YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-130 | गुरुवार, 12 जून 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12




रेलवे से लेकर राजमार्गों, बंदरगाहों से लेकर हवाई अड्डों तक, भारत का तेजी से फैल रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क 'जीवन को आसान' बना रहा है और समृद्धि को बढ़ा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी


जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने अमरनाथ गुफा मंदिर के दर्शन किये 11

त्रिस्तरीय पंचायतों में पदों के आरक्षण की प्रक्रिया शुरू, तय हुई समय-सारणी 12


## संक्षेप

### बीएसएफ के जवानों को गंदगी भरा ट्रेन सेट , चार अधिकारी निलंबित

**नयी दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों के लिए पुराना एवं गंदगी भरा ट्रेन सेट उपलब्ध कराने पर कड़ी कार्रवाई की है और चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। श्री वैष्णव ने बुधवार को यहां पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि इस घटना की जानकारी मिलने के चार घंटे के भीतर कार्रवाई की गई है। रैक बदलने के साथ ही इस गलती के लिए जिम्मेदार अलीपुरद्वार मंडल के चार अधिकारी निलंबित कर दिये गये हैं। सूत्रों के अनुसार निलंबित अधिकारियों में अलीपुरद्वार कोचिंग डिपो के प्रभारी तथा मंडल के तीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर शामिल हैं।

### लखनऊ में बिजली खपत का रिकॉर्ड टूटा, 1940.33 मेगावाट पहुंची मांग

**लखनऊ।** भीषण गर्मी के बीच शहर में बिजली की मांग बढ़ गई। नतीजतन पिछले साल का अधिकतम मांग का रिकॉर्ड टूट गया। इस वर्ष 10 जून को शहर में 1940.33 मेगावाट बिजली की मांग रही। पिछले साल यह आंकड़ा 1937.42 मेगावाट का था। शहर में पिछले छह दिनों में ही 475.41 मेगावाट मांग बढ़ी है। यदि गर्मी इसी तरह से पड़ती रही तो मांग दो-तीन दिनों में 20 हजार मेगावाट को पार कर जाएगी। गर्मी के बीच मौसम शुष्क रहने के कारण इन दिनों बिजली की मांग बढ़ती ही जा रही है। इस वर्ष 10 जून को 1940.33 मेगावाट की डिमांड रही, जो पिछले साल इसी दिन 1760.03 मेगावाट थी। यानी इस बार 10 जून को मांग में पिछले साल इसी दिन के हिसाब से 10 फीसदी से भी अधिक का उछाल रहा। विद्युत वितरण निगम के पारेषण विभाग के अनुसार वर्ष 2023 में अधिकतम मांग 13 जून को 1688.94 थी। वर्ष 2022 में अधिकतम मांग 14 जून को 1644.84 मेगावाट की थी। ट्रांसमिशन अधिकारियों का कहना है कि लोगों को नियमित आपूर्ति के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। यदि इसी प्रकार गर्मी पड़ती रही तो आने वाले दो-तीन दिनों में डिमांड 20 हजार मेगावाट भी पार कर जाएगी।

### एसबी शिरडकर प्रोन्नत होकर डीजी बने

**लखनऊ।** वर्ष 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी एसबी शिरडकर एडीजी से प्रोन्नत होकर डीजी (पुलिस महानिदेशक) बना दिए गए हैं। इस संबंध में प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने आदेश जारी कर दिए है। एसबी शिरडकर इस समय एडीजी जोन लखनऊ के पद पर तैनात हैं। उनकी नई तैनाती के आदेश जल्दी ही जारी किए जाएंगे। एसबी शिरडकर लखनऊ में पुलिस कमिश्नर के पद पर तैनात रह चुके हैं।

# संतों ने समाज को एकता और जोड़ने की राह दिखाई : सीएम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता/एजेंसी**

लखनऊ/मुजफ्फरनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संतों ने समाज को एकता और जोड़ने की राह दिखाई। वह राह, जो कैराना व कांधला की घटना नहीं होने देती। यह वही राह है, जो हमें सुरक्षा व संरक्षण की गारंटी देती है और उत्थान का मार्ग प्रशस्त करती है। साथ ही सम-विषम परिस्थितियों में लड़ने की प्रेरणा देती है। स्वामी ज्ञान भिक्षुक दास महाराज दिव्य संत थे। उन्होंने शुकतीर्थ में सतगुरु रविदास महाराज की प्रेरणा को आगे बढ़ाने का कार्य किया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को शुकतीर्थ मुजफ्फरनगर में विशाल संत समागम और सत्संग कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम संत स्वामी ज्ञान भिक्षुक दास महाराज की 65वीं पुण्यतिथि एवं सतगुरु समनदास महाराज की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मध्यकाल में जब देश गुलामी की बेड़ियों से जकड़ा हुआ था, विदेशी आक्रांता भारत की धर्म और संस्कृति को रौंद रहे थे। उस समय ज्योति के पुंज के रूप में काशी के सीरगोवर्धन में सतगुरु रविदास महाराज का अविर्भाव होता है। उन्होंने कर्मसाधना के माध्यम से जो प्रेरणा दी, वह आज भी देश व हर श्रद्धालु के लिए मार्गदर्शक के रूप में काम करती है।

पवित्रता व निर्मलता का प्रतीक है रविदास महाराज का कथनसतगुरु रविदास महाराज ने सामाजिक आडंबर व कुरीतियों के खिलाफ समाज को जागरूक किया। कर्म पर विश्वास करने की प्रेरणा दी। आध्यात्मिक चेतना का जागरण किया। उन्होंने कहा कि मन चंगा तो कठौती में गंगा.. सतगुरु रविदास का कथन जीवन में आंतरिक पवित्रता और निर्मलता का प्रतीक है। उन्होंने समाज को सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की नई प्रेरणा दी। संत रविदास महाराज के गुरु संत रामानंद महाराज ने कहा था कि जाति-पाति पूछे नहीं कोई, हरि को भजे सो हरि का होई...। प्रधानमंत्री ने संत रविदास की बातों को अक्षरशः लागू कियामुख्यमंत्री ने संत रविदास के कथन की चर्चा करते हुए कहा कि उनकी वाणी अत्यंत दिव्य थी। रविदास ने कहा था, मैं तब प्रसन्न रहूंगा, ● शेष पेज 11 पर

## भारत में मतदाता सूचियां तैयार करना सबसे कठोर, पारदर्शी प्रक्रियाओं में से एक : ज्ञानेश कुमार

**एजेंसी**

नयी दिल्ली / स्टॉकहोम। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने भारत में मतदाता सूची तैयार करने के काम को दुनिया की सबसे कड़ी और पारदर्शी प्रकियों में एक बताते हुए कहा है कि इसके लिए आयोग की ओर से परिचालित मजबूत तंत्र देश में चुनावों की विश्वसनीयता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

श्री कुमार मंगलवार शाम स्वीडन में ईमानदारी के साथ चुनाव विषय पर स्टॉकहोम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में उद्घाटन भाषण दे रहे थे। उन्होंने यह बात ऐसे समय की है जबकि कांग्रेस पार्टी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में इस्तेमाल की गयी मतदाता सूचियों को लेकर कुछ प्रश्न पुनः उठाए हैं और आयोग ने उनको खारिज किया है। श्री कुमार ने अपने संबोधन में भारत में वर्ष 1960 से लेकर आज तक प्रत्येक वर्ष पुनरीक्षण के दौरान और चुनावों से पहले भी सभी मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों के साथ भारत की निर्वाचक नामावली सांविधिक तरीके से साझा करने की व्यवस्था का उल्लेख किया। आयोग की



बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार वहां अपने संबोधन में मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा,ल्ल इस प्रक्रिया में जिसमें दावों, आपत्तियों और अपीलों का प्रावधान किया गया है और जो विश्व की कठोरतम और पारदर्शी कार्यकलापों में से एक है, जिससे चुनावी प्रक्रिया की सटीकता और सत्यनिष्ठा की पुनःपुष्टि होती है। उन्होंने कहा, यह मजबूत तंत्र साल-दर-साल देश भर में चुनावी विश्वसनीयता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आ रहा है। श्री कुमार ने इस सम्मेलन में 50 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों का प्रतिनिधित्व करने वाले 100 से अधिक प्रतिभागियों के समक्ष भारत की ● शेष पेज 11 पर

## लू और तपिश झुलसा रही बदन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बीते कुछ दिनों से हो रही प्रचंड गर्मी और लू चलने से जनजीवन बुरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। तपिश के साथ पूर्वा हवाओं के असर से हो रही उमस और चिपचिपी गर्मी से लोग बेहाल हैं।



मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी यूपी में अगले दो-तीन दिन इस भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से राहत की उम्मीद नहीं है। हालांकि बृहस्पतिवार से पूर्वांचल और तराई में गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी की संभावना जताई गई है। वहीं मौसम विभाग की ओर से बृहस्पतिवार को पश्चिमी यूपी और बुंदेलखंड के कुल 9 जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। पूर्वानुमान है कि बृहस्पतिवार को यूपी के पश्चिमी-तराई के नजीबाबाद, मुजफ्फरनगर जैसे कुछ जिलों में दिन में लू चलने के साथ उष्ण रात्रि की संभावना है। यानी यहां रात सामान्य से ज्यादा गर्म रहेगी साथ ही बृहस्पतिवार से प्रदेश के पूर्वी इलाकों में मौसम में बदलाव की आहट है। 12 जून के बीच यूपी के पूर्वांचल के जिलों में गरज-चमक और हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं।

● शेष पेज 11 पर

### भारत में भीषण गर्मी की अवधि बढ़ने का अनुमान

**नयी दिल्ली।** भारत के सभी प्रमुख शहर इन दिनों भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं और आगामी दिनों में प्रचंड गर्मी होने के आसार हैं। आईपीई ग्लोबल और एसरी इंडिया के एक अध्ययन के अनुसार, मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद, सूरत, ठाणे, पटना और भुवनेश्वर जैसे शहरी क्षेत्रों में 2030 तक गर्मी के दिनों की अवधि में दोगुनी वृद्धि होने का अनुमान है। नयी दिल्ली में ग्लोबल-साउथ क्लाइमेट रिस्क सिम्पोजियम में पेश रिपोर्ट 'वेदरिंग द स्टॉर्मः मैनेजिंग मॉनसून इन ए वार्मिंग क्लाइमेट' आने वाले वर्षों के लिये एक गंभीर तस्वीर पेश करती है, क्योंकि भारत अब तेजी से परिवर्तनशील जलवायु के चरम से जूझ रहा है। भारत में पिछले 30 वर्षों में अत्यधिक गर्मी वाले दिनों में 15 गुना वृद्धि देखी गयी, जबकि पिछले दशक में इसमें 19 गुना वृद्धि हो

### पाकिस्तान को लेकर जयशंकर की पश्चिमी देशों को फिर दो टूक

# 'आतंकवाद एक दिन आपको भी नुकसान पहुंचाएगा

**एजेंसी**

ब्रसेल्स। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में जो टकराव हुआ, वह केवल दो पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष नहीं था, बल्कि यह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई थी और यही आतंकवाद एक दिन पश्चिमी देशों को भी नुकसान पहुंचाएगा। यह बात उन्होंने एक यूरोपीय समाचार वेबसाइट को बुधवार को दिए इंटरव्यू में कही। उन्होंने भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की भी पैरवी की और कहा कि भारत कुशल श्रमिक और चीन की तुलना में अधिक भरोसेमंद आर्थिक साझेदारी प्रदान करता है।

- पाकिस्तान में खुद को सुरक्षित महसूस करता रहा बिन लादेन, पश्चिमी मीडिया की भी आलोचना की



जयशंकर ने कहा, 'मैं आपको कुछ याद दिलाना चाहता हूं, एक व्यक्ति था ओसामा बिन लादेन। सोचिए, वह आखिर क्यों पाकिस्तान के एक सैन्य कस्बे में उसकी सैन्य अकादमी के ठीक बगल में वर्षों तक खुद को ● शेष पेज 11 पर

### यूएई ने आतंकवाद पर भारत के रुख पर समर्थन दोहराया

**नयी दिल्ली।** भारत ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के नेतृत्व द्वारा दिए गए समर्थन और भारत के साथ एकजुटता व्यक्त करने की सराहना की है। यूएई ने विदेश सचिव विक्रम मिस्री के मंगलवार 10 जून को आबू धाबी की यात्रा के दौरान यह रुख दोहराया। यह यात्रा विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और यूएई के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाह्यान के बीच गत वर्ष 13 दिसंबर को नयी दिल्ली में आयोजित ● शेष पेज 11 पर




### ऑफ सीजन में भी पौष्टिक सब्जियां और फसलें उगाएंगे किसान

# यूपी के 44 जिलों में आधुनिक खेती करेंगे किसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने और किसानों की आय को दोगुना करने के संकल्प के साथ योगी सरकार लगातार नई तकनीकों को अपना रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने क्रॉप प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी में समय के साथ बदलाव कर किसानों को आधुनिक खेती के लिए तैयार किया है। इसके तहत अब ग्रीन हाउस और पॉली हाउस जैसी तकनीकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे किसान ऑफ सीजन में भी पौष्टिक सब्जियां और अनाज की फसलें उगा सकें। लखनऊ, बहराइच, सुल्तानपुर, बाराबंकी, सीतापुर, अमेठी समेत 44 जिलों के किसान अब इस तरह का बदलाव लाने जा रहे हैं।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश के 44 जिलों में किसानों को ग्रीन हाउस और पॉली हाउस जैसी संरक्षित खेती की सुविधा प्रदान की जा रही है। इनमें से 24 जिलों में ग्रीन हाउस बनकर तैयार हो चुके हैं, जबकि 20 जिलों में तेजी से निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। योगी सरकार का उद्देश्य है कि हर मौसम में किसान बेहतर उत्पादन कर सकें और बाजार में ताजे उत्पाद उपलब्ध करा सकें। कृषि अवसंरचना निधि योजना के अंतर्गत ये सभी विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत इस पर सब्सिडी भी दी जा रही है। ग्रीन हाउस और पॉली हाउस टेक्नोलॉजी से खेती करने पर मौसम की मार से फसलों को सुरक्षा मिलती है। किसान अब सर्दी, गर्मी और बरसात हर मौसम में टमाटर, मिर्च, शिमला मिर्च, खीरा, बीन्स जैसी पौष्टिक सब्जियां और अनाज की खेती कर सकते हैं। इससे न केवल उत्पाद की गुणवत्ता बेहतर होती है बल्कि बाजार मूल्य भी अधिक मिलता है।

योगी सरकार ने यह तय किया है कि प्रदेश के हर किसान को तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जाए। इसी उद्देश्य से अब तक 37 ग्रीन हाउस पूरी तरह से तैयार हो चुके हैं, जो उत्पादन के लिए तैयार हैं। इसके अलावा 29 ग्रीन हाउस निर्माणाधीन हैं, जिन्हें जल्द पूरा कर लिया जाएगा। किसानों को मिलेगा प्रशिक्षण व सब्सिडीकृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस योजना के अंतर्गत किसानों को ग्रीन हाउस व पॉली हाउस निर्माण के लिए सरकारी अनुदान दिया जा रहा है। साथ ही उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण और मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है, जिससे वे वैज्ञानिक तरीके से उत्पादन बढ़ा सकें। इससे खेती अब पारंपरिक से हटकर व्यावसायिक रूप ले रही है। योगी सरकार की यह पहल न केवल खेती को आधुनिक बना रही है, बल्कि किसानों की आय को भी स्थायी और सुनिश्चित कर रही है। इस नवाचार से प्रदेश की कृषि व्यवस्था में व्यापक बदलाव देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार पॉली हाउस या ग्रीन हाउस के लिए 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी प्रदान करती है।

# जलापूर्ति और सीवर समस्याओं पर महाप्रबंधक का सख्त रुख

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गर्मी के मौसम में स्वच्छ और नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जलकल विभाग ने कड़े कदम उठाए हैं। बुधवार को जलकल महाप्रबंधक कुलदीप सिंह ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर जलापूर्ति और सीवर प्रबंधन की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान जोन-3, जोन-6 और जोन-7 में सीवर संबंधी शिकायतों के समय पर निस्तारण न होने पर संबंधित अधिशासी अभियंताओं और स्वेज इंडिया से स्पष्टीकरण मांगा गया है। महाप्रबंधक ने शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए साफ निर्देश दिए कि किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जोन-7 के अवर अभियंता विक्रम सिंह द्वारा निरीक्षण में कोताही बरतने पर उनका एक दिन का वेतन काटने का आदेश दिया गया। साथ ही, जोन-5 और जोन-8 के अवर अभियंता देवेंद्र बहादुर सिंह की स्वीकृत पांच दिन की छुट्टी को रद्द कर दिया गया, ताकि जलापूर्ति व्यवस्था निर्बाध रहे। कुलदीप सिंह ने अधिकारियों को जनता की सेवा भावना के साथ कार्य करने और नियमित फील्ड विजिट, टैंक-नलों की सफाई, लीकेज मरम्मत और जल गुणवत्ता जांच पर ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जल संकट के समय त्वरित कार्रवाई और सतर्क निगरानी ही समाधान का रास्ता है। जलकल विभाग की इस पहल से शहरवासियों को स्वच्छ और नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

## अधीक्षक ने प्राथमिक स्वाथ्य केंद्र बड़ोखर का औचक किया निरीक्षण

**कोरांव ( प्रयागराज), कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ोखर का निरीक्षण अधीक्षक केबी सिंह द्वारा किया गया, जिसमें स्टॉफ मौजूद पाया गया। अधीक्षक ने साफ-सफाई और शासन के निर्देशों के अनुसार कार्य करने के लिए निर्देशित किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि डॉक्टर और स्टॉफ अनुपस्थित रहते हैं और साफ-सफाई नहीं रहती, जिससे लोगों को इलाज के लिए दूर जाना पड़ता है। इसके अलावा, अधीक्षक ने रत्योरा करपिया ( खानपुर) मे निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र को ठेकेदार को मानक के अनुसार कार्य पूरा करने के लिए हिदायत दी।

## मुख्य राजस्व अधिकारी की ख़ामोशी या मजबूरी बना चर्चा का विषय

**कोरांव (प्रयागराज), कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोरांव तहसील में लेखपालों के निलंबन और फिर से बहाली के मामले ने स्थानीय प्रशासन की कार्यक्षमता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इससे वादकारियों और अधिवक्ताओं को न्याय के लिए परेशानी हो रही है। लोगों का मानना है कि यदि कोरांव तहसील के लेखपालों को अन्य तहसीलों में स्थानांतरित कर दिया जाए और नए लेखपाल नियुक्त किए जाएं, तो इससे तहसील में लेखपालों की रिस्तेदारी का प्रभाव कम होगा और वादकारियों को सुलभ न्याय मिल सकेगा। मुख्य राजस्व अधिकारी की खामोशी के कारण यह मुद्दा और भी गंभीर हो गया है, जिससे अधिवक्ता आर-पार की लड़ाई में खड़े हो गए हैं और तहसील के कार्य पूरी तरह से बाधित हो गए हैं।

## ...तो स्मार्ट मीटर चूस रहा उपभोक्ताओं के पाकेट की रकम


**गोरखपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विद्युत विभाग धीरे-धीरे उपभोक्ताओं पर विदेशी मीटर-(स्मार्ट मीटर) लगवाकर अनियमित विद्युत की वसुली कर रहा है। आम विद्युत उपभोक्ता जितना पूरेशान है उतना बड़े- बड़े उपभोक्ताओं परेशान नहीं है। स्मार्ट मीटर जो बाहरी स्थानों पर लगा है उसका भी कुछ मायने चर्चा में है। क्यो कि तपती गर्मी व धूप के ताप पर मीटर में चलने की प्रगति पर चलने का चर्चा किया जा रहा है। महानगर में स्मार्ट मीटर ठेकेदार द्वारा लगवाया गया है। फिल हाल उपभोक्ताओं पर बढ़ती भार के शूल्क पर लोगों में तबाहीयत का पैगाम शुरू हो गया है।वैसे तो आम जन मानस को नये-नये व्यवस्था को जारी कर आम जन मानस के पाकेट को सुखा कर रखने की कवायद का हिस्सा कहा जा रहा है।

# धमकी और झूठे वायदों से निजीकरण नहीं किया जा सकता : दुबे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण का विरोध कर रही विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने कहा है कि सरकार झूठे वायदे और धमकी देकर निजीकरण के लिये दवाब नहीं बना सकती।।

उन्होने कहा कि किसानों, उपभोक्ताओं और बिजली कर्मियों की आगामी 22 जून को लखनऊ में होने वाली बिजली महापंचायत में 'प्रधानमंत्री के विकसित भारत का लक्ष्य और सार्वजनिक क्षेत्र में बिजली' एक महत्वपूर्ण विषय होगा। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि ऊर्जा मंत्री के इस वक्तव्य पर, कि निजी क्षेत्र के पास बेहतर तकनीक और प्रबंध कौशल है, अतः बिजली के निजीकरण का निर्णय लिया गया है, पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रबंध कौशल में कोई कमी है तो वह प्रबंधन की है अतः प्रबंधन की कमी के आधार पर उत्तर प्रदेश के बेहद गरीब 42 जनपदों पर बिजली का निजीकरण क्यों थोपा जा रहा है ? ऊर्जा मंत्री को इसके दुष्परिणों पर भी विचार करना चाहिए। झूठे



आंकड़े और बिजली कर्मियों को धमकी देकर निजीकरण नहीं किया जा सकता। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मियों ने 31104 मेगावाट बिजली आपूर्ति कर कल पूरे देश में एक नया कीर्तिमान बनाया था जिसे एक दिन बाद ही 31218 मेगावाट बिजली आपूर्ति कर बिजली कर्मियो ने तोड़ दिया है। इन सभी कीर्तिमानों पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एक ओर ट्वीट कर रहे हैं, यह कह रहे हैं कि उत्तर प्रदेश में बिजली के क्षेत्र में नित्य नए कीर्तिमान बन रहे हैं और दूसरी ओर यह बयान दे रहे हैं कि प्रदेश की बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए अब निजीकरण अपरिहार्य हो गया है। संघर्ष समिति ने कहा कि ऊर्जा मंत्री को ऐसे विरोधाभासी बयानों से बचना चाहिए।

उन्होने कहा कि निजी कंपनियों के आने से इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा और इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होने से लाइन हानियां कम होगी। निजीकरण के बाद लाइन हानियां 40 से घटकर 15 प्रतिशत तक आ जाएगी। इस पर संघर्ष समिति ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने के लिए भारत सरकार ने आरडीएसएस योजना चला रखी है जिसके तहत लगभग 44000 करोड रुपए उत्तर प्रदेश में व्यय किया जा रहा है। इससे इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हो ही रहा है और इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होने के साथ लाइन हानियां भी कम हो रही है।

ऊर्जा मंत्री शायद यह भूल गए हैं कि उन्होंन बार-बार ट्वीट कर यह कहा है कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लाइन हानियां 40 से घट कर 16.5 प्रतिशत रह गई हैं। 15 प्रतिशत से नीचे अगले वर्ष लाइन हानियां आ जाएगी । अगर ऊर्जा मंत्री 15 फीसदी लाइन हानियों को ही निजीकरण करने का आधार मान रहे तो यह लक्ष्य लगभग प्राप्त ही हो गया है। संघर्ष समिति ने कहा कि दर असल निजीकरण के पीछे सुधार नहीं लूट का एजेंडा है।

### बिजली विभाग में छह माह तक हड़ताल में रोक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में निजीकरण को लेकर आंदोलतरत कर्मचारियों पर नकेल कसने के लिये सरकार ने आवश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम-1966 का हवाला देते हुये विद्युत विभाग में हड़ताल पर छह माह के लिए रोक लगा दी है। शासन ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अंतर्गत विद्युत विभाग के अंतर्गत उप्र पावर कारपोरेशन लि0, उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0, कानपुर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कम्पनी केस्को, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0 और यूपी रिन्यूएवल एण्ड ईवी इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 के अधीन समस्त सेवाओं में 06 माह के लिए हड़ताल निषिद्ध कर दी गयी है।

## अवैध प्लाटिंग व अवैध निर्माण पर एलडीए की कार्यवाही

लखनऊ। एलडीए ने अवैध निर्माण और प्लाटिंग के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। बुधवार को प्राधिकरण की प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर सुल्तानपुर रोड और चिनहट में बड़ी कार्रवाई की। जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि सुल्तानपुर रोड पर कासिमपुर में सुनील गुप्ता, रामानंद और अन्य द्वारा करीब 6 बीघा जमीन पर बिना अनुमति के अवैध प्लाटिंग कर कॉलोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृति के बिना हो रहे इस निर्माण के खिलाफ विहित न्यायालय के आदेश पर प्रवर्तन टीम ने पुलिस बल के सहयोग से अवैध सड़क, नाली और बाउंड्रीवॉल को ध्वस्त कर दिया। वहीं, चिनहट में एसटीपी रोड पर लोनापुर पेट्रोल पंप के पास आर.डी. त्रिपाठी और अन्य द्वारा 1000 वर्गमीटर के भूखंड पर बन रही अवैध बहुमंजिला बिल्डिंग को सील कर दिया गया। यह कार्रवाई प्राधिकरण के अवैध निर्माण के खिलाफ चल रहे अभियान का हिस्सा है।एलडीए अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि शहर में बिना अनुमति निर्माण और प्लाटिंग पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# सरकार विशेष बुला कर विदेश से वापस आये प्रतिनिधिमंडल की उपलब्धियां बताये: प्रमोद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर सैन्य सफलाओं का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाते हुये राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने बुधवार को कहा कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमण्डल के विदेश दौरे से वापस आने के बाद सरकार विशेष सत्र बुलाकर देश की जनता को बताये कि दुनिया के कितने राष्ट्रों ने आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने में समर्थन की घोषणा की है।

श्री तिवारी ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा पाकिस्तान को आतंकवाद रोधी समिति का उपाध्यक्ष चयनित किये जाने को पूरी तरह से अस्वीकार्य व दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि पाकिस्तान की भूमिका दुनिया के सामने आतंकवादी पोषक देश के रूप में पूरी तरह जगजाहिर है, इसके बावजूद शत्रु राष्ट्र के साथ हुए सैन्य टकराव को लेकर यह दुर्भाग्यपूर्ण रहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान की समकक्षीय तुलना दुनिया के कई मंचो पर किया गया। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराए जाने का श्रेय लेने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप विश्वपटल पर लगातार खुला राग अलापते आ रहे है। ट्रंप की इस दावेदारी पर मोदी सरकार की खामोशी के चलते ही यूएन में आतंक के पनाहगार पाकिस्तान को उल्टे आतंकवाद से लड़ने के लिए पदाधिकारी चयनित कर तवज्जो दी जा सकी। श्री तिवारी ने यूएन के इस चैंकाने वाले कदम को भारत की विदेश नीति के भी पराभव का एक और चिन्ताजनक पहलू करार दिया है, और कहा है कि यह भी अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण रहा कि आपरेशन सिन्दूर के बीच अर्न्तराष्ट्रीय मुद्रा कोष से पाकिस्तान को एक अरब डॉलर की सहायता किस्त जारी की गयी। उन्होनें आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान की घेराबंदी के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधि मण्डल की प्रधानमंत्री के साथ हुई मुलाकात के नतीजे को भी देश के सामने रखे जाने पर जोर दिया है। उन्होने कहा कि कांग्रेस समेत विपक्ष ने आतंकवाद से लडने के लिए सर्वदलीय बैठक में सरकार को समर्थन के अपने वचन को निभाया है। आपरेशन सिन्दूर का समर्थन करते हुए सर्वदलीय प्रतिनिधि मण्डल में कांग्रेस ने दुनिया के सामने भारत का पक्ष मजबूती से रखा है, और आतंकवाद को पूरी तरह से मिटाने के लिए कांग्रेस ने विश्व मंचों पर सरकार का समर्थन करते हुए अपने दिये गये वचन को सफलतापूर्वक निभाया। श्री तिवारी ने कहा कि हालांकि सर्वदलीय प्रतिनिधि मण्डल में भी पार्टी के सुझाए नामों की जगह मोदी सरकार ने कांग्रेस के सदस्यों का चयन अलग से हटकर किया। लोकतांत्रिक गरिमा के विपरीत मोदी सरकार का यह रवैया राष्ट्रीय मसले पर भी विभेद की नीति जाहिर कर गया। उन्होने कहा कि सरकार के सैन्य सफलताओं के राजनीतिकरण के बावजूद प्रमुख विपक्षी दल के रूप में कांग्रेस ने आतंकवाद से लड़ाई में सरकार और सेना का कदम कदम पर समर्थन जारी रखा है।

# प्रदेश के 11 जिलों में 15 नए एमएसएमई औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के कार्य में तेजी लाएगी सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### सीएम योगी के निर्देश पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग ने खाका तैयार

### प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने में निभाएगा बड़ी भूमिका

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को उद्यम प्रदेश के रूप में परिवर्तित कर रही योगी सरकार प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के लिए तेजी से कदम बढ़ा रही है। इस कड़ी में प्रदेश में डिफेंस इक्विप्मेंट्स, सेमीकंडक्टर डिजाइन व मैनुफैक्चरिंग जैसी हेवी इंडस्ट्रीज से जुड़ी मैनुफैक्चरिंग यूनिट्स व क्लस्टर्स की स्थापना की जा रही है। वहीं, प्रदेश की उद्यमिता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को भी प्रश्रय देने के लिए एमएसएमई एस्टेट्स की स्थापना की जा रही है। सीएम योगी के विजन व निर्देश के अनुसार, प्रदेश के 11 जिलों में 15 नए औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के कार्य को गति देने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

इसके लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग ने खाका किया तैयार किया है जिसके अनुसार प्रदेश के विभिन्न जिलों में फैले इन एस्टेट्स की कुल 764.31 एकड़ क्षेत्र में स्थापना की जाएगी। यहां 872 प्लॉट्स निवेशकों के लिए अपना उद्यम स्थापित करने के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इससे न केवल प्रदेश में एमएसएमई सेक्टर को और मजबूती मिलेगी बल्कि प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने में मदद मिलेगी।

सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा तैयार किए गई कार्ययोजना में इस बात का उल्लेख है कि प्रदेश में बड़े स्तर पर लैंड बैंक उपलब्ध कराने के लिए बाकायदा विभागों में अभियान के अंतर्गत प्रक्रिया जारी है। इसी कड़ी में प्रदेश में 11 जिलों में 15 एमएसएमई एस्टेट्स की स्थापना के लिए भी लैंड बैंक उपलब्ध कराए जाने पर कार्य हो रहा है। इनके अंतर्गत, अलीगढ़ के गभाना में 116 एकड़, एटा के जलेसर में 6.8 एकड़, फिरोजाबाद के टूंडला में 19 एकड़, सिरसागंज में 10 एकड़, कानपुर देहात के अकबरपुर (कुंभी) में 59 तथा दुवारी में 172 एकड़, ललितपुर के बीघाखेत में 9.8 एकड़, पुलवारा में 44 एकड़, झरर में 8.6 एकड़ तथा महोबा में 37 एकड़ क्षेत्र में एमएसएमई औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना होगी। इसी प्रकार, प्रयागराज के सदर में 8 एकड़, प्रगापगढ़ के रानीगंज में 39.7 एकड़, मीरजापुर के चुनार में 35 एकड़, मऊ के सदर में 84 एकड़ तथा रायबरेली सदर में 58 एकड़ क्षेत्र में एमएमएसई औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना की जाएगी। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) भी एमएसएमई सेक्टर्स को बढ़ावा देने के लिए बड़ी योजना पर कार्य कर रहा है। यीडा द्वारा विकसित किए जा रहे क्षेत्र में एमएसएमई इकाइयों की स्थापना के लिए 500 एकड़ क्षेत्र आरक्षित किया है।

इतना ही नहीं, गीडा द्वारा जल्द ही गौतमबुद्धनगर के ग्रेटर नोएडा स्थित सेक्टर 28 में 125 करोड़ की लागत से बनने वाले फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्पलेक्स के निर्माण भी किया जाएगा। यह आधुनिक फ्लैटेड फैक्टरी का निर्माण किया जाएगा। फ्लैटेड फैक्टरी परिसर के निर्माण से जुड़ी प्रक्रिया भी जल्द शुरू होने जा रही है और फिलहाल मास्टर प्लान और अन्य रिपोर्ट्स के निर्माण पर काम चल रहा है। इसे 24 महीनों में पूरा किया जाएगा। यह बहुमंजिला फ्लैटेड फैक्टरी लगभग 38,665 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र में फैली होगी और इसमें एमएसएमई उद्यमों के लिए अत्याधुनिक सुविधा युक्त इकाइयां होंगी।

# प्रोफ़ेशनल मीट का किया गया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी,लखनऊ। केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला लखनऊ द्वारा बख्शी का तालाब स्थित एस.आर.इंटरनेशनल स्कूल में प्रोफ़ेशनल मीट का आयोजन किया गया,जिसमें विभिन्न प्रोफ़ेशन से जुड़े लोगों ने सहभागिता की,कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय मौर्य द्वारा की गई,तीन सत्रो में अलग-अलग तीन विषयों पर वक्ताओं ने विषय को रखा,प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं लखनऊ जिले के प्रभारी त्र्यंबक त्रिपाठी ने अपने विषय विकसित भारत की संकल्पना एवं हमारी भूमिका पर बोलते हुए कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य एक कठिन लक्ष्य अवश्य लेकिन भारत देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह रोज भारत के उत्थान के लिए एक कदम बढ़े तो भारत को विकसित राष्ट्र बनने से कोई रोक नहीं सकता उन्होंने कहा कि भारत एक अति प्राचीन देश है हमारे देश का सम्मान और गौरव पूरे विश्व में जाना जाता था हमारा देश पौराणिक एवं देवताओं द्वारा बसाया गया देश है,ज्ञान विज्ञान एवं सभी क्षेत्रों में प्राचीन काल में भारत विश्व का नेतृत्व करता था,आगे उन्होंने कहा कि 18वीं शताब्दी में भारत की क्या स्थिति थी इसका वर्णन लॉर्ड क्लाइव ने किया था,भारत की संपन्नता एवं वैभव का उल्लेख करते हुए भारत की शैक्षिक एवं आर्थिक स्थिति का वर्णन किया है,लेकिन विदेशी आक्रांताओं के द्वारा लूट जाने का परिणाम है कि भारत को विकसित भारत बनाने के लिए हम सब संघर्ष कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही लगभग 111 जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से विकास को गति प्रदान करते हुए जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश में विकसित भारत की बुनियाद रखी जा रही है,विकसित भारत की संकल्पना को पूर्ण करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पंच प्रण एवं 11 संकल्पना की चर्चा की प्रोफ़ेशनल मीट में द्वितीय सत्र को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह ने अपने विषय सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्षों पर बोलते हुए पूर्ववर्ती यूपीए सरकार में हुए घोटालों एवं भ्रष्टाचार की बात कहते हुए कहा कि 2014 से पहले यूपीए सरकार में भ्रष्टाचार एवं घोटाला की इतनी भरमार थी कि कई मंत्रियों को जेल जाना पड़ा एवं कई मंत्रियों को इस्तीफा देना पड़ा था,यूपीए सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि इस देश में एक समय ऐसा भी था जब हमारे सुरक्षा बलों की सिर कटे शव पाकिस्तान से भेजे जाते थे,ताज होटल पर आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि इस आतंकवादी घटना में देश के 175 नागरिक मारे गए थे,इस घटना से आहत होकर सेना ने जब आतंकवादियों को सबक सिखाने की बात कही तो वर्तमान सरकार ने पाकिस्तान को परमाणु संपन्न राष्ट्र होने का बहाना बात कर आतंकियों पर कार्यवाही करने से मना कर दिया था,वही मोदी जी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान में चल रहे नौ आतंकवादी अड्डों को तबाह कर दिया गया,भारत द्वारा परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र पाकिस्तान के विरुद्ध यह कार्रवाई नए भारत का परिणाम है भारत ने अपनी नीति में परिवर्तन करते हुए यह तय किया है कि भारत के ऊपर कोई भी आतंकी हमला वह युद्ध माना जाएगा,2014 से पहले भारत की विश्व परिदर्श में घोटाला एवं गरीबी की छवि को दूर करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत के निर्माण के लिए लगातार कार्य किया जा रहे हैं।वहीं तीसरे सत्र को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश पिछड़ा मोर्चा के महामंत्री एवं सदस्य विधान परिषद रामचंद्र प्रधान ने अपने विषय सशक्त भारत सुरक्षित भारत पर बोलते हुए कहा कि आज का भारत नया भारत है पहले हम अपनी सुरक्षा के लिए विदेशी हथियारों के ऊपर निर्भर रहते थे लेकिन आज हम स्वदेशी तकनीक से निर्मित हथियारों के माध्यम से हम रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहे हैं विपक्ष पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि सेना की कार्यवाही में बहुत सारी सूचनाएं गुप्त रखी जाती हैं,लेकिन विपक्ष द्वारा सेना के उत्साह को कम करने के लिए बार-बार निराधार प्रश्न पूछे जा रहे हैं,विपक्ष के पास सकारात्मक रूप से कहने को कुछ नहीं है सत्ता प्राप्त करने के लिए झूठ बोलकर जनता को भ्रमित करने का काम विपक्ष द्वारा किया जा रहा है प्रोफ़ेशनल मीट में उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए भारत के नागरिकों को स्वदेश में निर्मित अधिक से अधिक वस्तुओं का प्रयोग करना चाहिए,उन्होंने कहा कि कुछ देश हमसे व्यापार करते हैं व्यापार के माध्यम से अपना सामान हमारे देश में बेचते हैं और हमारे ही पैसे से आतंकवादी गतिविधियां करने वाले पाकिस्तान की सहायता करते हैं।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **सिंगल पैकेट पद्धति** से ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **04.07.2025** को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा फार्म का मूल्य जमा नही करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नही किये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | | **06502025** दिनांक **10.06.2025** |
| कार्य का नाम | 1. | वरि0 मण्डल अभियंता-तृतीय/उ.रे0/लख0 के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल अभियंता-वाराणसी के अधीन शिवपुर-बीरापट्टी रेलवे स्टेशन के बीच अनाधिकृत कैंट खण्ड में किमी0 893/24-26 पर समपार सं0 77-सी0 को बन्द करने हेतु अधोगामी पुल का प्रावधान। |
| | 2. | सहायक मण्डल अभियंता-जौनपुर के अधीन जफराबाद-अयोध्या कैंट खण्ड में किमी0 893/24-26 पर समपार सं0 77-सी0 को बन्द करने हेतु अधोगामी पुल का प्रावधान। |
| | 3. | सहायक मण्डल अभियंता-जौनपुर के अधीन जफराबाद-अयोध्या कैंट खण्ड में किमी0 861/17-19 पर समपार सं0 61-सी0 को बन्द करने हेतु अधोगामी पुल का प्रावधान। |
| अनुमानित लागत | | (1) रु.50,05,263.36 (2) रु.5,12,51, 087.59 (3) रु.5,06,35,329.19 |
| धरोहर राशि | | (1) रु.1,00,100.00 (2) रु.4,06,300.00 (3) रु.4,03,200.00 |
| कार्य की समापन अवधि | क्रम सं0 01 से 03 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह (12) माह। |
| निविदा डालने का प्रारंभ | क्रम सं0 01 से 03 के लिए | 20.06.2025 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्रम सं0 01 से 03 के लिए | 04.07.2025 15:00 बजे |
| वेबसाईट | | www.ireps.gov.in |

नोट :

1. तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबंधित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नही किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रो को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ.रे. नयी दिल्ली का पत्र सं. **74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose Dated : 07.04.2015**

1732/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# निगोहां में बारिश हुई न हवा चली फिर भी 33 केवी लाइन ब्रेकडाउन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## निगोहा में 3 घण्टे ठप रही बिजली लोग बिना बिजली के बेहाल

निगोहां, लखनऊ । बारिश हुई न हवा चली फिर भी निगोहां विधुत सबस्टेशन की 33 के वी लाइन ब्रेकडाउन होने से हजारों उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में लगभग 3 घण्टे बिजली की पीड़ा झेलनी पड़ी। बुधवार लगभग 3 बजे निगोहा विधुत्त सबस्टेशन की 33 के वी लाइन ब्रेकडाउन होने से निगोहा सबस्टेशन से जुड़े लगभग 15 हजार उपभोक्ताओं सहित लगभग 50 हजार आबादी को 3 बजे से देर शाम लगभग 6 बजे तक बिजली संकट झेलना पड़ा। इस दौरान उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में बिजली संकट के साथ पेयजल की समस्या भी उठानी पड़ी।अवर अभियंता विजय शर्मा ने बताया कि बुधवार दोपहर 3 बजे निगोहां विधुत सबस्टेशन की 33 केवी लाइन ब्रेकडाउन होने से सबस्टेशन ठप हो गया जिसके चलते उपभोक्ताओं को असुविधा हुई इस दौरान लेसा की टीम के द्वारा निगोहा से 132 के वी सबस्टेशन बछरावां तक पेट्रोलिंग व मैंगरिन कराई गई लगभग 6 बजे निगोहां सबस्टेशन की हाईटेंशन लाइन की आपूर्ति सामान्य होने के बाद निगोहा फीडर की सहित अन्य सभी फीडरों की आपूर्ति सामान्य हो गई। उपभोक्ताओं ने बताया कि बिना बिजली के परिवार के साथ भीषण गर्मी में 3 घण्टे बिना बिजली के गुजरना पड़ा। वही निगोहां में जलनिगम के द्वारा पेयजल आपूर्ति ठप होने से लोगो को पानी के लिए तरसना पड़ा।उपभोक्ताओं ने बताया कि निगोहां विधुत सबस्टेशन की हाईटेंशन लाइन पिछले 8 वर्षों से सिंगल सोर्स के सहारे विधुत आपूर्ति हो रही है।1 जून से अब तक कई बार 33 केवी लाइन ब्रेकडाउन हो चुकी हर बार उपभोक्ताओं को 10 से 12 घण्टे तक बिना बिजली की रात हो दिन गुजरना पड़ता है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

अधिशासी अभियंता सब डिवीजन मोहनलालगंज श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि निगोहां सबस्टेशन को डबल सर्किट से जोड़ दिया गया है कुछ काम यार्ड में बाकी है उसे जल्द ही पूरा कराया जायेगा जिसके बाद 33 केवी लाइन ब्रेकडाउन होते ही दूसरी हाईटेंशन लाइन से पावरहाउस को जोड़ दिया जायेगा।बिजली की समस्या से उपभोक्ताओं को जल्द ही निजात मिल जाएगी।

# जनेश्वर मिश्र पार्क में जल्द शुरू होंगे रोमांचक एडवेंचर स्पोर्ट्स

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। जनेश्वर मिश्र पार्क में जल्द ही शहरवासियों को रोमांचक एडवेंचर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठाने का मौका मिलेगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण गेट नंबर-4 के पास 1.5 एकड़ क्षेत्र में एक विशेष एडवेंचर जोन विकसित कर रहा है, जहां 15 मीटर ऊंचा मल्टी एक्टिविटी टावर स्थापित किया जाएगा। इस टावर पर जिप लाइन, स्काई साइकिलिंग, रोलर कोस्टर, जाइंट स्विंग, बंजी जम्पिंग, रॉकेट इंजेक्शन, बुल राइड, राइफल शूटिंग और आर्चरी जैसे रोमांचक खेलों का आनंद लिया जा सकेगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बुधवार को पार्क का निरीक्षण कर विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को एडवेंचर जोन का निर्माण तीन महीने में पूरा करने के निर्देश दिए। इस जोन में दो कैंटीन भी संचालित होंगी, ताकि आगंतुकों को खाने-पीने की सुविधा मिल सके। जोन को पाथ-वे से जोड़ा जाएगा, जिससे आने-जाने में आसानी हो। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने पाया कि वॉटर बॉडी और रोज गार्डे न से राष्ट्रध्वज की ओर जाने के लिए लोगों को लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। इसके समाधान के लिए वॉटर बॉडी पर एक आकर्षक पेडेस्ट्रियन ब्रिज बनाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कंसल्टेंट से ब्रिज की डिजाइन तैयार करने को कहा। साथ ही, पार्क की सफाई व्यवस्था पर असंतोष जताते हुए कार्यदायी संस्था विमला एसोसिएट की रिपोर्ट तलब की। मरीन ड्राइव पर फूड कोर्ट का निर्माण अंतिम चरण में प्रथमेश कुमार ने मरीन ड्राइव के पास गोमती रिवर फ्रंट पर बन रहे फूड कोर्ट का भी निरीक्षण किया। पीपीपी मॉडल पर विकसित हो रहे इस फूड कोर्ट में 10 दुकानें होंगी। उपाध्यक्ष ने एक महीने में कार्य पूरा कर दुकानों का संचालन शुरू करने के निर्देश दिए। लक्ष्मण मेला स्थल पर गोमती नदी में चल रहे वॉटर स्पोर्ट्स का भी निरीक्षण किया गया। यहां जेटस्की, स्पीड बोट और मोटर बोट का ट्रायल रन जारी है। उपाध्यक्ष ने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और फूड कियोस्क, ऑफिस/वेटिंग एरिया व सुव्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उद्यान अधिकारी शशि कुमार भारती, अधिशासी अभियंता मनोज सागर, अजीत सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। ये नए विकास कार्य जनेश्वर मिश्र पार्क को लखनऊवासियों के लिए और आकर्षक बनाएंगे, जहां मनोरंजन और रोमांच का अनूठा संगम होगा।

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर चला जागरूकता अभियान




कैनविज टाइम्स संवाददाता


लखनऊ । पॉलिटेक्निक चौराहे पर ग्राम्यजन सेवा ट्रस्ट द्वारा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में पैदल, साइकिल से चलने से लेकर बस और ट्रेन में यात्रा करते समय बरतने वाली सावधानी पर विशेष ध्यान देने वाली बातों की जानकारी दी गई। प्रबंधक ट्रस्टी देवी प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि सड़क यात्रा के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज सड़क दुर्घटना में सैकड़ों मौत बड़ी चिन्ता का विषय है और समय रहते इस पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में अमित सिंह, जतिन खन्ना, खुशी अग्रवाल, सूर्यांश सिंह, दिव्यांश निगम आदि लोग मौजूद रहे।

## एसटीएफ ने 50 हजार के इनामी को लखनऊ चारबाग में दबोचा

लखनऊ । यूपी एसटीएफ की लखनऊ इकाई ने बुधवार को नाका थाना इलाके से 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। वह सिद्धार्थनगर जनपद के एक थाने में दर्ज मुकदमें में वांछित है। पुलिस को काफी दिनों से उसकी तलाश थी। पुलिस उपाधीक्षक अवनीश्वर चंद्र ?श्रीवास्तव ने बताया कि बस्ती जिले का रहने वाला 50 हजार का इनामी शुभम कुमार चौधरी की लोकेशन चारबाग फुट ओवरब्रिज के पास मिली। इसके बाद एसटीएफ की टीम ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में ?अभियुक्त ने बताया कि सोहराब राईस मिल सेहुडाखुर्द बस्ती में काम करता था। उसके बाद से सरकारी धान-गेहूं क्रय केंद्र डीसीएफ सेम्हरानी सिद्धार्थनगर का प्रभारी बनाया गया था। इस दौरान 12 लाख रुपये का गबन हुआ था, जिसके संबंध में शिवनगर थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया था। वह गिरफ्तारी से बचने के लिए मुंबई चला गया था। अपने मित्र की शादी में शामिल होने के लिए लखनऊ आया था, तभी उसे पकड़ लिया गया।

# लखनऊ में शिक्षक से जबरन वसूली और धमकी का आरोप, फर्जी पत्रकारों और वकील पर मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## सोशल मीडिया पर झूठी रिपोर्ट से बदनाम करने की साजिश, पीड़ित बोले 50 हजार ऐंठे, कई बार ब्लैकमेल किया गया

लखनऊ बाजारखाला। राजधानी लखनऊ के बाजारखाला इलाके में एक प्रतिष्ठित शिक्षक ने खुद को पत्रकार और वकील बताने वाले कुछ लोगों पर जबरन वसूली, धमकी, और झूठी खबरों से बदनाम करने का गंभीर आरोप लगाया है। डॉ. मिर्ज़ा मोहम्मद अबू तैय्यब ने थाना बाजारखाला में तहरीर देकर 15 नामजद और 8-10 अज्ञात लोगों के खिलाफ FIR दर्ज करने की मांग की है। डॉ. तैय्यब का कहना है कि वह बाजारखाला स्थित अपनी पुश्तैनी संपत्ति पर निर्माण करवा रहे थे, जो पूरी तरह वैध है। यह संपत्ति कुल 1450 वर्ग फुट की है, जिसमें आधा हिस्सा उनकी मामा की बेटी फातिमा रज़ी का है। बावजूद इसके, कुछ लोग खुद को पत्रकार बताकर उनके पास पहुंचे और ?50 हजार की मांग करने लगे। जब उन्होंने पैसे देने से इनकार किया, तो उन्हें एलडीए से निर्माण सीज करवाने और इमारत गिरवाने की धमकी दी गई।

वकील ने ली 50 हजार की रकम, ठ्ठ्र ट्रांजैक्शन सबूत के तौर पर सौंपे

तैय्यब ने तहरीर में लखनऊ के एक वकील तनमय राज सिंह पर आरोप लगाया है कि उन्होंने डरा-धमकाकर ?50,000 ऐंठ लिए। शिक्षक ने उस ट्रांजैक्शन की ठ्ठ्र रसीदें भी पुलिस को सौंपी हैं। उनके मुताबिक, इस गिरोह में शामिल अन्य लोगों ने भी बार-बार रकम मांगी और न देने पर सोशल मीडिया पर बदनाम करने की धमकी दी।

झूठी रिपोर्टें वायरल कर छवि खराब करने की कोशिश

तहरीर में दावा किया गया है कि कुछ कथित पत्रकारों ने जानबूझकर झूठी खबरें फैलाईं। इनमें एक रिपोर्ट 'तारिक खान' द्वारा, और दूसरी 'सुहैल अरशद' द्वारा सोशल मीडिया पर डाली गई। पहली रिपोर्ट में एलडीए और पुलिस की मिलीभगत से अवैध निर्माण का आरोप लगाया गया, जबकि दूसरी रिपोर्ट में निलंबित जेई की मिलीभगत से भ्रष्टाचार और निर्माण कार्य का ज़िक्र किया गया।

डॉ. तैय्यब ने इन रिपोर्टों को ''पूर्वनियोजित साजिश'' बताया और कहा कि इनका उद्देश्य सिर्फ उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करना और अवैध वसूली करना है। उन्होंने कहा, ल्लमैं एक शिक्षक हूं और समाज में मेरी एक प्रतिष्ठा है। इस तरह की झूठी खबरों से मेरी सामाजिक, पारिवारिक और मानसिक छवि को अपूरणीय क्षति पहुंची है।

नामजद आरोपियों में 15 कथित पत्रकार और 1 वकील शामिल

तैय्यब द्वारा नामजद किए गए लोगों में दानिश खान, आयुष कुमार, नितिन अवस्थी, शिशुनाथ सिंह, रजा अब्बास, अखिलेश सिंह, रवी श्रीवास्तव, तारिक खान, सुहैल अरशद, अज़ीज़, हरिश भटनागर, कमलेश फाइटर, इंद्राशन, विशाल निगम और वकील तनमय राज सिंह शामिल हैं। इन पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है। सभी का पता 'अज्ञात, बाजारखाला क्षेत्र' बताया गया है।

पुलिस ने शुरू की जांच, गंभीर धाराओं में कार्रवाई की तैयारी

थाना बाजारखाला में दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी गई है। डॉ. तैय्यब ने जिन धाराओं के तहत कार्रवाई की मांग की है, उनमें उगट्ट की धाराएं 308, 308(क), 356, 356(2), 351(2), 351(4)/353 और 61(2) शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य, ठ्ठ्र ट्रांजैक्शन, और सोशल मीडिया पोस्ट की जांच की जा रही है। अगर आरोप सही पाए गए, तो सभी आरोपियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# स्वस्थ जीवन के लिए योग जरूरी : प्रो0 जेपी पाण्डेय

## विकास: योग की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में बुधवार को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के पहले विरासत से विकासः योग की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो0 जेपी पाण्डेय ने योग की महत्ता पर प्रकाश डाला। कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कार्य की कुशलता को योग बताया है। योग हमारी विरासत रही है। हमें अपनी जीवनशैली, खानपान को नियमबद्ध रखना होगा। इसके लिए योग सबसे जरूरी है। आज के दौर में लोग अपनी महत्वाकांक्षा के लिए अति व्यस्त है। ऐसे में तनाव से मुक्त रहने के लिए योग को अपनाना होगा। कहा कि आने वाले समय में नई तकनीकी हमारी उम्र को बढ़ा देगी। इसलिए स्वस्थ शरीर के लिए योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना जरूरी है। वित्त अधिकारी केशव सिंह ने कहा कि मानव सभ्यता के विकास में योग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। योग भारत की विरासत और धरोहर है। इन्हीं विधाओं के चलते भारत किसी समय विश्वगुरू था। कोरोनाकाल में हम सब ने आयुर्वेद और योग के महत्व को समझा। विशिष्ट अतिथि के रूप में योग में पीएचडी डॉ0 रिचा रस्तोगी ने कहा कि भारत योग की जननी रहा है।

ऑनलाइन माध्यम से अमेरिका के कैलिफोर्निया से जुड़े योग विशेषज्ञ गौरव रस्तोगी ने अमेरिका में योग को लेकर लोगों की राय बताया। ऑनलाइन माध्यम से जुड़े योग प्रशिक्षक अंशु श्रीवास्तव ने भी योग पर प्रकाश डाला।

# पूरे ज्येष्ठ माह चलने वाला भंडारा हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री श्याम मन्दिर में श्री श्याम परिवार द्वारा 13 मई से आयोजित श्री श्याम कृपा भंडारे का समापन 11 जून बुधवार को सूजी का हलवा, इमरती राबड़ी एवं फल के जूस की बोतल वितरित किया गया। महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने बताया कि रोजाना सायं 5 से 11 बजे तक चलने वाले श्री श्याम कृपा भंडारे में तीन हजार से अधिक भक्तों को बदल बदल कर प्रसाद वितरण किया। पूरे माह साढ़े दो लाख से अधिक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया, इस आयोजन को श्री श्याम परिवार के तीस सदस्य एवं संरक्षणगणों के सहयोग से आयोजित किया गया। वहीं कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि पहली बार श्री श्याम परिवार द्वारा पूरे ज्येष्ठ माह भंडारे का आयोजन किया गया।




# पुलिस ने सात वर्षीय गुमशुदा बच्चे को एक घंटे में किया सकुशल बरामद




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर,लखनऊ। सरोजनीनगर थाने पर बुधवार की दोपहर कंट्रोलरूम के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि अथर्व सिंह उम्र करीब सात वर्ष पुत्र अथर्व सिंह निवासी शिवराजपुर गढ़बारह बाजार प्रतापगढ़ हाल पतागंगानगर निकट गल्ला गोदाम थाना सरोजनीनगर लखनऊ घर से बिना बताये कही चला गया है । गौरव सिंह बार बार अपने दादा के पास प्रतापगढ़ जाने की बात कह रहा था, इस सूचना पर उच्चाधकारियों को अवगत कराते हुए त्वरित कार्यवाही करते हुये स्थानीय सरोजनीनगर पुलिस टीमें बनाकर खोजबीन करते हुए सकुशल बरामदगी हेतु क्षेत्र में दबिश की गई। कड़ी मेहनत के उपरान्त करीब एक घंटे बाद अथर्व सिंह को हाइडिल चौराहा के पास सकुशल बरामद कर थाने लेकर आया गया तथा परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस द्वारा अथर्व सिंह से पूछताछ पर बताया गया कि वह अपने घर से बिना बताये अपने दादा से मिलने प्रतापगढ़ जा रहा था। परिवारीजनों ने पुलिस की त्वरित कार्यवाही से पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा भी की गयी।

# संतों व गुरुओं ने अपनी शक्ति व सामर्थ्य से समाज का मार्गदर्शन किया: रवीन्द्र जोशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## पूज्य संतों व गुरुओं ने अपनी शक्ति व सामर्थ्य से समयानुकूल समाज का मार्गदर्शन किया

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुटुम्ब प्रबोधन आयाम के अखिल भारतीय संयोजक रवीन्द्र जोशी ने कहा कि पूज्य संतों व गुरुओं ने अपनी शक्ति व सामर्थ्य से समयानुकूल समाज का मार्गदर्शन किया। संतों ने सनातन सत्य को भिन्न-भिन्न स्थानों व समय-समय पर अपनी दृष्टि व भाषा में समाज का मार्गदर्शन किया। संतों ने कभी अमृत वचनों से शक्ति व विवेक जागृत किया तो कभी अमृत छकने से शक्ति व सामर्थ्य किया। कुटुम्ब प्रबोधन आयाम के अखिल भारतीय संयोजक रवीन्द्र जोशी बुधवार को सामाजिक सद्भाव कार्य विभाग दक्षिण भाग की ओर से किरपाल आश्रम में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। रवीन्द्र जोशी ने कहा कि वर्तमान में जैसे–जैसे समृद्धि बढ़ रही है, वैसे– वैसे संस्कृति घटती जा रही है। अपना घर समृद्धि एवं संस्कृति का एक सुन्दर संगम होना चाहिए। यही हिन्दू घर की पहचान है।

इस मौके पर विशेष अतिथि के रूप में कुटुम्ब प्रबोधन के संयुक्त क्षेत्र संयोजक ओमपाल सिंह व क्षेत्र संयोजक अशोक उपाध्याय भी उपस्थित रहे। गोष्ठी की अध्यक्षता भाग संघचालक सरदार रणबीर सिंह ने की और संचालन सामाजिक सद्भाव के भाग संयोजक धनंजय गुप्ता ने किया। गोष्ठी में धर्मक्षेत्र में समाज का मार्गदर्शन कर रहे विभिन्न संस्थानों यथा किरपाल आश्रम, राधास्वामी आश्रम, बौद्ध विहार,संत निरंकारी आश्रम, गायत्री मिशन, संत रविदास मठ , सिक्ख संगत , संत कबीर मिशन, सनातन धर्म सभा,जै गुरु देव मिशन, आर्ट ऑफ लिविंग , आर्यसमाज , पतंजलि योगपीठ,श्री रामकृष्ण मिशन, ब्रह्म कुमारी आश्रम के प्रमुख महानुभावों की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर मनमोहन भाटिया, विभाग कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख धीरज भरद्वाज, जैन शोध संस्थान के उपाध्यक्ष (प्रोफ़ेसर) डॉ. अभय जैन, इस्कॉन से अपरिमेय दास, संत रविदास, रमेश बेरी सनातन सभा, ओमप्रकाश सक्सेना गायत्री मिशन, जयगुरुदेव मिशन से पूर्व संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ मंशा राम व केवल चंद यादव, बहादुर खेड़ा गुरुद्वारा से सरदार गुरमीत सिंह, कबीर मिशन से इंजीनियर ओपी चौधरी साहब, आर्ट ऑफ लिविंग से प्रोफ़ेसर डॉ अंजलि सिंह , विमुक्त समाज के प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश निषाद व कृष्ण कुमार बौद्ध प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## ज्येष्ठ माह के अंतिम दिन विशाल भंडारे का आयोजन



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ व्यापार मंडल कार्यालय पर ज्येष्ठ माह के अंतिम दिन बुधवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह भंडारा सुमित व नदीम शेख और लखनऊ व्यापार मंडल के सहजन से प्रारंभ हुआ। इसमें लखनऊ व्यापार मंडल के समस्त पदाधिकारियो से लेकर बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## 27 जून को निकलेगी श्री जगन्नाथ रथ यात्रा

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डालीगंज स्थित श्री माधव मन्दिर में श्री जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारियां पूरे जोरों-शोरों पर हैं हिंदू पंचांग के अनुसार, हर वर्ष भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि यानि इस बार 27 जून को श्री जगन्नाथ रथ यात्रा निकलेगी। इस तिथि को भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर श्रीमंदिर से निकलकर नगर भ्रमण यात्रा करते हैं।

## चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ की हुई महत्वपूर्ण बैठक, रिक्त पदों को भरने के लिए सर्वसम्मति से लिया निर्णय

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ की महत्वपूर्ण बैठक बलरामपुर चिकित्सालय लखनऊ में अशोक कुमार प्रधान महासचिव चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों को भरने के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इसके अलावा स्थानांतरण सत्र के दौरान नीतिगत स्थानांतरण के संबंध में चर्चा की गई और यह निर्णय लिया गया कि पैरामेडिकल कर्मचारियों को भी चिकित्सकों और नर्सिंग संवर्ग की तरह सेवा काल के आधार पर स्थानांतरण की बाध्यता से मुक्त रखा जाए। वहीं चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ ने प्रमुख सचिव और महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य उत्तर प्रदेश को पत्र लिखकर निवेदन किया कि वर्तमान में भीषण गर्मी और कोविड संक्रमण की आशंका के मद्देनजर चिकित्सालयों में मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण, चिकित्सा सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों और अधिकारियों को स्थानांतरण के तनाव से मुक्त होकर अपने राजकीय कर्तव्यों का निर्वहन करने का अवसर मिलना चाहिए।

# सरकारी खामोशी की आड़ में खुलेआम उड़ रही मनरेगा की धज्जियां हुकूमत देख रही तमाशा और टीए प्रधान रच रहे हस्तियां

**सकरन में काम बिकता है और इंसाफ सोता है,जो मजदूरी का असली हकदार है वो मजदूर खड़ा रोता है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सकरन/सीतापुर। गरीबों के पसीने से सींची गई योजना अब ठेकेदारों की तिजोरी भरने का ज़िरया बन चुकी है।मनरेगा, जिसे कभी ग्रामीण भारत के जीवन की रीढ़ कहा गया था, अब सकरन क्षेत्र में भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला में तब्दील हो चुका है। यहां काम की जगह फाइलें दौड़ती हैं, मज़दूर की जगह माफिया कमाते हैं और जिम्मेदार बस आंख मूंदे देखतें है।ग्राम पंचायत पखनियापुर, मजलिसपुर, नसीरपुर व उमरा कला में मनरेगा मजदूर मास्टर रोल पर तो खूब दिख रहे पर अफ़सोस हकीकत में काम कोई नहीं पा रहे।सूत्रों की माने तो सिर्फ 10% निकासी तक ही सीमित रह गई है इन ग्रामपंचायतों की मनरेगा।

### काम बिकता है, इंसाफ सोता है, मज़दूर रोता है

मजदूरी के नाम पर नोटिशों का मज़ाक उड़ाया जा रहा है। असली हकदार खेत में बिन पैसे हाली बना घूम रहा है, और उसकी म.जदूरी किसी प्रधान या उसके रिश्तेदार के बैंक खाते में जमा हो रही है।''कई गांवों में मस्टर रोल में दर्ज हैं वे नाम जिनका गांव से कोई लेना-देना नहीं।बूढ़ी मां की पेंशन, दिव्यांग की मजदूरी और विधवा का राशन सब मनरेगा के फर्जीवाड़े में गुम हो चुके हैं।

### नोटिस या नौटंकी

जब मीडिया का कैमरा या आरटीआई की चिंगारी इस लूट की परतें उधेड़ती है, तो प्रशासन रस्म अदायगी में नोटिस थमा देता है।लेकिन आज तक कोई प्रधान जेल गया? कोई टीए सस्पेंड हुआ? उत्तर है- नहीं। क्योंकि ये 'नोटिस', भ्रष्टाचार की चादर को और मजबूती से ढकने का तरीका बन चुके हैं। उच्चाधिकारीयों के कड़े आदेशों बाद भी मनरेगा सकरन में कोई सुधार न होना शासन की मंशा के विपरीत शासन की हठ धर्मिता प्रदर्शित कर रहा।

### टीए-प्रधान की जोड़ी बनी नया ठेकेदार तंत्र

सकरन ब्लॉक की कई पंचायतों में तकनीकी सहायक (टीए) और ग्राम प्रधान की जोड़ी ने काग़ज़ों पर सड़कों, तालाबों, अंतयेष्ठी स्थलों और चहारदीवारों का 'निर्माण' कर डाला। हकीकत में ज़मीन पर मिट्टी तक नहीं हिली।अफसरों की चुप्पी की चाय-पानी में गिरी कलम ने इस गठजोड़ को 'कानूनी चादर' ओढ़ा दी है।जिसमें कुछ ब्लॉक के अधिकारियों की कलाकारी भी सामने आ रही जिन्होंने कई ठेकेदारों को पनाह व भ्रष्ट रोजगारसेवकों, टीए व ग्रामप्रधानों को संरक्षण दे रखा है। जिसके चलते क्षेत्रीय मजदूर शहरों में मजदूरी करने को विवश हो रहे।

### प्रशासन की चुप्पी में बड़ा राज

जब हर पंचायत की शिकायत फाइलों में दबी पड़ी हो, मज़दूरों की गुहार को कोई नहीं सुनता और डीपीआरओ से लेकर बीडीओ तक सिर्फ जांच के आदेशों में व्यस्त हों-तो सवाल उठता है,क्या वाकई जिम्मेदारों को कुछ नहीं पता या जानबूझकर नज़रें फ़ेर ली गई है।

### अब सवाल जनता के हैं

क्या ये मनरेगा है या 'मनमानी रोजगार गारंटी योजना'?, क्या गरीब का हक यूं ही लूटा जाता रहेगा?, क्या हर बार जांच का 'सिलसिला' सिर्फ ठंडे बस्ते में डाला जाएगा?, क्या मीडिया की खबरों के बाद ही सरकार जागेगी? ।

# माइक्रोग्रीन्स की खेती: कम जगह में पोषण और रोजगार का नया विकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अयोध्या । आधुनिक जीवनशैली और बढ़ती स्वास्थ्य सजगता के बीच माइक्रोग्रीन्स की खेती एक सुलभ, लाभकारी और पर्यावरण-संवेदनशील विकल्प के रूप में उभर रही है। यह तकनीक न केवल कम स्थान में पौष्टिक आहार उत्पादन का माध्यम है, बल्कि स्वरोजगार के नए द्वार भी खोल रही है। कृषि विश्वविद्यालय, कुमारगंज की पीएचडी तृतीय वर्ष की छात्रा अमृत वर्षिणी के अनुसार, माइक्रोग्रीन्स पौधों की वह प्रारंभिक अवस्था होती है जब उनमें दो बीजपत्तियाँ और एक सच्ची पत्ती निकलती है। इस अवस्था में ये पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं और इन्हें सिर्फ 7 से 10 दिनों में काटा जा सकता है।वर्षिणी बताती हैं कि सरसों, मूली, पालक, धनिया, मेथी, ब्रोकोली, तुलसी, चुकंदर, अमरंथ, मटर और सूरजमुखी जैसे बीजों से माइक्रोग्रीन्स आसानी से उगाए जा सकते हैं। मिट्टी, कोकोपीट या ट्रे में हल्का पानी देकर इन्हें घर की छत, बालकनी या खिड़की में भी उगाया जा सकता है। खास बात यह है कि इनकी खेती के लिए रासायनिक खाद या कीटनाशकों की आवश्यकता नहीं होती, जिससे यह पूरी तरह प्राकृतिक और सुरक्षित होती है।स्वास्थ्यवर्धक और लाभकारी व्यवसाय की ओर युवाओं का रुझानमाइक्रोग्रीन्स का सबसे बड़ा आकर्षण उनका पोषण मूल्य है। शोध बताते हैं कि इनमें परिपक्व पौधों की तुलना में 4 से 40 गुना तक अधिक पोषक तत्व होते हैं, जिनमें विटामिन सी, ई, के, बीटा-कैरोटीन, आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स शामिल हैं। ये शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं और मधुमेह, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों में भी लाभकारी सिद्ध होते हैं। स्वाद में ये कभी तीखे, कभी हल्के कड़वे या मीठे होते हैं, जिनका उपयोग सलाद, सूप, सैंडविच और हेल्दी स्नैक्स में बढ़ता जा रहा है।माइक्रोग्रीन्स की खेती में कम लागत और अधिक मुनाफा होने के कारण यह स्वरोजगार का एक सशक्त माध्यम बनती जा रही है।

# ग्राम पंचायत पेरियाकोडर में लगा भ्रष्टाचार का घुन,सरकारी धन का किया जा रहा दुरुपयोग

**विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत पेरियाकोडर में प्रधान व सचिव ने की सरकारी धन की लूट**

**नल रिबोर व नाली मरम्मत कार्यों में भारी अनियमितताएं उजागर,**

**मछरेहटा विकास खंड के ग्राम पंचायत पेरियाकोडर का मामला**

कैनविज टाइम्स संवाददात




सीतापुर । विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत पेरियाकोडर में सरकारी विकास कार्यों में भारी वित्तीय अनियमितताएं सामने आई हैं। नल रिबोर , नल मरम्मत , ग्राम पंचायत में स्वचछता पर व्यय , प्रशासनिक व्यय , तालाब में पानी भरवाई , व्हील चेयर , टाइलीकरण , सैनिटीज फॉगिंग , नाली पर पत्थर डलवाई और नाली मरम्मत जैसे बुनियादी कार्यों में भारी भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि इन कार्यों के नाम पर लाखों रुपये की सरकारी धनराशि का आपस में बंदरबांट किया गया। जबकि ग्राम पंचायतों में पेयजल और स्वच्छता को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार विकास कार्यों में तेजी लाने के हर संभव प्रयास कर रही है। ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव की मिली भगत से भारी अनियमितताएं बर्ती जा रही है। नल रिबोर और नाली मरम्मत जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में जमकर घोटाले का खेल खेला जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया की 07 मई 2024 को हैंडपम्प मरम्मत के नाम पर करीब 29250 रुपये पुनः 05 सितम्बर 2024 को हैंडपम्प मरम्मत के नाम पर करीब 39074 व 05 सितम्बर 2024 को हैंडपम्प रिबोर के नाम पर करीब 90358 रुपये यही नही 28 नवम्बर 2024 को हैंडपम्प मरम्मत के नाम पर करीब 19500 व पुनः 07 फरवरी 2025 को हैंडपम्प मरम्मत के नाम पर करीब 30766 व 11 मार्च 2025 को हैंडपम्प मरम्मत के नाम पर करीब 19952 रुपयों का भुगतान कराया गया। ग्रामीणों की माने तो हैंडपम्प मरम्मत में काफी भारी अनिमिताये बरती गयी है, जिसकी उच्च अधिकारियों द्वारा जांच करवा कर उचित कार्यवाही की जाए।

### धोखाधड़ी जैसे अपराधों में संलिप्त 2 अपराधियों के विरुद्ध हुई गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाये रखने हेतु एवं अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने तथा आपराधिक कृत्यों में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिया गया है । उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में थाना लहरपुर पुलिस द्वारा धोखाधड़ी जैसे अपराध में लिप्त 02 अपराधियों 1.शकील पुत्र सरफुद्दीन निवासी मोहल्ला नई बस्ती थाना लहरपुर सीतापुर 2.पवन सिंह उर्फ पवन कुमार उर्फ पवन सिंह तोमर पुत्र स्व0 ओम नारायण सिंह निवासी ग्राम प्रहलादपुर थाना बेवर जनपद मैनपुरी व हालपता बी-15 मौलाना चाल सहार जनता कालोनी टोनी कम्पाउंड विलेपार्ले ईस्ट मुम्बई नवी मुम्बई महाराष्ट्र के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी है। अभियुक्तगण शातिर एवं अभ्यस्त किस्म के अपराधी हैं।

# जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**छायादार एवं फलदार वृक्षों हेतु स्थानों का कर लिया जाये चयन : जिलाधिकारी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि वृक्षारोपण अभियान 2025 के अंतर्गत पौधरोपण हेतु निर्धारित लक्ष्य के अनुसार सभी विभाग गड्ढे खुदान की सूचना समय से प्रेषित कराएं तथा निर्धारित पोर्टल पर भी सूचना फीड कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि चयनित स्थलों पर पौधों की आपूर्ति हेतु नर्सरी एवं रोपित किए जाने वाले पौधों की प्रजाति की सूचना भी प्रेषित की जाय। सरायन, गोमती, मंदाकिनी आदि नदियों के किनारे, नदियों से जुड़ने वाले नाले एवं निकटवर्ती तालाबों की भूमि पर व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्ययोजना में प्रजातियों का भी उल्लेख करते हुये छायादार एवं फलदार वृक्षों हेतु स्थानों का चयन कर लिया जाये। कार्ययोजना के अनुसार निर्धारित समयावधि में समस्त कार्य पूर्ण करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि जिन विभागों द्वारा अभी वांछित सूचनाएं प्रेषित नहीं की गयी हैं, वह तत्काल सूचनाएं उपलब्ध कराएं।

### एक पेड़ मां के नाम

2.0 की थीम पर बेसिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों को इस अभियान से जोड़े जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। गो आश्रय स्थलों में गोपाल वन की स्थापना हेतु सूचना प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ग्राम वन, शक्ति वन, मियावाकी, अटल वन आदि की स्थापना हेतु भी आवश्यक निर्देश दिए। लक्ष्य के अनुरूप सहजन के वृक्ष भी रोपित किए जाने हेतु भी जिलाधिकारी ने निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने सभी नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर प्रभावी नियंत्रण हेतु टीम बनाते हुए इसकी जांच करायी जाये। बैठक के दौरान प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी नवीन खंडेलवाल ने वृक्षारोपण अभियान 2025 के संबंध में विभागवार सूचनाओं का विवरण प्रस्तुत किया तथा रोपित किये जाने वाले पौधों की सिंचाई एवं उचित देखरेख हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक प्रबंध किये जाने की सभी से अपेक्षा भी की। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह सहित समितियों के सदस्य तथा सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्व. चन्द्रशेखर यादव स्मृति में जूनियर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**संपन्न रामपुर भुजंग खेल मैदान में 8 टीमों ने लिया हिस्सा, डिकोली ने जीता खिताब**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। ब्लाक पहला रामपुर भुजंग के खेल मैदान में स्वर्गीय चन्द्रशेखर यादव की स्मृति में पहली जूनियर क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने भाग लिया, जिसमें 18 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया।आयोजक रंजीत यादव (रिशू) ने बताया कि सभी मुकाबले 8-8 ओवर के खेले गए और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रतियोगिता को सफल बनाया। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे आयोजन भविष्य में भी जारी रहेंगे ताकि बच्चों में खेल के प्रति रुचि बनी रहे और उनका मानसिक व शारीरिक विकास हो सके।प्रतियोगिता में विशेष सहयोग दे रहे अखिल सिंह ने कहा, ''खेल बच्चों की संज्ञानात्मक क्षमताओं को विकसित करने के साथ-साथ आत्म-सम्मान व सामाजिक कौशल को भी बढ़ावा देते हैं। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच मिलता है।''मैचों का संक्षिप्त विवरणःपहला मुकाबलाः डिकोली ने बेहमा को 9 विकेट से हरायादूसरा मुकाबलाः बनेहरा ने रामपुर भुजंग टीम को पराजित कियातीसरा मुकाबलाः सुरजनपुर ने रामपुर की दूसरी टीम को हरायाचौथा मुकाबलाः बनेहरा ने चकभगवन्तपुर को मात दीफाइनल मुकाबलाः डिकोली बनाम बनेहरा – जिसमें डिकोली ने शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज की प्रतियोगिता के दौरान क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण दर्शक मौजूद रहे और युवाओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मोनू सिंह, अमरीश यादव, रजनीश, सतीश रावत, दीपक, संतोष, सचिन, राहुल, छोटू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जाति पाति पंथ को मानने वाला व्यक्ति कबीर साहब को समझ नहीं पायेगा: संत परीक्षा साहेब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अयोध्या। हर वर्ष की भांति इस भांति ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा पर सद्गुरु कबीर साहब की 627वीं जयंती कबीर मठ जियनपुर मोहबरा बाजार, अयोध्याधाम में धूमधाम से मनाई गई। समारोह की अध्यक्षता करते हुए संत परीक्षा साहेब ने कहा कि कबीर ज्ञान, नाम, आचार्य के अद्भुत अनोखे महापुरुष थे। जाति, पाति, धर्म, पंथ को मानने वाला व्यक्ति कबीर साहब को कभी समझ नहीं पायेगा। हिंदू,जैन, बौद्ध, ईसाई, मुस्लिम धर्म नहीं पंथ है। जो किसी व्यक्ति के द्वारा बनाया गया है। जो चेतना के द्वारा सत्य और असत्य का का परख करता हो वह धर्म है। सद्गुरु कबीर ने समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। वर्तमान समय में भी कबीर दास ने जो कहा वह आज सत्य हो रहा है।मुख्य अतिथि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि सद्गुरु कबीर दास समाज सुधारक थे। उनकी भक्ति निर्गुण निराकार की भक्ति है। जो हमारे आत्मा में बसा है। इसी भक्ति का नाम आध्यात्म है। कबीर दास का जन्म हिन्दू या मुस्लिम में हुआ यह चर्चा का विषय नही है। बल्कि उनके विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। कबीर दास का जन्म भक्ति काल में हुआ।उसी समय जगतगुरु रामानंदाचार्य महाराज ने कहा था जाति पाति पूछय न कोई, हरि को भजैय सो हरि का होई। विश्व कबीर विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष संत उमाशंकर दास ने कहा कि सद्गुरु कबीर मानव एकता के पैरोकार थे। उन्होंने भ्रम जाल से मुक्ति पाने का संदेश दिया। उत्तर प्रदेश में कबीर पंथियों की 60 प्रतिशत आबादी है। जो लगभग 22 करोड़ होती है। कबीर पंथ के साधु संत अपनी भागीदारी को लेकर एकजुट होने की बात कर रहे हैं।समारोह का संचालन सरल दास ने किया। कार्यक्रम का संयोजन धर्म प्रकाश दास, अचिन्त दास, दुःखशमन दास द्वारा किया गया। इससे पहले जयंती समारोह का शुभारंभ बीजक पाठ से हुआ। कार्यक्रम में संत निहाल साहेब, बनवारी पति ब्रह्मचारी, संत निर्मल साहेब बिहार, संत विकास साहेब कौशांबी, संत राम साहेब कौशांबी, संत विचार साहेब, संत प्रकाश साहब, संत विनय शरण साहेब, संत विवेक ब्रह्मचारी, महंत रामेश्वर दास समते अन्य लोग शामिल रहे।

### पसगवां में अवैध तमंचा व कारतूस के एक गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी के कुशल मार्गदर्शन में एवं थानाध्यक्ष पसगवां के नेतृत्व में थाना पसगवां पुलिस द्वारा अभियुक्त सुदर्शन उर्फ लल्ला पुत्र घसीटे निवासी ग्राम ढकिया जाट थाना मितौली जनपद खीरी को मुखबिर की सूचना के आधार पर गोविन्दापुर नहर के किनारे वहद ग्राम गोविन्दापुर थाना पसगंवा जनपद खीरी से 01 अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त सुदर्शन उर्फ लल्ला उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 224/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त का सुदर्शन उर्फ लल्ला पुत्र घसीटे निवासी ग्राम ढकिया जाट थाना मितौली जनपद खीरी गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 राहुल सिंघल चौकी प्रभारी जेबीगंज थाना पसगवां जनपद खीरी हे0का0 सुधीश थाना पसगवां जनपद खीरी का0 भूपेन्द्र थाना पसगवां जनपद खीरी का0 अंकित हुड्डा शामिल थे।

### पक्षियों के लिए पानी के हौदे और दाने की व्यवस्था करना हम सभी की जिम्मेदारी: एसडीएम राजीव निगम



**निघासन-खीरी।** ज्येष्ठ के बड़े मंगल के उपलक्ष्य में चारों ओर भक्त गण भंडारे और भक्तिभाव में लीन थे लेकिन इतनी भीषण गर्मी ने सभी का बुरा हाल कर रखा है जिसको देखते हुए एसडीएम राजीव निगम ने मंगलवार को पंछियों के लिए तहसील परिसर में दाना और पानी की व्यवस्था की और आमजनमनास से अपील किया की अपने घरों की छतों पर भी पक्षियों के लिए दाना और पानी जरूर रखें।एसडीएम राजीव निगम ने बताया कि हम सभी को पशु पक्षियों को बचाने के लिए पहल करने की आवश्यकता है ताकि पशु पक्षियों को बचाया जा सकें पर्यावरण संतुलन के लिए सभी जीव जंतु का रहना आवश्यक है बेजुबानों की मदद जरूर करें इस दौरान अधिवक्ता गण,पत्रकार बंधु और तहसील स्टॉफ मौजूद रहा। एसडीएम की इस पहल से आमजनमनास व तहसील स्टॉफ ने सराहना की।

# सीडीओ की संवेदनशील पहल बनी संबल : दिवंगत पीओ डूडा के परिवार को मिली 5 लाख की मदद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। कर्तव्यपथ पर प्राण न्योछावर करने वाले अधिकारी को श्रद्धांजलि देने का सबसे श्रेष्ठ तरीका है। उसके परिवार के आंसुओं को संबल में बदलना। कुछ ऐसा ही अनुकरणीय उदाहरण लखीमपुर खीरी के मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने पेश किया।हाल ही में सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए परियोजना अधिकारी डूडा, डॉ. अजय कुमार सिंह के निधन से पूरा जिला शोकाकुल था। लेकिन इस दुख की घड़ी में सीडीओ अभिषेक कुमार ने संवेदनशीलता और नेतृत्व का परिचय देते हुए एक अभिनव मानवीय पहल शुरू की।सीडीओ अभिषेक कुमार के आह्वाहन पर जनपद के सरकारी अधिकारी-कर्मचारी आगे आए और स्वेच्छा से सहयोग किया, जिससे देखते ही देखते ?5 लाख की राशि इकट्ठा हो गई। यह संपूर्ण धनराशि दिवंगत अधिकारी की पत्नी के बैंक खाते में स्थानांतरित कर दी गई। कागजात भी सौंपे, भविष्य की मदद का आश्वासन सिर्फ आर्थिक सहायता ही नहीं, सीडीओ ने मृत्यु प्रमाण पत्र, पोस्टमार्टम रिपोर्ट सहित सभी आवश्यक दस्तावेजों की त्वरित व्यवस्था कर दिवंगत अधिकारी के परिवार को सौंपे। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रशासन परिवार के साथ हर परिस्थिति में खड़ा रहेगा।

### मैलानी पुलिस अभियुक्तों गिरफ्तार

लखीमपुर। जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्गदर्शन में एवं थानाध्यक्ष मैलानी के नेतृत्व में आज दिनांक-11.06.2025 को थाना मैलानी पुलिस द्वारा 02 नफर वारन्टी अभियुक्तगण 1.उपदेश सिंह पुत्र प्रकाश सिंह नि0 मोहरेना थाना मैलानी जनपद खीरी 2.गजराज सिंह पुत्र प्रकाश सिंह नि0 मोहरेना थाना मैलानी जनपद खीरी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय भेजा गया

# निघासन क्षेत्र के ग्राम खैरहनी में हुई चार चोरियों का खुलासा, नाबालिक समेत 4 चोरों को गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी । पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद स्तर पर चलाये जा रहे वारण्टी वाछिंत चोरी की घटनाओं में शामिल अज्ञात अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी निघासन महक शर्मा के पर्यवेक्षण में एवं प्र0नि0 थाना निघासन महेश चन्द्र के कुशल मार्गदर्शन में निघासन पुलिस बल द्वारा चोरी की घटना में शामिल प्रकाश में आये अभियुक्तगण अरून कुमार पुत्र अखिलेश कुमार . दिलेराम पुत्र मुन्नालाल ओमवीर पुत्र मुनेश अक्षय पुत्र मेलाराम उम्र निवासीगण ग्राम खैरहनी थाना निघासन खीरी बाल अपचारी मालिकराम पुत्र रामू निवासी ग्राम खैरहनी थाना निघासन जनपद खीरी को ग्राम खैरहनी से दौलतापुर जाने वाली सड़क के पास स्थित बगीचे से हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से थाना निघासन पर पंजीकृत मु0अ0सं0 266/2024 धारा 305, 317(2) उगट्ट* से सम्बन्धित माल एक अदद कर्धनी सफ़ेद धातु, एक जोड़ी पायजेव सफ़ेद धातु, एक जोड़ी पायल सफ़ेद धातु, एक अदद चेन सफ़ेद धातु, चार अदद सिक्के सफ़ेद धातु, एक मटर माला जिसकी लाकेट पीली धातु एक जोड़ी कान का टप्स पीली धातु, एक जोड़ी कुन्डल पीली धातु व 9750 रूपये नगद की बरामदगी तथा मु0अ0सं0 152/25 धारा 305इ, 317(2) उगट्ट* से सम्बन्धित माल एक अदद मंगल सूत्र सफ़ेद धातु, दो जोड़ी पायल सफ़ेद धातु, एक अदद मटर माला जिसकी लाकेट पीली धातु, एक जोड़ी कान का झुमका पीली धातु, एक अदद नथुनी पीली धातु, दो अदद नथ पीली धातु, एक अद्द लाकेट सफ़ेद धातु, एक अद्द कुण्डल सफ़ेद धातु व नकद 13450 रूपये नगद की बरामदगी तथा मु0अ0सं0 153/25 धारा 305इ, 317(2) उगट्ट* से सम्बन्धित माल एक अदद कर्धनी सफ़ेद धातु, एक अद्द चैन सफ़ेद धातु, एक अद्द अंगूठी पीली धातु, एक जोड़ी कान का टप्स पीली धातु, एक अद्द नथ पीली धातु व नगद 11800 रूपये नगद की बरामदगी एवं मु0अ0सं0 127/25 धारा 305, 317(2) उगट्ट* से सम्बन्धित 14,500 रूपये नगद की बरामदगी हुई है। अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध नियमानुसार के आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है ।गौरतलव है कि अभियुक्तगण द्वारा थाना क्षेत्र में अलग अलग तिथियों में चोरियां की गई थी। ग्राम खैरहनी में दिनांक 06.07.2024 को वादी हरद्वारी लाल पाण्डेय पुत्र स्व0 रामानन्द पाण्डेय के यहाँ चोरी हुई थी जिस सम्बन्ध में थाना निघासन पर मु0अ0सं0 266/2024 धारा 305 उगट्ट बनाम अज्ञात पंजीकृत था दिनांक 17/18.05.2025 की रात्रि ग्राम हरिपुरवा में वादी अंजनी कुमार पुत्र सेवक राम के यहाँ चोरी हुई थी।

### गोला, फरधान रेलवे क्रासिंग पर सेतु निर्माण, 30 जून तक आवागमन बंद

**लखीमपुर खीरी ।** वर्तमान में संख्या-730 पर स्थित गोला एवं फरधान रेलवे क्रासिंग पर सेतु का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, कार्य को कराये जाने हेतु वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से 12 जून 2025 को प्रातः 08:00 बजे से 30 जून 2025 की मध्य रात्रि तक बंद किया जा रहा है। यह जानकारी अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय खंड शुभ नारायण ने दी।इस दौरान वाहनों के रूट डायवर्जन का विवरण इस प्रकार से है। समस्त वाहन, जो बहराइच - नानपारा से पीलीभीत-बरेली की ओर आने-जाने वालेवाहनों को जिला लखीमपुर-खीरी के गक्र-730 पर स्थित मनिकापुर तिराहे से होते हुये ख्रक्ट-86 (लखीमपुरऽमोहम्मदी मार्ग) से सिकंदराबाद चौराहे से होते हुये ख्रक्ट-76 (सिकंदराबाद-गोला मार्ग)की ओर मोड़ा जायेगा, जहाँ से वाहन गक्र-730 गोला पर निकलेंगे ।

### मजिस्ट्रीयल जांच के आदेश

**सीतापुर ।** उप जिला मजिस्ट्रेट महोली ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि दिनांक-09.02.2025 को अनुबन्धित बस, मुरादाबाद क्षेत्र पीतलनगरी डिपो संख्या यू0पी0 78 जे0टी0 7410 से मैगलगंज बाईपास पर खालसा फैजी फ़ेमिली ढाबा के पास थाना पिसावां जनपद सीतापुर पर दुर्घटना में धर्मेन्द्र पुत्र लाल जी चौधरी, निवासी रपाटोला, थाना ठकराहा, जिला पश्चिमी चम्पारन बिहार की मृत्यु हो गयी थी। उक्त प्रकरण की मजिस्ट्रीयल जांच मेरे द्वारा की जा रही है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को कुछ कहना हो या कोई साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहे तो वह दिनांक-18.06.2025 को या इसके पूर्व किसी भी कार्यदिवस में उपस्थित होकर अपना साक्ष्य दे सकता है।

# 'हम लोडर नहीं, लीडर बनाना चाहते हैं' : ओम प्रकाश राजभर

### आजमगढ़ में वंचित शोषित युवा जागरूकता महारैली में ओमप्रकाश राजभर का तीखा हमला

### माल के बंटवारे को लेकर जौनपुर में महेंद्र राजभर पर हुआ हमला, आजमगढ़ की सभी 10 विधानसभा सीटों पर मेरी नजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जिले के अतरौलिया में बुधवार को पटेल मेमोरियल इंटर कॉलेज के मैदान में भागीदारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद प्रजापति की अध्यक्षता में वंचित शोषित युवा जागरूकता महारैली का आयोजन किया गया। इस रैली में बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कबीना मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने विशाल जनसमूह को संबोधित किया। अपने ओजस्वी भाषण में राजभर ने कहा,''भागीदारी पार्टी वंचित और शोषित युवाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रही है। जिस दिन यह युवा वर्ग अपने हक के लिए खड़ा हो गया, परिवर्तन निश्चित है।'' उन्होंने कहा कि आज युवाओं का रुझान तेजी से पार्टी की ओर बढ़ रहा है और भागीदारी पार्टी उत्तर प्रदेश के लिए एक मजबूत विकल्प बनती जा रही है।मीडिया से बातचीत में उन्होंने कई अहम मुद्दों पर खुलकर बयान दिए। उन्होंने कहा, ''हम गुलाम को गुलामी का एहसास कराते हैं, लोडर नहीं, लीडर बनाना चाहते हैं।'' उन्होंने यह भी कहा कि समाज में असली नेतृत्व तभी उभरेगा जब आम लोग हक की लड़ाई लड़ेंगे। राजभर ने भारतीय राजनीति की विफलताओं की आलोचना करते हुए कहा कि ''कांग्रेस, सपा और बसपा ने महाराजा सुहेलदेव जैसे राष्ट्रनायकों को भुला दिया।'' उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने इतिहास को पुनर्जीवित किया । बहराइच में प्रधानमंत्री द्वारा शिलान्यास और मुख्यमंत्री द्वारा मूर्ति का लोकार्पण इस बात का प्रमाण है। जौनपुर में सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र राजभर पर हमले को लेकर उन्होंने बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि, ''यह हमला माल के बंटवारे को लेकर हुआ है। अखिलेश यादव हमारी पार्टी को कमजोर करने की साजिश कर रहे हैं।'' उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी ने उनके कुछ नेताओं को लालच देकर तोड़ने की कोशिश की थी। माल बंटवारे में उचित हिस्सा नहीं मिलने से महेंद्र राजभर पर हमला हुआ।ओमप्रकाश राजभर ने सपा सांसद धर्मेंद्र यादव पर भी निशाना साधते हुए कहा कि, ''क्या आज़मगढ़ में कोई और यादव नेता नहीं है जो चुनाव लड़ सके? केवल आप ही सैफई से आकर बार-बार चुनाव लड़ते हैं ,क्या बाकी यादव सब गुलाम हैं?'' विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए राजभर ने कहा कि, ''भगवान राम का मंदिर बन रहा है, महाराजा सुहेलदेव की मूर्ति का अनावरण हुआ, गरीबों के लिए आयुष्मान कार्ड बन रहे हैं और विपक्ष इन सबका विरोध कर रहा है। लगता है जैसे वे पाकिस्तान का पानी पी लिए हैं।'' अंत में उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि, ''आजमगढ़ की सभी 10 विधानसभा सीटों पर मेरी नजर है। हम समाज के अंतिम व्यक्ति को हक दिलाकर रहेंगे।''

## जानलेवा हमला मामले में चार गिरफ्तार, औजार बरामद

प्रयागराज । सरायममरेज थाने की पुलिस टीम ने गत दिनों हुए जानलेवा हमला मामले में फरार 4 लोगों को वारी अमृत सरोवर के पास से बुधवार को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम आरोपितों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त औजार सरिया एवं डण्डा बरामद किया है।अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर पुष्कर वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में सरायममरेज के चतुर पट्टी गांव निवासी अमन कुमार उर्फ लल्लू पुत्र दीपक कुमार, हजारी लाल पुत्र स्वर्गीय मोहन लाल, प्रेम शंकर उर्फ पुरीं पुत्र छोटे लाल, संदीप कुमार पुत्र रमाकान्त है। पुलिस टीम ने आरोपितों की निशानदेही घटना में प्रयुक्त बांस का डण्डा, 1 लोहे की सरिया, 1 लोहे का पाइप एवं कुल्हाड़ी बरामद किया है।उल्लेखनीय है कि 18 मई को थाना सरायममरेज क्षेत्र के हरीपुर उर्फ मिश्रपुर गांव में उपरोक्त अभियुक्तों ने रास्ते के विवाद को लेकर वादिनी के घर में घुस कर परिवारजनों के साथ लाठी-डण्डों आदि से मार-पीट की थी। उसमें राहुल पाठक पुत्र माता प्रसाद पाठक व गोपाल दुबे पुत्र स्वर्गीय मनोज दुबे को गम्भीर चोटें आयी थीं। इस संबंध में मुकदमा दर्ज करके पुलिस ने विधिक कार्यवाही की थी।

## 128 वीं जन्म जयंती पर याद किए गए काकोरी घटना के महानायक पंडित राम प्रसाद बिस्मिल



गोरखपुर । अखिल भारतीय क्रांतिकारी सम्मान संघर्ष मोर्चा एवं गुरुकृपा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मां भारती के अमर सपूत काकोरी घटना के महानायक पंडित राम प्रसाद बिस्मिल के 128 वीं जन्म जयंती 11 जून के अवसर पर गोरखपुर जेल स्थित उनके बलिदान स्थली पर जेल परिसर में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें कृतज्ञ राष्ट्र द्वारा शिद्दत से नमन किया गया।अखिल भारतीय क्रांतिकारी सम्मान संघर्ष मोर्चा के महानगर अध्यक्ष मनीष जैन के नेतृत्व में भारी तादाद में शहर वासियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और बलिदान स्थली पर पुष्पांजलि अर्पित किया।जन्म जयंती के अवसर पर महानगर के विभिन्न प्रमुख चौराहों पर कट आउट और होर्डिंग लगाया गया। अखिल भारतीय क्रांतिकारी सम्मान संघर्ष मोर्चा संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन में अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले क्रांतिकारी पंडित रामप्रसाद बिस्मिल के बलिदान को गोरखपुर समेत पूर्वांचल में क्रांतिवीरों की गाथा को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। ध्यातव्य है कि विगत 15 वर्षों से बलिदानियों का मेला लगाकर शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले वतन पर मरने वाले का यही बाकी निशा होगा की कहावत को सार्थक बनाने का कार्य किया जा रहा है।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पिंटू अग्रहरी, कौशल अग्रहरी, प्रवीण, श्रीवास्तब, संतोष अग्रहरी, सरवन कुमार निषाद, गोपाल चौधरी, अमन, संभु सिंह विशेन, सहित समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अयोध्या में धूमधाम से मनाया गया मां सरयू का अवतरण दिवस

अयोध्या । पवित्र नगरी अयोध्या में बुधवार को मां सरयू का धरा अवतरण दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री 13 वां सरयू जयंती महोत्सव का भी भव्य समापन हुआ। श्री श्री आञ्जनेय सेवा संस्थान ने सरयू तट को फूलों से आकर्षक रूप से सजाया, जहां 5151 दीपों के साथ महाआरती का आयोजन हुआ। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने मां सरयू की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर सुबह से ही अयोध्या में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। देश के कोने-कोने से आए भक्तों ने मां सरयू में स्नान कर दान-पुण्य किया। इसके बाद हनुमानगढ़ी और श्री राम मंदिर में दर्शन-पूजन का सिलसिला दिनभर चलता रहा। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था, जो मां सरयू के प्रति अपनी अटूट आस्था और भक्ति के साथ इस पवित्र अवसर का हिस्सा बने। शाम के समय सरयू तट पर आयोजित कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। भव्य झांकी सजाई गई, जिसमें मां सरयू के अवतरण की कथा को दर्शाया गया। 5151 दीपों से सजी महाआरती ने तट को प्रकाशमय कर दिया। भक्ति भजनों और मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने मां सरयू की आराधना की। उसकी के साथ सवा कुंटल दूध से मां सरयू का महा अभिषेक किया गया। इस दौरान स्थानीय लोग और पर्यटक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे, जिन्होंने इस आध्यात्मिक आयोजन की भव्यता की सराहना की। उन्होंने मां सरयू के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि जन्मोत्सव के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

# बीजेपी महानगर अध्यक्ष का हार्ट अटैक से निधन, सीएम योगी ने जताया दुःख

### बीजेपी महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव का बुधवार सुबह हार्ट अटैक से निधन हो गया, कार्यकर्ताओं में शोक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। भाजपा के गोरखपुर महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव (51) का बुधवार सुबह हार्ट अटैक से निधन हो गया। करीब 3 महीने पहले देवेश श्रीवास्तव को भाजपा संगठन ने महानगर अध्यक्ष नियुक्त किया था. उनके निधन से गोरखपुर भाजपा कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई है। पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने उनके आवास पहुंचे. स्थानीय नेताओं ने उनके निधन को पार्टी, परिवार और समाज की बड़ी क्षति बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी देवेश श्रीवास्तव के निधन पर दुःख व्यक्त किया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी शोक संवेदना जताई है।देवेश श्रीवास्तव के पिता उमेश चंद्र श्रीवास्तव भी बीजेपी महानगर के अध्यक्ष रह चुके हैं, वे जाने-माने अधिवक्ता भी थे। देवेश श्रीवास्तव बीजेपी में पिछले 25 वर्षों से सक्रिय थे। ग्रेजुएशन के बाद देवेश अपने पिता से भाजपा संगठन की बारीकियों को सीखने और संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ता के रूप में काम करते आ रहे थे। पार्टी के लिए बेहतर कार्य करते हुए महानगर में मंत्री, दो बार महामंत्री, उपाध्यक्ष रहे। पार्टी नेतृत्व ने उन्हें महानगर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी थी।परिवार में पत्नी और बेटीःअभी वे अपनी टीम और संगठन का विस्तार कर ही रहे थे कि बुधवार सुबह उनका निधन हो गया द्य देवेश श्रीवास्तव के परिवार में उनकी पत्नी, एक बेटी और भाई मौजूद हैं। उनका निवास शहर के दुर्गाबाड़ी चौक से कुछ ही दूरी पर स्थित अंधियारी बाग चौराहे पर है।

# ई-ऑफिस प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू किया जाए : सीडीओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी ने जनपद में ई-ऑफिस प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू किये जाने के सम्बन्ध में विकास भवन में स्थित समस्त विभागों के विभागाध्यक्षों और संबंधित पटल प्रभारियों के साथ विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक की। सीडीओ ने सभी विभागाध्यक्षों एवं पटल प्रभारियों को ईऽऑफिस से संबंधित समस्त कार्यवाहियों को आगामी चार दिवसों में अनिवार्य रूप से पूरा करते हुए अपनेऽअपने विभाग/पटल से समस्त पत्रावलियों का परिचालन ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही किये जाने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली का संचालन शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में सम्मिलित है, इसको शुरू करने का मुख्य उद्देश्य कागजों की बचत के साथ ही शासकीय कार्यों को गति प्रदान करना है। इसमें किसी भी समय निर्धारित दस्तावेज को खोलकर देखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि ईऽऑफिस प्रणाली के संचालन के स्थिति की शासन स्तर से भी नियमित समीक्षा की जा रही है। सभी विभागाध्यक्ष एवं पटल प्रभारी इस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन को गंभीरता से लें और समयबद्ध रूप से इसमें कार्यवाही सुनिश्चित करें। किसी भी पटल पर कोई भी प्रकरण लम्बित न रहे सभी प्रकरणों का नियमानुसार समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को ईऽऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन एवं संचालन की स्वयं भी पूर्ण जानकारी रखने और अपने-अपने विभाग से संबंधित पटलों की नियमित स्वयं भी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।बैठक में जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा ने समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को ईऽऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन का विस्तृत जानकारी दी।

# अंबेडकर प्रतिमा तोड़े जाने से भारी आक्रोश, ग्रामीणों ने जाम की सड़क

### ग्रामीणों ने प्रतिमा स्थल पर की सीसीटीवी कैमरे, बाउंड्री और सुरक्षा गेट लगाने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जनपद के रौनापार थाना क्षेत्र के बीबीपुर भीमबर गांव में मंगलवार रात अज्ञात अराजक तत्वों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को तोड़ दिया। बुधवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। नाराज ग्रामीणों ने भीमबर बाजार-गोसाई मार्ग को जाम कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने प्रतिमा स्थल पर सीसीटीवी कैमरे, बाउंड्री और सुरक्षा गेट की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी।सूचना मिलते ही रौनापार थानाध्यक्ष अनुपम जायसवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण वरिष्ठ अधिकारियों को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सगड़ी तहसीलदार विवेकानंद दुबे मौके पर पहुंचे। बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार और गोपालपुर विधानसभा अध्यक्ष अवनीश धर्मदर्शी ने भी ग्रामीणों की मांगों को प्रशासन के सामने रखा। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया गया था। तहसीलदार ने ग्राम प्रधान को तत्काल सीसीटीवी और गेट लगवाने का निर्देश दिया। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए और करीब दो घंटे बाद जाम समाप्त किया। नई प्रतिमा मंगवाकर स्थापना की तैयारी शुरू हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## फॉल्ट की सूचना पर तुरंत पहुंचेगी सीढ़ी युक्त बाइक, बिजली विभाग होगा हाईटेक

बरेली । भीषण गर्मी में लगातार आ रहे बिजली फॉल्ट की समस्याओं को देखते हुए विद्युत विभाग अब हाईटेक व्यवस्था की ओर कदम बढ़ा रहा है। विद्युत वितरण प्रथम के मुख्य अभियंता ई. ज्ञान प्रकाश ने एक नई योजना तैयार की है, जिसके तहत अब फॉल्ट की सूचना मिलते ही सीढ़ी से लैस दो पहिया वाहन मौके पर पहुंचकर तुरंत बिजली सुधार कार्य करेंगे। इस योजना का उद्देश्य यह है कि उपभोक्ताओं को बिजली कटौती से जल्द राहत मिल सके और तकनीकी टीम बिना किसी देरी के कार्यस्थल तक पहुंचे। अब उपभोक्ताओं को केवल फोन कर सूचना देनी होगी और तकनीकी टीम आधुनिक उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचेगी। इस व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बिजली विभाग का दावा है कि इस पहल से फॉल्ट निवारण की प्रक्रिया तेज होगी और शहरवासियों को राहत मिलेगी। जल्द ही यह योजना जनहित में लागू की जाएगी। गर्मी के इस मौसम में यह व्यवस्था बड़ी राहत बन सकती है।

# उद्यान मंत्री ने विकसित कृषि संकल्प अभियान में प्रतिभाग कर किसानों को वितरित किया स्वास्थ्य कार्ड

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत मंगलवार को विकास खंड सरेनी में देवपुर एवं विकास खंड खीरों में सेमरी ग्राम में माननीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान, कृषि विपणन कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात उत्तर प्रदेश सरकार दिनेश प्रताप सिंह द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बीजेपी बुद्धिलाल पासी तथा अन्य कई जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर उद्यान मंत्री द्वारा प्रत्येक कार्यक्रम में 10 किसानों को ज्वार, तिल, उरद, कोदो के निःशुल्क मिनीकिट,5 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, 2 एफपीओ को ट्रैक्टर की चाभी , दो किसानों को सोलर फोटोवोल्टिक इरिगेशन पंप के स्वीकृत पत्र वितरित किए। उन्होंने ने कहा कि सरकार खुद किसानों के द्वार पहुंच रही है, किसानों की भी जिम्मेदारी है कि योजनाओं से जागरूक हों और योजनाओं का लाभ लें। कृषि वैज्ञानिक भी इन कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं तथा खेती की नवीनतम जानकारी दे रहे हैं अतः उनके साथ संवाद करें। ऐसा पहली बार हो रहा है कि देश स्तर के कृषि वैज्ञानिक गण किसानों के खेतों एवं इन कार्यक्रमों में पहुंच रहें हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार का उद्देश्य है कि कार्यक्रमों को लैब टू लैंड लागू किया जाय ताकि जमीनी स्तर की वास्तविकता ज्ञात हो सके और योजनाओं को ग्राम स्तर तक लागू करने में मदद मिल सके।आज कृषि की विकास दर बढ़ रही है तथा किसानों की आमदनी भी बढ़ रही है। किसानों को विविधीकरण भी अपनाना होगा। इसी प्रदेश में तमाम सारे किसान ऐसे हैं जिन्होंने विविधीकरण अपना कर एक एकड़ खेत की मदद से 10 लाख से लेकर 20 लाख रुपए तक आमदनी कर रहे हैं। हमारे जनपद के भी किसान ऐसा कर सकते हैं। शिमला मिर्च ,मिर्च स्ट्रॉबेरी , केला की खेती कर किसान भाई इसको पूरा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि योजनाओं की जानकारी होगी तभी किसान लाभ ले पाएगा और अपनी खेती को उन्नतशील बना पाएगा।

वही उपकृषि निदेशक विनोद कुमार द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं कार्यक्रम का विवरण प्रस्तुत किया गया।

# कर एवं करेत्तर तथा राजस्व कार्यों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

### समस्त उपजिलाधिकारी लक्ष्य के सापेक्ष आरसी की वसूली करायें: डीएम

### आइजीआरएस पोर्टल पर कोई भी प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में नहीं जाना चाहिए: डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में कर एवं करेत्तर तथा राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने जीएसटी एवं विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि विद्युत के बकायदाओं की सूची लेकर आपस में समन्वय स्थापित कर एक माह के अंदर विद्युत वसूली करते हुए राजस्व में वृद्धि सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग को निर्देश दिया कि जनपद से बाहर जाने एवं जनपद के अंदर आने वाले ट्रैकों एवं बसों की प्रॉपर चेकिंग कर राजस्व वसूली बढ़ायें। उन्होंने खनन अधिकारी को निर्देश दिया कि रोस्टर बनाकर प्रत्येक तहसीलों में जाकर एसडीएम से समन्वय स्थापित करते हुए प्रवर्तन कार्रवाई करें एवं राजस्व वसूली सुनिश्चित करें। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वि0/रा0/ नोडल अधिकारी खनन विभाग को निर्देश दिया कि दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराएं। आरसी वसूली में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष वसूली सुनिश्चित करें। रियल टाइम खतौनी की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित एसडीएम को निर्देश दिया की सबसे अधिक लंबित वाले ग्रामों में अभियान चलाकर रियल टाइम खतौनी के प्रकरणों का निस्तारण करें। उन्होंने एसडीएम को सभी लेखपालों के साथ बैठक कर लंबित प्रकरणों का निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि एग्री स्टॉक सर्वेयर हेतु लेखपालों एवं पंचायत सहायकों को नामित कर उनका प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करें। नहरों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शत प्रतिशत नहरो की सिल्ट सफाई सुनिश्चित करें एवं नहरों के टेल तक पानी पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र के नहरों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। आईजीआरएस की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी दशा में प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में नहीं होना चाहिए। उन्होने कहा कि यदि एक ही प्रकरण की शितायक बार-बार आ रही है, तो उसकी समीक्षा करें तथा यदि शिकायतकर्ता द्वारा बार-बार गलत शिकायत की जाती है तो शिकायतकर्ता के भी विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि पट्टा से संबंधित आईजीआरएस पर आए आवेदन को प्रमुखता से लें तथा पात्र व्यक्तियों को पट्टा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री के प्रकरणों को सीएससी के माध्यम से निस्तारित कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस ग्राम की फार्मर रजिस्ट्री 50 प्रतिशत से कम है, उस ग्राम के प्रधानों के माध्यम से सीएससी पर पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। तहसील फूलपुर में धारा 24 के प्रकरणों के निस्तारण में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने मुख्य राजस्व अधिकारी को निर्देश दिया कि तहसील फूलपुर में जाकर निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि प्रकरणों के निस्तारण हेतु तहसीलों को परगना वाइज बांटना सुनिश्चित करें।

# हिस्ट्रीशीटर के हत्यारोपी को शरण देने पर मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने बेलीपार के महोब में गोली मारकर हत्या करने के मामले में फरार आरोपित को शरण देने के मामले में एक के खिलाफ धारा 253 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।तहरीर में दारोगा ने कहा है कि आरक्षी दीपक कुमार के साथ क्षेत्र में मामूर था कि थाना स्थानीय के जनसुनवाई अधिकारी उ.नि. सुनील शर्मा द्वारा सूचना दी गयी कि आलोक कुमार उपाध्याय पुत्र स्व. भागवत उपाध्याय निवासी रुस्तमपुर दक्षिणी थाना रामगढताल द्वारा प्रा. पत्र दिया गया जिसकी जांच कर आवश्यक कार्यवाही करें। जांच के दौरान ज्ञात हुआ कि मु.अ.सं. 180/2025 धारा 103 (ए), 61 (2).3 (5) बीएनएस थाना बेलीपार में प्रकाश में आये अभियुक्त विजेन्द्र शाही उर्फ बजरंगी शाही पुत्र स्व. योगेन्द्र शाही निवासी भखल थाना बेलीपार पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए इधर उधर छुप कर रह रहा है। नौ जून को समय करीब 10.30 बजे रात्री को अभियुक्त विजेन्द्र शाही उपरोक्त आवेदक आलोक उपाध्याय उपरोक्त भगत चौराहा पर पार्वती मैरेज लान के पास स्थित मकान में छिप कर रुका था। आवेदक द्वारा अपना मकान किरायेदार अजय प्रताप सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी सोनबरसा भैसही बाजार हाटा थाना अहिरौली बाजार कुशीनगर किराये पर दिया गया है। अजय प्रताप सिंह अभियुक्त विजेन्द्र शाही उपरोक्त के पूर्व परिचित है। किरायेदार अजय प्रताप सिंह यह जानते हुए कि बृजेन्द्र शाही को हत्या के मामले में थाना बेलीपार की पुलिस तलाश कर रही है। इसके बावजूद अभियुक्त बृजेन्द्र शाही किराये के अपने मकान में शरण दिया। किरायेदार अजय प्रताप सिंह ?ने समय से न तो स्थानीय पुलिस और न ही सम्बन्धित थाना बेलीपार को सूचना दी। किरायेदार अजय प्रताप सिंह द्वारा जान बुझकर विजेन्द्र शाही को अवैध रूप से संरक्षण दिया गया है। जिसके बाद अजय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

## हत्या के दो आरोपितों को पुलिस ने दबोचा

बेलीपार थाना क्षेत्र के महोब में पांच दिन पूर्व हिस्ट्रीशीटर दिनेश निषाद की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को दबोचा है। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी बांसगांव के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष विशाल कुमार सिंह थाना बेलीपार मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत धारा 103(1), 61(2), 3(5) भा.न्या.सं. से संबंधित अभियुक्त प्रेम निषाद व संजय निषाद को गिरफ्तार किया है। बताते चलें कि सात जून को रमेश निषाद के भाई की अभियुक्तों द्वारा जमीन के विवाद को लेकर गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी । जिसके संबंध में तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। एक अभियुक्त को पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष विशाल कुमार सिंह, का. विनोद यादव, का. अक्षय चौहान व का. जयप्रकाश यादव शामिल रहे।

# बीजेपी जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप पार्टी से निष्कासित

## पार्टी कार्यालय में महिला के संग आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के मामले में हुई कार्रवाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। बीजेपी के जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यपउर्फ़ बमबम को पार्टी ने तत्काल प्रभाव से निष्का सित कर दिया।दरअसल 12 अप्रैल को बीजेपी कार्यालय गोंडा पर हुए घटनाक्रम का एक वीडियो 25 मई को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था।जिस पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर जिलाध्यक्ष को कारण बताओं नोटिस जारी कर जवाब मांगा था।संतोष जनक जवाब न मिलने पर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने तत्काल प्रभाव से भाज पा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप को पार्टी से नि ष्कासित कर दिया है।जिसमें बीजेपी जिलाध्यक्ष ए क महिला के साथ दिख रहे थे।सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने इस मामले में जमकर प्रतिक्रिया दी।वीडियो को संज्ञान में लेते हु ए प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर भाजपा जिलाध्यक्ष को कारण बताओं नोटिस जारी का जवाब मांगा गया था।भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप ने नोटिस का जवाब दे दिया था।लेकिन संतोष जन क जवाब न मिलने पर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने जिलाध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित कर दिया।प्रदेश कार्यालय के द्वारा जारी किए गए पत्र में कहा गया है कि नोटिस जारी होने के बा द आपने प्रदेश कार्यालय को अपना स्पष्टीकरण प्र स्तुत किया था।लेकिन आपका स्पष्टीकरण संतोष जनक नहीं है।आपका यह कृति घोर अनुशासन हीनता की श्रेणी में आता है।अतः विचारोंउपरांत आपको तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित किया जाता है।

### अपने ही बयान में फंस गए कश्यप

अमर किशोर कश्यप अपने ही बयान में फंस गए थे।उन्होंने बयान दिया कि महिला कार्यकर्ता की तबीयत ठीक नहीं थी।सीढ़ी पर उसे चक्कर आने के कारण गले लगाकर सहारा दिया था। लेकिन, दूसरे वीडियो ने ऐसा कुछ भी नजर नहीं आ रहा था।इसमें नजर आ रहा था कि अमर किशोर अप नी गाड़ी में महिला को लेकर पहुंचे थे।कार्यालय का गेट खुला देख दो लोग अंदर आए तो अमर कि शोर ने उन्हें बाहर भी निकाला।उसके बाद महिला को इशारा कर अंदर जाने को कहा।सवाल उठ रहा है कि अगर उनका इरादा गलत नहीं था तो महिला को इस तरह चोरी-छिपे अंदर ले जाने की क्या ज रूरत थी..?

### जिला मीडिया प्रभारी ने अमर किशोर के खिलाफ तहरीर दी

भाजपा जिलाध्यक्ष राघवेंद्र ओझा ने निष्कासित जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप के खिलाफ एफ आईआर दर्ज करने के लिए थाने में अर्जी दी है। ओझा का कहना है कि अमर किशोर ने पार्टी से निष्कासित होने के बाद आरोप लगाया कि पूर्व जिलाध्यक्ष पीयूष मिश्रा,महामंत्री राकेश तिवारी और जिला उपाध्यक्ष संदीप पांडेय ने उनका अश्ली ल वीडियो वायरल किया।उनका कहना है कि इस मामले से उनका और पीयूष मिश्रा,संदीप पांडेय और राकेश तिवारी का कोई लेना देना नहीं है। उ न्होंने मामले में मुकदमा दर्ज कर अमर किशोर के खिलाफ केस दर्ज कर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए हो रहा है बसों का संचालन : एआरएम

बहराइच । सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक बहराइच डिपो द्वारा अवगत कराया गया है कि बहराइच डिपो से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए परिवहन बसों का संचालन कराया जा रहा है। बहराइच जनपद के रिसिया ब्लाक से 01 बस यूपी 078 केटी 1773 रिसिया से बहराइच होते हुए लखनऊ कैसरबाग तक संचालित हो रही है। जो कि रिसिया में हाल्ट करती है। इसी प्रकार कानपुर से रिसिया एवं रिसिया बाजार से बहराइच तक 01 बस यूपी 40टी 5505 सचालित हो रही है। जबकि बहराइच नानपारा-बाबागंज-रूपईडीहा तक एवं रूपईडीहा से बहराइच होते हुए सीधे जयपुर तक 01 बस यूपी 78 एलएन 1376 संचालित हो रही है।इसी प्रकार बहराइच से रूपईडीहा तक एवं रूपईडीहा से नानपारा होते हुए हरिद्वार तक 01 बस यूपी 78 एलएन 1117, यूपी 78 एलएन 1183. यूपी 78 जेएन 9043 प्रतिदिन संचालित हो रही है। इसी प्रकार बहराइच जनपद के महसी बाजार तक 01 बस यूपी 40टी 5150 जो कानपुर से बहराइच महसी-राजी चौराहा तक एवं राजी चौराहा से बहराइच तक संचालित हो रही है तथा बहराइच जनपद के बेहड़ा बाजार तक जाने वाली 01 बस यूपी 78 केटी 5771 कानपुर से बेहटा बाजार तक प्रतिदिन संचालित हो रही है।

# समाजसेवी सुशील मिश्रा ने बड़े मंगल पर किया विशाल भंडारे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। समाजसेवी सुशील मिश्रा व रंगुलाल कैरियर इंक के एमडी अमेरिकी बिजनेसमैन नें जेष्ठ माह के बड़े मंगल के शुभ अवसर पर गत वर्षो की भां ति इस वर्ष भी पंचवटी श्री सीताराम आश्रम झंझ री ब्लॉक चौराहे पर समाजसेवी व अमेरिकी बिज नेसमैन सुशील मिश्रा और मयंक नैगी की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।इस भंडारे में मौजूद लोगो को प्रसाद वितरित किया।वही समा ज सेवी सुशील मिश्रा क्षेत्र में सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले अमेरिका में रहने वाले अमेरिकी बिजनेसमैन के सहयोग से उनके समर्थ कों नें बड़े मंगल पर विशाल भंडारा का आयोजन किया जिसमें क्षेत्र के भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया कार्यक्रम के आयोजक डॉ.अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि सामाजिक कार्य से बढ़कर कोई कार्य नहीं होता है,सामाजिक कार्यों में लोगों को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए सामाजिक कार्यों के लि ए लोगों को सुशील मिश्रा से प्रेरणा लेनी चाहिए जो क्षेत्र के साथ-साथ सीतापुर में अपने संगठन के कार्यकर्ताओं के क्षेत्र में बड़े मंगल पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है संस्कृति, सामा जिक सौहार्द,भाईचारे एवं भारतीयता से ओतप्रोत आस्था के इस पर्व में सभी धर्मों एवं वर्गों के लोगों द्वारा खासकर मुस्लिम समाज नें भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद प्रसाद ग्रहण किया है।समाजसेवी सुशील मिश्रा से प्रेरणा लेकर कैलिफोर्निया शहर के रहने वाले मयं क नेगी, डॉ.अरुण मिश्रा,और पंडित आनंदेश्वर जी महराज ने भी इस भंडारे में बढ़ चढ़कर सहयोग किया है।इस मौके पर नीरज मिश्रा,अंकित मिश्रा, प्रियांशु तिवारी,विश्वजीत,सहित कई अन्य गणमा न्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# जिले के अफसरों से उठ चुका जनता का विश्वास अब सिर्फ सूबे के मुख्यमंत्री से आस

## जिले की सीएमओ रश्मि वर्मा अवैध पैथोलॉजी डायग्नोस्टिक सेंटर पर कार्रवाई करने से क्यों कतरा रही

## मरीजों की सेहत से खिलवाड़ करने वाले अवैध रुप से चल रहे क्लीनिक पैथालाजी सेटरों कार्रवाई क्यों नहीं




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ व डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य विभाग का जिम्मा संभाल रहे बृ जेश पाठक सरकारी अस्पतालों में मुफ्त में जांच, मुफ्त दवा का वितरण करा रहे है जिससे गरीबो को इलाज में पैसा खर्च न करना पड़े।मुख्यालय से लेकर सीएचसी पीएचसी,यहां तक कि एएनएम सें टरो तक दवाओं का निःशुल्क वितरण हो रहा है।लेकिन लगता है गोंडा जिले का स्वास्थ्य विभाग सीएम योगी आदित्यनाथ व उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की सोच के विपरीत सोच रखता है।तभी तो जिला मुख्यालय पर बैठे अफसर नगर व ग्रामी ण क्षेत्र में सीएचसी के नाक के नीचे दर्जनों से अ धिक अवैध पैथालोजी नर्सिंग होम्स व अल्ट्रासाउंड सेंटर चल रहे है।लेकिन इनके खिलाफ कार्यवाही कोई नही कर रहा है।सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि सीएचसी के जिम्मेदार चिकित्सक से सेटिंग होने के कारण अवैध होते हुए भी वैध है और धड़ ल्ले से अपना रोजगार करके अनपढ़ गंवार मरीजो से जोंक की तरह उनका खून चूस रहे है।बता दे कि ऐसी पैथॉलॉजियो पर न तो मानक के अनुरूप क्वालिफाइड लैब असिस्टेंट है,न ही अल्ट्रासाउंड करने वाला चिकित्सक और न ही न सिंग होम्स में प्रशिक्षित सर्जन बावजूद अगर इन लोगो पर कार्य वाही नही होती है।तो निश्चित है कि स्वास्थ्य विभा ग के साहब लोगो को ये लोग दक्षिणा जरूर अर्पि त करते होंगे।सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगो का कहना है कि जिले का स्वास्थ्य विभाग इन लोगो पर कोई भी कार्यवाही नही करे गा न ही जिला प्रशासन क्योंकि जिले के अफसरो से जनता का विश्वास उठ चुका है।अब अगर किसी पर विश्वास है जो ऐसे अवैध केंद्रों पर कार्यवाही क रा सकते है तो वे है प्रदेश के मुखिया योगी आदि त्य नाथ या फिर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक अब देखना है कि गोंडा जिले में अवैध पैथोलॉजी और डायग्नोस्टिक सेंटर व अवैध नर्सिंग होम पर मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ या उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक कब इन अवैध कारोबारियों पर कार्यवाही करने का आदेश दे रहे है..? इसके पहले जितनी भी खबरें छपी है लेकिन इन पर अभी तक कार्य वाही नही हुई है।वही इससे जिले की सीएमओ र श्मि वर्मा पर सवाल खड़े हो रहे हैं।लोगो के द्वारा बताया जा रहा है कि अवैध पैथॉलॉजियो और नर्सिंग होम्स पर आखिर क्यों नही कार्य वाही कर रही है...? सीएमओ गोंडा रश्मि वर्मा ? आखिर इनके खिलाफ कार्यवाही से पीछे क्यो हट रहा है स्वास्थ्य विभाग.. ?

## भाजपा महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव का निधन समाज की अपूरणीय क्षति : लड्डन खान

गोरखपुर। ऑल इण्डिया उर्स कमेटी के अध्यक्ष मुहम्मद रजा लड्डन खान, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष असरार आलम, प्रदेश अध्यक्ष गुलाम अली खान एवं उपाध्यक्ष हाजी खुर्शीद आलम ने भाजपा महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव के निधन की खबर पाकर उनके रमदत्तपुर आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दुआएं की। अपने शोक सभा में कमेटी अध्यक्ष मुहम्मद रजा लड्डन खान ने कहा कि देवेश श्रीवास्तव भाजपा के लिए एक मजबूत स्तम्भ थे। उन्होंने कहा कि उनके निधन की खबर सुनकर सभी दुखी हैं और उनके राजनीतिक सफर को याद कर सभी लोग भावुक हो गये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव अच्छे व्यक्ति होने के साथ ही एक दूसरे के मददगार भी थे, ऐसे में असमय उनका जाना सभी को खल गया।शोक व्यक्त करते हुए कमेटी के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष असरार आलम, प्रदेश अध्यक्ष गुलाम अली खान एवं उपाध्यक्ष हाजी खुर्शीद आलम ने कहा कि देवेश श्रीवास्तव की राजनीतिक शुरूआत भाजपा से हुई और वे पार्टी के लिए निरंतर कार्य करते रहे।

## पांच हजार रुपए घूस लेते दरोगा गिरफ्तार



**गोण्डा।** एंटी करप्शन टीम ने बुधवार को धानेपुर था ने में तैनात उपनिरीक्षक अंकित कुमार यादव को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए उनके आवास से गिरफ्तार किया।एंटी करप्शन इंस्पेक्टर धनंजय सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता से मारपीट के मा मले में मुकदमें को हल्का करने व रियायत देने के एवज में पांच हजार रुपये की मांग की थी।साथ ही पैसा न देने पर मुकदमे में फंसने की धमकी दी।इस के बाद धानेपुर के इटवा कवि निवासी शिकायत कर्ता उपेंद्र प्रसाद ने एंटी करप्शन टीम से संपर्क किया।शिकायतकर्ता से पूरी जानकारी लेने के बाद एंटी करप्शन टीम ने अपना जाल बिछाकर कई दि नों से पकड़ने की कोशिश कर रही थी।बुधवार को दोपहर करीब सवा दो बजे पीड़ित पैसा लेकर दरो गा अंकित यादव से संपर्क किया।इस दौरान अंकि त यादव ने पैसा लेकर मुजेहना दतौली मार्ग पर सी मा वर्मा के किराये के मकान में बुलाया।जहां पहले से मौजूद एंटी करप्शन टीम ने पांच हजार रुपये का रिश्वत लेते रंगे हाथ दरोगा अंकित को दबोच लिया हैं।आरोपी से कोतवाली में पूछताछ की है।

## यूपी मैरिज रजिस्ट्रेशन का नियम बदला

**गोरखपुर।** मैरिज रजिस्ट्रेशन के नाम पर हो रहे फर्जीवाड़े पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने मैरिज रजिस्ट्रेशन के नियम में शनिवार 7 जून से बदलाव कर दिया है। सहायक महानिरीक्षक निबंधन संजय कुमार दुबे ने बताया कि मैरिज रजिस्ट्रेशन के नियम में बदलाव करते हुए सरकार ने दो प्रकार के नियम बनाए हैं एक अगर बिना परिवार की मर्जी की मैरिज रजिस्ट्रेशन हो रहा है तो उसके लिए पुरोहित की गवाही जरूरी है अगर परिवार की मर्जी से विवाह हो रहा है तो परिवार के एक सदस्य की गवाही जरूरी है इसके साथ ही नोटरी एफिडेविट और जन्मप्रमाण के लिए हाई स्कूल मार्कशीट, सीएमओ द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र , नगर निगम नगर पंचायत द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर ही मैरिज रजिस्ट्रेशन होगा।उन्होंने बताया कि शनिदेव बनाम स्टेट आफ उत्तर प्रदेश के मामले में माननीय हाईकोर्ट ने मैरिज रजिस्ट्रेशन के नियम में बदलाव करने का निर्देश दिया है जिसका पालन करते हुए आईजी निबंध का निर्देश प्राप्त हुआ है उसकी जानकारी के लिए अधिवक्ताओं दस्तावेज लेखको और मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का भी कार्य किया जा रहा है। इस नियम के बदलाव होने से मैरिज रजिस्ट्रेशन में हो रहे फर्जी वाले पर लगाम लगेगा।

## लगातार विद्युत कटौती फिर भी विल में कमी नहीं

**गोरखपुर।** मजेदार बात तो यह है कि पूरे महानगर में लगातार विद्युत कटौती चल रही है लोग हैराने है। फिर भी स्मार्ट मीटर मन चाहा विद्युत बिल भेज रहा है। मजे की बात तो यह है कि विद्युत कटौती बेतहासा फिर भी बिल में कमी नहीं होती है। महानगर के गोलघर जैसे वी.आई. क्षेत्र में देखा जाए तो पूरे दिन में तीन से चार बार विद्युत कटती है। ऐसा कहा जा रहा की जब विद्युत विभाग प्रति माह सरकारी धन खर्च कर नये नये तार व ट्रांसफार्मर के नाम पर खर्च होता है फिर भी जर्जर तारों की स्थिति यथावत बनी हुई है। मजे की बात तो है कि बीते दिन निजामपुर चौराहे पर लगे ट्रांसफार्मर में आग लग गई और ऐसी आग की लोहे का पोल गर्म होकर लाल हो गया और फिर पोल झुक कर टेढ़ा हो गया विभाग के अधिकारी ने अपने रिपोर्ट में दर्शा दिए कि अज्ञात ट्रक की ठोकर से पोल टेढ़ा हो गया फिलहाल विद्युत विभाग कागजों में अपनी लिखा पढ़ी कर खानापूर्ति पूर्ण कर शाबाशी लेने में मस्त हैं और उपभोक्ता अपने बर्बादी की इबारत से चुप्पी साध सन्नाटे के साये में रहने पर मजबूर हैं।

# बच्चों को स्काउट और गाइड के विषय में दी जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। राजकीय हाईस्कूल राजापुर कला में सहायक अध्यापक सत्य प्रकाश के निर्देशन में ग्रीष्मकालीन शिविर में प्रतिभाग कर रहे हैं समस्त छात्र/छात्राओं को प्रतिदिन नई-नई गतिविधियों से रूबरू कराया गया। इसी क्रम में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद बहराइच के जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) कल्लन इदरीसी और जिला संगठन आयुक्त (गाइड) कायमा इस्लाम ने स्काउट और गाइड की विषय में जानकारी देते हुए बेसिक लाइफ सपोर्ट, सी.पी.आर. एवं आकस्मिक उपचार के विषय में जानकारी दी। दुर्घटना हो जाने पर उपचार और संबंधित को बिना किसी संसाधन के एक स्थान से दूसरे स्थान कैसे ले जा सकते है और किसी की जीवन रक्षा कैसे की जा सकती है इसकी जानकारी भी प्रदान की। शिविर में प्रतिदिन बच्चों ने वाणी वंदना,योग और व्यायाम से अपने दिन की शुरुआत की। शिविर के माध्यम से बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ उनमें आपसी सहयोग, प्रेम और भाईचारे जैसे नैतिक मूल्यों का भी विकास हुआ।छात्रों ने इन 21 दिनों में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों, खेलकूद, हैंड क्राफ्ट, पाक कला, रंगोली, मिट्टी कला आदि के माध्यम से अपनी छिपी प्रतिभाओं को निखारने का कार्य किया। शिविर में छात्रों ने सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने और कपड़े, जूट के बैग़ या कागज के थैली का प्रयोग करने की प्रतिज्ञा ली। रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर,रस्सी कूद,खो-खो,फुटबॉल,लूडो, कैरम ,शतरंज, बैडमिंटन आदि खेलो की जानकारी के साथ-साथ इसका प्रायोगिक ज्ञान भी प्राप्त किया। पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए इको क्लब के माध्यम से उन्होंने अपने चारों ओर के प्रवेश को सुंदर बनाया।बड़े उत्साह और उमंग के साथ अभिभावकों की उपस्थिति में शिविर का समापन किया गया सभी छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य मुकेश्वर पोद्दार द्वारा आशीर्वचन प्रदान किया गया।

# अमर शहीद लाला बद्री शाह एवं पूर्व सांसद स्वर्गीय रुद्र सेन चौधरी की स्मृति में तोरण द्वार का एमएलसी ने फीता काटकर किया शुभारंभ

## स्वर्गीय सांसद पिता के पदचिन्हों पर चलना व जन सेवा ही मेरा कर्तव्य : पदम सेन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जरवल, बहराइच। अमर शहीद लाला बद्री शाह एवं पूर्व सांसद स्वर्गीय रुद्र सेन चौधरी की स्मृति में तोरण द्वार का शुभारंभ पर आयोजित कार्यक्रम मुख्य अतिथि पदम सेन चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा व सदस्य विधान परिषद उत्तर प्रदेश ने फीता काट कर किया। तत्पश्चात बद्री शाह मेमोरियल स्कूल के सभागार में एक कार्यक्रम के माध्यम से सदस्य विधान परिषद पदम सेन चौधरी का नागरिक अभिनंदन सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया।उक्त कार्यक्रम का आयोजन मुख्य संरक्षक प्रमोद कुमार, संरक्षक परमानंद गुप्ता, विजय सर्राफ, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, ईश्वर चंद्र, अध्यक्ष सचिन गर्ग के संयुक्त संयोजन व हिंदू उत्सव समिति जरवल के तत्वाधान में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सदस्य विधान परिषद पदम सेन चौधरी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक कार्यों के सरोकारों की दिशा में हिंदू उत्सव समिति जरवल संगठन निश्चित एक मील का पत्थर है, जो की अनवरत अमर शहीद लाला बद्री शाह के पद चिन्हों पर चलते हुए जरवल व संबंधित सभी क्षेत्रों में हिंदुत्व के सरोकार कार्यों के लिए पूरी तरह से आशातीत है। मेरे पिता पूर्व सांसद स्वर्गीय रूद्र सेन चौधरी ने भी कैसरगंज क्षेत्र में हिंदुत्व समाज के लिए अभूतपूर्व योगदान दिए हैं, और जरवल के क्षेत्र से उनका नाता विशेष रहा है, ऐसे में स्व.लाला बद्री शाह वी स्व. रूद्र सेन चौधरी की स्मृति में यह तोरण द्वार उन महान विभूतियों की अनवरत याद दिलाता रहेगा।कार्यक्रम के मुख्य आयोजक प्रमोद गुप्ता ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ''*मेरा पानी उतरता देख मेरे किनारे पर घर मत बहा लेना, मै समंदर हूँ लौटकर फिर वापस आऊंगा* '' बाबा अमर शहीद लाला बद्री शाह जनहित व हिन्दुत्व रक्षा के लिए आजीवन संघर्षरत रहे, और हिंदुत्व के लिए उन्होंने अपना बलिदान भी दिया। उक्त कार्यक्रम में विशिष्ट जनों को आयोजक मंडल द्वारा साफा पहनाकर अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता संघ अध्यक्ष कैसरगंज गंगाधर मिश्रा, समाजसेवी डॉ.अरविंद सिंह बिसेन, भाजपा जिला मंत्री संजय राव, सर्राफा एसोसिएशन संरक्षक भगवान दास सोनी, ब्लॉक प्रमुख विपेंद्र सिंह, निवर्तमान भाजपा जिला प्रतिनिधि ओम प्रकाश अवस्थी आदि ने संबोधित करते हुए दोनों महाभूतियों के जीवन परिदृश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जनसंपर्क अधिकारी कौशलेंद्र सिंह ने किया।

## कृषि विविधिकरण एवं प्राकृतिक खेती अपनाकर आय में वृद्धि करे किसानः सांसद

बहराइच । प्रदेश में खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलों से सम्बन्धित आधुनिक कृषि तकनीकों एवं जलवायु परिवर्तन प्रभावरोधी कृषि पद्धतियों की जानकारी कृषकों को प्रदान करने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर 29 मई 2025 से 12 जून 2025 के मध्य संचालित होने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 के 14वें दिन विकास खण्ड तेजवापुर की ग्राम पंचायत रामगांव में सांसद बहराइच डॉ. आनन्द गोंड की उपस्थिति में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया।कृषक गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद डॉ. गोंड ने मौजूद कृषकों व आमजन को गांव, गरीब व कृषकों को समर्पित भारत सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी। डॉ. गोंड ने कृषकों का आहवान किया बाढ़ आपदा से बचाव हेतु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का अधिक से अधिक लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि कृषकों की आय को दोगुना करने के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत भारत सरकार द्वारा जिले के 613190 किसानों के बैंक खातों में 1738.69 करोड़ की धनराशि डीबीटी के माध्यम में भेती गई है। डॉ. गोंड ने भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में लिए गये महत्वपूर्ण निर्णयों की सराहना करते हुए कृषकों का आहवान किया कि वैज्ञानिक विधि के अनुसार विविधिकरण को अपनाकर प्राकृतिक खेती करें इससे पर्यावरण एवं उर्वरा शक्ति के क्षीण होने जैसी समस्या के समाधान के साथ-साथ उनकी आय में भी गुणत्मक वृद्धि होगी।उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा ने किसानो को आईपीएम विधि से खेती करने की सलाह देते हुए मृदा परीक्षण के अनुसार संतुलित मात्रा में रासायनिक उर्वरक करने की सलाह देते हुए कहा कि इससे खेतो में जीवांश कार्बन की मात्रा बढ़ने से भूमि की उर्वरा शक्ति में भी बढ़ोत्तरी होगी। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने किसानो को फसल सुरक्षा हेतु फ़ेरोमोन ट्रैप, लाइट ट्रैप आदि उपायों का उपयोग कर स्वस्थ खाद्यान पैदा करने तथा खेती के साथ-साथ पशुपालन को अपनाकर आय में वृद्धि करने की जानकारी प्रदान की।गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए उपसंभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कैसरगंज शिशिर कुमार वर्मा ने कृषक उत्पादक संगठन बनाकर आय में वृद्धि करने के तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओ के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. सौरभ वर्मा ने किसानो को भूमि संरक्षण विभाग द्वारा संचालित योजनाओ की जानकारी प्रदान की। जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा ग्लू ट्रैप का डेमो कर फसल सुरक्षा के सम्बन्ध में व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। उपसंभागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर उदय शंकर सिंह ने फार्मर रजिस्ट्री के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसानो से फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपील की।

# गोरखपुर का चिकित्सा क्षेत्र गरीबों के लिए वरदान साबित होगा : डा. शिव शंकर शाही

## शाही हॉस्पिटल का 23 बेड वाला डायलिसिस सेंटर का ग्रामीण विधायक ने किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । मंगलवार को शाही ग्लोबल हॉस्पिटल ने पूर्वांचल की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए तारामंडल में डीसी डीसी किडनी केयर के सहयोग से 23 बेड का अत्याधुनिक डायलिसिस सेंटर शुरू किया। इसका उद्घाटन ग्रामीण विधायक विपिन सिंह ने किया। जिन्होंने सेंटर की आधुनिक मशीनों और गुणवत्ता की सराहना की। कुशल चिकित्सकों और प्रशिक्षित टेक्नीशियनों द्वारा संचालित यह सेंटर खास तौर पर संक्रमित मरीजों के लिए एक अलग तल भी प्रदान करता है, जो अक्सर इलाज से वंचित रहते हैं। निदेशक डॉ. शिवशंकर शाही ने कहा कि पूर्वांचल में डायलिसिस मरीजों की संख्या बढ़ रही है और आर्थिक तंगी के कारण कई लोग अपनी जमीन-जायदाद बेचकर सड़क पर आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सपने को साकार करते हुए सेंटर हर वर्ग के लिए सुलभ है। आयुष्मान कार्ड, सीईपीएफ, डीडीयू कार्ड धारकों और गरीब किसानों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध हैं। ताकि कोई इलाज से वंचित न रहे। डॉ. शाही ने कहा ह्लगोरखपुर का चिकित्सा क्षेत्र इस सेंटर के साथ नई ऊंचाइयों को छुएगा, जो गरीबों के लिए वरदान साबित होगा।

## भीषण गर्मी में प्याऊ लगाना उत्तम व पुनीत कार्य : एस.पी. नार्थ




गोरखपुर। सन रोज संस्थान द्वारा भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए प्याऊ लगाकर शीतल जल की व्यवस्था कराना यह मानवीय एवं सामाजिक दृष्टिकोण से बहुत ही उत्तम कार्य है।उक्त बातें बरगदवां रोड स्थित प्रगति रिजॉर्ट के सामने सन रोज संस्थान द्वारा जनहित कार्य के तहत गर्मी में राहगीरों के लिए किशन अग्रवाल के नेतृत्व में एश्प्रा जेम्स एंड ज्वेलर्स एवं सेंटर फॉर ब्रेन एंड स्पाइन के सहयोग से निःशुल्क स्वच्छ जल के उद्घाटन के अवसर पर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) जितेंद्र श्रीवास्तव ने कही। इस अवसर पर न्यूरोसर्जन डॉक्टर सौरव श्रीवास्तव ने पुनीत कार्य के लिए संस्थान को बधाई दी।सभी अतिथियों को बैच लगाकर एवं पत्रिका बनाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों ने फिता काटकर प्याऊ का उद्घाटन कर राहगीरों को शीतल जल पिलाया। संस्थान चेयरमैन विवेक कुमार अस्थाना सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। प्याऊ सहयोगी डॉ. सुरहिता करीम भी रही। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन विवेक कुमार अस्थाना, उपाध्यक्ष उमेश चंद, सचिव महेंद्र कश्यप, उप सचिव देश दीपक, प्रचार सचिव सुमित कुमार रावत उप प्रचार सचिव कुलदीप शर्मा, न्यूरो सर्जन डॉ. सौरभ श्रीवास्तव, इरफान मुगल, किशन अग्रवाल, शिवपाल विश्वकर्मा, दीपक सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।सदस्य यूपी राज्य महिला आयोग पुष्पा पाण्डेय द्वारा जनपद पीलीभीत में भ्रमण कार्यक्रम आयोजन किया गया सर्वप्रथम सदस्या का प्रातः 10 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आगमन हुआ तत्पश्चात पूरनपुर तहसील सभागार में महिला जन सुनवाई का आयोजन किया गया जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा सदस्या का बुके देकर स्वागत किया गया, जनसुनवाई के दौरान घरेलू हिंसा,आवास, रोड, मारपीट एवं पेंशन से सम्बंधित 29 शिकायतें प्राप्त हुईं।सदस्या द्वारा सम्बंधित अधिकारीयों को उपरोक्त समस्याओं का निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही कहा गया कि शिकायतकर्ता के घर जाकर जाँच करें औऱ योजनाओं के बारे विस्तार से बताएं और आवेदन करवाएं कोई भी लाभार्थी योजना से वंचित न रह जाए। जनसुनवाई के दौरान अजीत प्रताप सिंह उपजिलाधिकारी पूरनपुर, प्रतीक दहिया क्षेत्राधिकारी पूरनपुर, खण्ड विकास अधिकारी एवं अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।सदस्या द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान कर्मचारी उपस्थित मिले, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में साफ सफाई के लिए सदस्या द्वारा विशेष रूप से ध्यान देने के लिए कहा गया अन्य सभी व्यवस्थाएं सन्तोषजन जनक पाई गईं।सदस्या की अध्यक्षता में वेदांत पब्लिक स्कूल में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया वहाँ सदस्य नें कहा बालिकाओं को शिक्षित करने के लिए पुरुषों की महत्वपूर्ण भूमिका है पुरुषों द्वारा की गई जागरूकता के कारण आज यहाँ बालिकाओं की संख्या अधिक है। सदस्या द्वारा स्कूल के शिक्षकों द्वारा किये जा कार्यों की सराहना की गयी। सदस्या द्वारा सखी वह स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान पीड़िताओं से बातचीत कर उनके रहने खाने एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई साथ ही सखी वन स्टॉप सेंटर में पौधारोपण किया गया। वन स्टॉप में सभी कर्मचारी उपस्थित मिले एवं यहाँ की सभी व्यवस्थाएं सन्तोषजन जनक पाई गईं। सदस्या द्वारा महिला थाना का निरीक्षण किया गया थाने में थाना प्रभारी रीना सिंह और समस्त स्टाफ़ ड्यूटी के अनुसार उपस्थित मिला एवं सभी व्यवस्थाएं सन्तोषजन पाई गई।सदस्या द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण कर महिलाओं से बात की गई एवं वहाँ की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया जिला कारागार में सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई हैं। निरीक्षण के दौरान जिला संरक्षण अधिकारी रमनदीप कौर भी उपस्थिति रही हैं।

# मानक विहीन चल रहे हैं पूरनपुर और कलीनगर तहसील क्षेत्र में स्विमिंग पूल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।ना ही पंजीकरण न ही सुरक्षा की सुविधा ना लाइफ जैकेट सुरक्षा गार्ड ना कोच फिर भी खुलेआम संचालित हो रहे हैं स्विमिंग पूल बिना नियमों के तहत खुलेआम संचालित हो रहे हैं। स्विमिंग पूल पूरनपुर तहसील क्षेत्र और कलीनगर तहसील क्षेत्र में दर्जनों स्विमिंग पूल मानक विहीन चल रहे हैं। जिनका ना पंजीकरण है और ना ही उनमें जरूरी सुविधाएं कमर्शियल प्रयोग के बाद भी इन पर टैक्स नहीं लागू हो रहा है।स्विमिंग पूल में ना ही लाइफ जैकेट उपलब्ध है और ना ही अन्य कोई सुविधाए बच्चे बड़े अपनी जान जोख़िम में डालकर नहा रहे हैं। मानकों को ताक पर रखकर स्विमिंग पूल का प्रयोग कर रहे हैं। स्विमिंग पूल संचालक बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ कर उन्हें स्विमिंग पूल में उतर कर इनको संचालन करने के लिए मानक अनुरूप निर्माण होना चाहिए सूत्र बताते हैं कि स्विमिंग पूल निर्माण करने के लिए जिला खेलकूद विभाग में पंजीकरण के लिए आवेदन करना होता है। साथ ही फायर ब्रिगेड व



पुलिस विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने और खेल विभाग से अनुमति लेने के बाद इसको संचालन की अनुमति दी जा सकती है। लेकिन यहां बिना मानक पूरे किए स्विमिंग पूल चल रहे हैं। इन्हें किसी प्रकार के सुरक्षा उपकरण की जरूरत नहीं है। देखभाल करने को कोई सुरक्षा गार्ड उपलब्ध नहीं है ।और ना ही स्विमिंग पूल में किस तरह से नहाया जाए उसके लिए भी किसी प्रकार के कोई कोच की आवश्यकता नहीं है। एंट्रेंड युवक जिनका किसी प्रकार का इसका कोई ज्ञान ही नहीं है और उनकी शिक्षा भी नामात्र की है। वह इसका संचालन कर रहे हैं। स्विमिंग पूल संचालक मनमानी फीस भी वसूल रहे हैं। मानकों की बात कर तो स्विमिंग पूल में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए कम से कम दो लाइफ जैकेट होनी चाहिए खेल विभाग द्वारा इसकी परमिशन भी लेनी चाहिए। फिल्टर प्लांट होना चाहिए इसको प्रतिदिन 4 से 5 घंटे ही चलाया जाए स्विमिंग पूल संचालित करने के लिए एक कोच का होना जरूरी है। जो राष्ट्रीय अथवा राज्य स्तर का खिलाड़ी हो प्रत्येक स्विमिंग पूल के लिए दो लाइफ गार्ड हो जो भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा प्रमाणित होना जरूरी होता है। निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था भी होनी चाहिए साथ ही महिला पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय भी होना चाहिए साथ ही महिला व पुरुष को कपड़ा बदलने के लिए चेंजिंग रूम का भी होना जरूरी है। लेकिन कलीनगर तहसील क्षेत्र पूरनपुर तहसील क्षेत्र ही नहीं पूरे जनपद में लगभग बिना मानकों के स्विमिंग पूल संचालित करके मनमाना रुपया वसूल रहे हैं। जल्द ही सत्ताधारी दल के वरिष्ठ नेता इन अवैध रूप से संचालित स्विमिंग पूल के खिलाफ जिला अधिकारी पीलीभीत से शिकायत कार्यवाही की मांग करेंगे।

## समर कैंप में बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण पर बनाए पोस्टर पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। बेसिक स्कूल में चल रहे ग्रीष्म अवकाश में कंपोजिट विद्यालय चंदोई में चल रहे समर कैंप का समापन हो गया है।इसी उपलक्ष्य में कंपोजिट विद्यालय में चल रहे समर कैंप का भी समापन हो गया है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका साजदा खातून ने बताया कि बच्चों ने नई नई विधियों से नए नए आयाम सीखे विद्यालय ने पूरी लगन और कर्तव्य के साथ लगातर कैंप का संचालन किया बच्चों ने खेल खेल में बहुत कुछ नया सीखा और बच्चों का टेस्ट लेकर बेस लाइन और एंड लाइन का डाटा अपलोड कर दिया गया है।साथ ही बच्चों ने विभिन्न प्रकार के विद्यालय परिसर में पौधे भी लगाए हैं।साथ ही पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न प्रकार के पोस्टर भी बनाएं हैं।इस मौके पर कंपोजिट विद्यालय चंदोई के स्टाफ ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दीं और सीखे गए ज्ञान से अपने अग्रिम अध्ययन कार्य में उपयोग में लाने को कहा गया हैं।

## तहसील प्रशासन के संरक्षण में रात के अधेरे में जेसीबी मशीन से चल रहा अवैध मिट्टी खनन, वीडियो वायरल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन का कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। रात के अंधेरे में खनन माफिया सक्रिय हो जाते हैं और जेसीबी मशीन से अवैध खनन का कारोबार चरम सीमा पर है। क्षेत्र में चर्चा है कि पूरनपुर तहसील प्रशासन के संरक्षण में अवैध मिट्टी खनन का कारोबार चल रहा है। इसी के चलते तहसील प्रशासन अक्सर मिट्टी खनन में लगे वाहनों को पकड़ने में सक्रिय नहीं दिखते है।मामले में पीलीभीत के उच्च अधिकारियों से जब अवैध मिट्टी खनन की शिकायत की जाती हैं तो तहसील स्तर के अधिकारियों के पहुंचने से पहले ही खनन माफिया मशीन व ट्रैक्टर ट्राली लेकर मौके से फरार हो जाते है और दिखावे के लिए एक ट्रैक्टर ट्राली ही मौके पर प्रशासन को मिलता है, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और मिट्टी खनन का वीडियो वुधवार दोपहर 12 बजे सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जब अवैध मिट्टी खनन के संबंध में पूरनपुर उप जिलाधिकारी से जानकारी करना चाहिए तो वह भड़क गए और वोले नायब तहसीलदार को मौके पर भेजा गया था और किसी को फांसी थोड़ी लगा देगें। ऐसे शब्दों से प्रतीत होता है की तहसील प्रशासन खनन माफियाओं पर कार्रवाई को लेकर कितने सक्रिय हैं।

## भगवंतपुर रोड रिपेयर के लिए जा रही मड लोडर मशीन एवं ट्रैक्टर ट्राली को पकड़कर तहसील प्रशासन लूट रहा वाहवाही

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कलीनगर तहसील क्षेत्र में लगातार अवैध मिट्टी खनन का कारोबार काफी तेजी से चल रहा है। नगर से लेकर देहांत क्षेत्रों में डंपर से मिट्टी खनन का कारोबार चल रहा है। रात और दिन में मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्राली एवं डंपर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। उसके बाद भी कलीनगर तहसील प्रशासन बड़े खनन माफियाओं पर मेहरबान है। वुधवार की सुबह लगभग 11 बजे कलीनगर तहसील प्रशासन ने भगवंतपुर रोड से मड लोडर मशीन एवं खाली ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि मशीन को रिपेयरिंग के लिए दुकान पर ले जा रहे थे और तहसील प्रशासन ने मशीन व ट्रैक्टर ट्राली को पकड़वाकर पूरनपुर तहसील परिसर में खड़ा करवा दिया है। वहीं चर्चा है कि तहसील प्रशासन खनन में लगी मशीनों पर महेरबान है। कलीनगर तहसीलदार वीरेंद्र कुमार ने बताया मोहम्मदपुर भाईपुर में सियाराम व हरीराम के खेत में मिट्टी खनन किया गया है। इस दौरान एक ट्रैक्टर ट्राली और मडलोडर मशीन को पकड़ी गई है।

## सौर उर्ज़ा की इन्वर्टर बैट्री में विस्फोट से बुजुर्ग की मौत

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना संग्रामपुर क्षेत्र के गांव मड़ौली में बुधवार को अचानक सौर ऊर्ज़ा की लगाई गई इन्वर्टर बैटरी में भीषण विस्फोट हो गया। विस्फोट की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गई है। परिजनों द्वारा आनन फानन में घायल महिला को इलाज के लिये सीएचसी अमेठी में भर्ती कराया गया है जहां पर उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मामले में विधिक कार्यवाही करने में जुट गई है।थाना क्षेत्र के गांव मड़ौली निवासी नवरंग सिंह के घर में लगी सौर ऊर्ज़ा की इन्वर्टर बैटरी में भीषण विस्फोट हो गया। विस्फोट की चपेट में आने से नवरंग सिंह उम्र बासठ वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनकी पत्नी अनुसुइया सिंह पचपन वर्ष गम्भीर रूप से घायल हो गई है।घटना की जानकारी मिलते ही संग्रामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायल को अमेठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया है जहां उनका इलाज चल रहा है। घटनास्थल पर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद है।परिजनों ने बताया कि इन्वर्टर बैटरी में विस्फोट हुआ था जिससे बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनकी पत्नी गम्भीर रूप से घायल हैं जिन्हें इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां से चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## राष्ट्रीय जल अकादमी में सहायक निदेशक बन बढ़ाया मान

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के चांदा के टटेरीपुर गांव निवासी अंकित सिंह ने इंडियन इंजीनियरिंग सर्विस में चयन के बाद केंद्रीय जल आयोग, दिल्ली में 9 जून को सहायक निदेशक के पद पर कार्यभार ग्रहण कर जिले को गौरवान्वित किया है। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित इंडियन इंजीनियरिंग सर्विसेज में अंकित सिंह ऑल इंडिया में पांचवीं रैंक प्राप्त कर चयनित हुए थे। इनके पिता अनिल सिंह बड़ौदा ग्रामीण बैंक से अधिकारी के पद से 31 मई को सेवानिवृत हुए हैं। अंकित की माता गृहणी है और छोटा भाई भरत सिंह सीतापुर में यूनियन बैंक में मैनेजर है। अंकित के चयन और भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय में सहायक निदेशक का कार्यभार ग्रहण करने पर शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया है। अंकित ने बताया कि उसकी प्राथमिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर चांदा और हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की पढ़ाई सुल्तानपुर नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय विवेकानंदनगर से की। बीटेक गलगोटिया कॉलेज नोएडा, एमटेक आईआईटी बीएचयू बनारस से किया। इसके बाद दिल्ली में रहकर आईएस की परीक्षा में सफल हुए। अंकित ने अपनी उपलब्धि के लिए इंटर स्तर पर अपने शिक्षक महेंद्र कुमार तिवारी, रमेश मिश्र, जय बहादुर सिंह और अन्य शिक्षकों को श्रेय दिया है।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने तहसील में पहुंचकर की जनसुनवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूरनपुर। तय कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे ने तहसील सभागार में स्थित अंबेडकर सभागार में जनसुनवाई की हैं । जनसुनवाई के दौरान पीड़ित महिलाओं को बारी-बारी से अपने पास बुलाकर उनकी समस्याओं को सुना और समाधान के लिए मौजूद अधिकारियों से तत्काल प्रेषित महिलाओं की समस्याओं को समाधान के निर्देश दिए हैं। जनसुनवाई के उपरांत राज्य महिला आयोग की सदस्य ने शेरपुर रोड पर स्थित स्कूल में पहुंचकर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजना के बारे में उपस्थित सभी महिलाओं को बताया इसके बाद पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आवश्यक किया निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी वार्ड सहित शौचालय का निरीक्षण किया शौचालय में दिखाई दी गंदगी से राज्य महिला आयोग की सदस्य भारत गई और जमकर स्टाफ की फटकार लगाई है। उन्होंने कहा कि शौचालय में साफ सफाई क्यों नहीं है। सरकार लाखों रुपए बजट दे रही है। सभी एस्टीमेट बनकर आ रहे हैं। सरकार स्टील का बजट दे रही है। फिर शौचालय में प्लास्टिक की टंकियां क्यों लगी हुई है। उसके बाद राज्य महिला आयोग की सदस्य ने पड़ोस में स्थित कोल्ड चैन स्टोर का भी निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान ब्लॉक प्रतिरक्षण अधिकारी नदारद होने पर कार्रवाई करने की बात कही है।

# एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत बच्चों ने किया पौधारोपण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। कंपोजिट विद्यालय चंदोई में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय की प्रधानाध्यापिका साजदा खातून ने विद्यालय के बच्चों और स्टाफ के साथ पौधारोपण किया हैं। पौधारोपण अभियान के तहत कई प्रकार पौधे लगाए गए कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का स्टाफ सहित अन्य लोग मौजूद रहे। विद्यालय में पौधारोपण के बाद छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया गया।साथ ही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापिका साजदा खातून ने कहां कि पर्यावरण का हमारे जीवन में बहुत ही



अधिक महत्व है। इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किए हैं।पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण से संबंधित अनेक क्रियाकलापों का आयोजन किया गया हैं।साथ ही सभी से अपने-अपने घरों में एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की गई है।

## आईएमए ने 50 टीबी के मरीजों को लिया गोद

सुल्तानपुर। आईएमए द्वारा 50 क्षय रोगियों को गोद लेकर सीएमओ सभागार में पोषण पोटली वितरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डाध भरतभूषण मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि टीबी क़ेमरीजों को टीबी की दवा क़ेसाथ साथ पोषण की भी आवश्यकता होती है। आईएमए द्वारा मरीजों को जो पोषण पोटली दी जा रही है यह इनके लिए बहुत ही मददगार साबित होगी, यही मरीज भविष्य में हमारे टीबी चैंपियन बनेगें, और इन्ही टीबी क़ेमरीज को दूसरे नए टीबी मरीजों क़े लिए मददगार साबित होंगे। कार्यक्रम मे आईएमए क़ेअध्यक्ष डा. ए क़ेसिंह द्वारा बतया गया कि आज जनपद स्तर टीबी रोगियों को गोद लेकर शुरुआत किया जा रहा है।

# जिला गन्ना अधिकारी ने कई गांवों का किया निरीक्षण किसानों को दिए सुझाव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी द्वारा ग्राम पिंजरा वमनपुरी, जगतपुर एवं बरादुनवा का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान खेतों पर उपस्थित किसानों को फसल सुरक्षा के सम्बन्ध मे जानकारी दी। जिला गन्ना अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद पीलीभीत में गन्ना एक प्रमुख नकदी फसल है।जिसकी खेती से लाखो किसान परिवारों की आजीविका जुड़ी हुई है। वर्तमान समय में गन्ने की फसल को बोरर एवं चूसक कीटों से गन्ना फसल को नुकसान होने की सम्भावना है। इन कीटों के नियंत्रण के लिए गन्ना किसानो द्वारा परंपरागत रूप से घातक रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग किया जाता रहा है।जिससे उत्पादन लागत बढ़ती है तथा पर्यावरण व मानव स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसलिए किसान भाइयो से अनुरोध है कि वह रासायनिक कीटनाशकों के स्थान पर जैविक विधियों को अपनाये।बोर कीटों के नियंत्रण के लिए जैविक उपाय न केवल प्रभावशाली हैं।बल्कि ये पर्यावरण-संवेदनशील भी हैं। किसान भाई जैविक विधियों को अपनाकर अपनी फसल की रक्षा कर सकते हैं। बोर कीटो के नियंत्रण के लिए ट्राईकोकार्ड का प्रयोग करें। इस कार्ड मे लाभकारी परजीवी कीट होता है जो बोरर कीटों के अंडों को नष्ट करता है। प्रति हेक्टेयर 5 कार्ड की दर से 7-10 दिन के अंतराल पर खेत में इसे लगाएं। दूसरा उपाय है फ़ेरोमोन ट्रैप लगाये। यह ट्रैप नर बोरर कीटों को आकर्षित करता है। नर कीट ट्रैप में फस कर मर जाते है। परिणाम स्वरूप मादा कीटों से प्रजनन की प्रक्रिया रुकती है, जिससे कीटों की संख्या नियंत्रित होती है।तीसरा कारगर उपाय है नीम आधारित जैविक कीटनाशी नीम ऑयल 5 प्रतिशत का छिड़काव स 5 मि.ली. प्रति लीटर पानी में मिलाकर 10-15 दिन के अंतराल पर छिड़काव करें।

# बिजली की अघोषित कटौती व लो बोल्टेज की समस्या को लेकर कांग्रेस का हल्लाबोल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। बिजली विभाग की मनमानी के चलते भयंकर गर्मी में जिले व नगरवासियों का जीना मोहाल है। जनता की इस समस्या को लेकर कांग्रेस पार्टी ने सड़क पर उतरकर सरकार व जिला प्रशासन के साथ बिजली विभाग के खिलाफ हल्लाबोला।

जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि बिजली विभाग पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। कहाकि सरकार को जनता की दिक्कतों से कोई जरूरत नहीं है। जिले में बिजली की भारी कटौती की जा रही है। रोस्टर धराशायी हो गया है। भयंकर गर्मी में लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। बिजली कटौती से लोग घरों में बिलबिला रहे हैं। शहर अध्यक्ष शकिल अन्सारी ने कहा कि




बिजली विभाग पर न तो सरकार का कोई अंकुश है और न ही जिला प्रशासन का। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# ग्यारह साल में भारत के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा योजनाओं का लाभ : मयंकेश्वर शरण सिंह

## सेवा सुशासन और गरीबों के उत्थान के लिये जाना जाता है ग्यारह साल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । केन्द्र सरकार के विकसित भारत का अमृत कल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के लिये ग्यारह साल पूर्ण होने के अवसर पर गौरीगंज स्थित गौरीगंज ब्लाक मुख्यालय पर सभागार में एक प्रोफ़ेशनल मीट का आयोजन भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व दर्ज़ा प्राप्त राज्यमंत्री वीरेंद्र तिवारी प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी शंकर गिरी उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह रहे। पूर्व दर्ज़ा प्राप्त राज्यमंत्री वीरेन्द्र तिवारी ने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में जहां नारी शक्ति विकास की परिधि निकालकर केंद्र में आई है मध्यमवर्ग को रोजमर्रा की जिंदगी में सम्मान मिला है साहसिक सुधारो ने व्यापार को नहीं उड़ान दी है समावेशी विकास का स्पष्ट और सुगम रास्ता तैयार किया है मोदी सरकार ने सबका साथ




सबका विकास की भावना से हर क्षेत्र में आए इस उद्देश्य को लेकर के कार्य करने का काम किया है।भाजपा के प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी शंकर गिरी ने संबोधित करते हुए कहा भारत देश ग्यारह वर्षों में नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में दिखा दिया कि अब देश विकास भी करता हैऔर दुश्मनों का विनाश भी क्योंकि यही सशक्त भारत सुरक्षित भारत विकसित भारत की पहचान है। प्यार वर्षों में दूरदर्शी नीतियों ने भारत को वैश्विक मंच पर एक प्रभावशाली और सम्मानित सुरक्षा स्तंभ के रूप में स्थापित किया है यही सशक्त भारत सुरक्षित भारत का सच है जहां विकास और सुरक्षा एक साथ मजबूत हो रहे हैं साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है।चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि भारत की संकल्पना में हम सभी लोगों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है विकसित भारत सिर्फ एक योजना नहीं एक सपना है जो सपना जिसका मतलब केवल आर्थिक विकास नहीं बल्कि देश के हर नागरिक कैसे के सपनों और उम्मीदों का प्रतिबिंब है विकसित भारत मतलब हर गांव हर शहर हर घर में खुशहाली समृद्धि और समान अवसर प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में अमृत काल में देश हर क्षेत्र शिक्षा स्वास्थ्य किस टेक्नोलॉजी और पर्यावरण में लगातार प्रगति कर रहा है हमारा लक्ष्य केवल आर्थिक विकास नहीं बल्कि एक शक्तिशाली भारत बनाना है जो विश्व मंच पर मजबूती से अपनी आवाज बुलंद करें प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में अमृत काल में मेक इन इंडिया स्टार्टअप इंडिया और स्वर का लोकल जैसे अभियान आत्मनिर्भर और विकसित भारत की ताकत बन रहे हैं हमें विदेश की निर्भरता छोड़कर देश की क्षमताओं पर भरोसा करना है अमित कल महिला सशक्तिकरण का युग है उज्ज्वल और मुद्रा योजनाओं से माता बहनों को असली ताकत मिली है मोदी जी ने महिलाओं को राष्ट्र की शक्ति माना है।भाजपा के प्रवक्ता चंद्रमौलि सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम राष्टीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष विवेक शुक्ला,अशोक मिश्रा, नीलम सिंह जी कंचन मिश्रा,डॉ विवेक तिवारी, डॉक्टर यश त्रिपाठी, राम शंकर जायसवाल, रामबरन मौर्य, रमेश तिवारी, संजय सिंह, राजीव शुक्ला, हेमंत विक्रम सिंह, रामबरन कश्यप सहित एनजीओ के प्रमुख आदि प्रमुख रूप से लोग उपस्थित रहे।

# साइबर अपराधियों के बढ़ते हौसलें

देश दुनिया में साइबर अपराध के बढ़ते आंकड़े जहां चिंतित करने वाले हैं वहीं यह और भी आश्चर्यजनक और चिंताजनक हालात है कि लाख अवेयरनेस प्रोग्राम व मीडिया में आये दिन साइबर ठगी के समाचारों की भरमार के बावजूद देश में केवल 18 फीसदी लोग ही ऐसे हैं जिन्हें साइबर अपराध होने पर उसकी शिकायत कहां और कैसे करनी है कि जानकारी है। यह तो सरकारी आंकड़ा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जनवरी-मार्च, 2025 में कराये गये ताजातरीन सर्वे से यह आंकड़ें प्राप्त हुए हैं। दूसरी और यूपीआई से भुगतान में खासा बढ़ोतरी हुई हैं। आज ठेले पर सब्जी बेचने वाले से लेकर दो-पांच रुपए का सामान विक्रेता भी आसानी से यूपीआई से भुगतान प्राप्त कर रहा है। 2022-23 में जहां केवल 38 फीसदी लोग ऑनलाइन पेमेंट करते थे वह आज बढ़कर 50 प्रतिशत के लगभग हो गया है। वास्तविकता तो यह है कि आज ऑनलाइन पेमेंट करना लोगों की आदत में आ गया है। जेब में रुपया-पैसा रखना या कहीं जाते समय साथ पैसा लेजाना लोगों की आदत में अब लगभग नहीं ही रहा है। पर तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि साइबर अपराधियों के हौसले बुलंद है और पिछले तीन सालों में ही साइबर अपराध के आंकड़ें तीन गुणा बढ़ गए हैं। सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि आज मोबाइल पर किसी का नंबर डायल करते ही पहले साइबर अपराध से सचेत रहने की कॉलर ट्यून सुनने को मिलती है और उसके बाद बात होती है। मोबाइल पर नंबर मिलाते ही नहीं अपितु सोशियल मीडिया के प्लेटफार्म खासतौर से इंस्टाग्राम, फ़ेसबुक आदि पर आजकल साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन या ब्लेक मेलिंग से सतर्क रहने का संदेश सुनने को मिलता है। इतने के बावजूद ठगी के आंकड़ें चेताने वाले हैं। मजे की बात यह है कि साइबर ठगी के इन रुपों से सबसे अधिक शिकार पढ़े लिखे और समझदार लोग ही हो रहे हैं। लाख समझाइस के बावजूद एक और ठगों के हौसले बुलंद है तो ठगी के शिकार होने वाले लोगों की संख्या और राशि में मल्टीपल बढ़ोतरी हो रही है। खास बात यह है कि ठगी के केन्द्र व ठगी के तरीके से वाकिफ होने के बावजूद यह होता जा रहा है। हांलाकि झारखण्ड के जमातड़ा से ठगों के तंत्र को तोड़ दिया गया पर देश में एक दो नहीं अपितु 74 जिलों में इस तरह की ठगी करने वालों के हॉटस्पॉट विकसित हो गए। झारखण्ड, राजस्थान, हरियाणा और बिहार के केन्द्र पहले पांच प्रमुख सेंटर विकसित हो गए। ऐसा नहीं है कि साइबर अपराध केवल और केवल भारत में हो रहे हैं अपितु यह विश्वव्यापी समस्या होती जा रही है। दुनिया के देशों में देखा जाए तो साइबर ठगी के मामलों में रशिया पहले पायदान तो यूक्रेन दूसरे स्थान पर है। इनके बाद चीन, अमेरिका, नाइजेरिया और रोमानिया का नंबर आता है। इससे एक बात तो साफ हो जाती है साइबर ठगों सारी दुनिया में सहज पहुंच है। लोगों की गाढ़ी कमाई को हजम करने में इन्हें विशेषज्ञता हासिल है। लोगों की कमजोरी को यह समझते हैं और उसी कमजोरी के चलते पढ़े लिखे और हौशियार लोगों को भी आसानी से ठगी का शिकार बना लेते हैं। जाल ऐसा की यह समझते हुए कि ऐसा आसानी से होता नहीं है फिर भी चक्कर में फंस ही जाते हैं और ठगों के आगे सरेण्डर होकर लुट जाते हैं। हमारे देश में साइबर ठग या तो किसी तरह का लालच देकर लिंक भेजकर ठगी करते हैं या फिर ड़रा धमकाकर आसानी से ठगी का शिकार बना लेते हैं। सरकार प्रचार के सभी माध्यमों से बार बार व लगातार आगाह कर रही है कि ठगों द्वारा ड़राने वाले तरीके वास्तविक नहीं है। बैंक कभी भी बैंक डिटेल या ओटीपी ऑनलाइन नहीं मांगते पर पता नहीं कैसे ठगों के जाल में फंसकर अपनी मेहनत की कमाई लुटा बैठते हैं। ओटीपी दे देते हैं तो लिंक खोलने के लिए लाख मना करने के बावजूद लिंक खोलकर लुट जाते हैं। पुलिस अधिकारी बन कर जिस तरह से डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का रास्ता अपनाया जा रहा है उस संबंध में अवेयरनेस अभियान के बावजूद ठगी का शिकार होने वालों की संख्या या राषि में कमी नहीं हो रही है। डिजिटल अरेस्ट में डॉक्टर, रिटायर्ड जज, प्रोफ़ेसर, प्रशासनिक अधिकारी सहित संभ्रात वर्ग के लोगों को आसानी से जाल में फंसाकर ठगी हो रही हैं वह भी करोड़ों तक की ठगी के उदाहरण मिल रहे हैं।

# स्त्री-पुरुष संबंधों में बिगड़ते संतुलन की त्रासदी

मेघालय से लापता सोनम का एक पखवारे बाद ग़ाज़ीपुर में मिलना उसे संदेह के घेरे में डाल चुका है। राजा रघुवंशी की ह्त्या की साज़िश में यदि उसकी संलिप्तता साबित हो जाती है तब विवाह जैसे पवित्र बंधन से युवाओं का भरोसा उठना स्वाभाविक है। सात फ़ेरों के इस पावन रिश्ते के साथ ऐसा खिलवाड़ अमानवीय है। चाहे सौरभ सिंह हो या राजा रघुवंशी, इन मामलों से यह बात साफ़ है कि बात केवल अपराध कि वीभत्सता तक सीमित नहीं है। 36 वर्षीय आईटी प्रोफ़ेशनल अतुल सुभाष की आत्महत्या जिसके पीछे तलाक की प्रक्रिया और पत्नी द्वारा मानसिक प्रताड़ना कारण बताया गया, सोचने को मजबूर करती है कि आज की पीढ़ी की, विशेषकर स्त्रियों की मनोदशा या मानसिकता ऐसी क्यों होती जा रही है। वैवाहिक संबंधों में अविश्वसनीयता आज समाज के सामने एक बहुत बड़ी समस्या बन कर सामने खड़ा है। आधुनिक जीवनशैली में संवादहीनता से विश्वास और सम्मान का अभाव अब स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। 1 जनवरी से 31 मई 2025 के बीच पांच महीने में 1169 मामले फैमिली कोर्ट में पहुंचे हैं, जो 2024 की तुलना में 216 मामले अधिक हैं।

समाज में पारिवारिक संरचना को हमेशा से आदर्श और स्थायित्व का प्रतीक माना गया है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में ऐसे आपराधिक घटनाक्रमों की संख्या में वृद्धि हुई है, जहाँ विवाह जैसी पवित्र संस्था छल, द्वेष और हिंसा का माध्यम बन गई है। राजा रघुवंशी और सोनम रघुवंशी जैसे मामले इस बात का प्रमाण हैं कि अब केवल स्त्रियाँ ही नहीं, बल्कि पुरुष भी घरेलू हिंसा और मानसिक उत्पीड़न के शिकार हो रहे हैं। हालाँकि सोनम का जुर्म अभी साबित नहीं हुआ है, और असलियत सामने आने में वक्त लग सकता है। मगर इसकी संभावना से इनकार भी नहीं किया जा सकता। हाल-फिलहाल में पत्नी द्वारा पतियों की ह्त्या या तलाक के नाम पर उत्पीडन के कई मामले समूचे देश की सुर्ख़ियों में शामिल रहे हैं। इन मामलों में कानून, प्रशासन और सरकारें अपनी भूमिका निभाती रहेंगी, मगर इस देश के प्रबुद्ध नागरिक होने के नाते हमारी मानवीय और नैतिक ज़िम्मेदारियों पर विमर्श की आवश्यकता है।

मेघालय से लापता सोनम का एक पखवारे बाद ग़ाज़ीपुर में मिलना उसे संदेह के घेरे में डाल चुका है। राजा रघुवंशी की ह्त्या की साज़िश में यदि उसकी संलिप्तता साबित हो जाती है तब विवाह जैसे पवित्र बंधन से युवाओं का भरोसा उठना स्वाभाविक है। सात फ़ेरों के इस पावन रिश्ते के साथ ऐसा खिलवाड़ अमानवीय है। चाहे सौरभ सिंह हो या राजा रघुवंशी, इन मामलों से यह बात साफ़ है कि बात केवल अपराध कि वीभत्सता तक सीमित नहीं है। 36 वर्षीय आईटी प्रोफ़ेशनल अतुल सुभाष की आत्महत्या जिसके पीछे तलाक की प्रक्रिया और पत्नी द्वारा मानसिक प्रताड़ना कारण बताया गया, सोचने को मजबूर करती है कि आज की पीढ़ी की, विशेषकर स्त्रियों की मनोदशा या मानसिकता ऐसी क्यों होती जा रही है। वैवाहिक संबंधों में अविश्वसनीयता आज समाज के सामने एक बहुत बड़ी समस्या बन कर सामने खड़ा है। आधुनिक जीवनशैली में संवादहीनता से विश्वास और सम्मान का अभाव अब स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। 1 जनवरी से 31 मई 2025 के बीच पांच महीने में 1169 मामले फैमिली कोर्ट में पहुंचे हैं, जो 2024 की तुलना में 216 मामले अधिक हैं। इनमें तलाक के 700 व घरेलू हिंसा व भरण पोषण के 469 मामले हैं, जबकि 2024 में तलाक के 506 व भरण पोषण, घरेलू हिंसा के 447 फैमिली कोर्ट में आए थे। इन आँकड़ों से स्पष्ट है कि भारत जैसा देश जहाँ विवाह को जन्म-जन्मान्तर का सम्बन्ध माना जाता था, आजकल फैमिली क्राइसिस से गुज़र रहा है और वैवाहिक संस्था की आस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

जो कानून महिलाओं की सुरक्षा और अस्मिता की रक्षा के लिए बनाया गया था, उसी कानून का फ़ायदा उठा कर महिलाएँ अब पैसे ऐंठना, संपत्ति लूटना और पति व ससुराल वालों को मानसिक उत्पीड़न देने से नहीं कतराती हैं। ऐसा नहीं है कि महिलाओं को इस कानून की आवश्यकता नहीं थी, किन्तु दहेज कानून (498इ) और घरेलू हिंसा अधिनियम के दुरूपयोग के कई मामले अब जनता की नज़रों में आ चुके हैं। अवसाद, ईगो क्लैश, अपेक्षाओं का टकराव और आर्थिक अस्थिरता भी संबंधों में विष घोलते हैं। ऐसे में एक कदम आगे बढ़कर ह्त्या जैसी वारदातों को अंजाम देना एक नई समस्या की ओर इशारा कर रहा है ऽ मेंटल हेल्थ।

मानव जीवन अमूल्य है। विवाह यदि प्रेम, सहयोग और साझेदारी का आधार न बन सके तो उसे सुलझाने के कानूनी और सामाजिक उपाय होने चाहिए, न कि हिंसा या छल से इसका अंत। किसी भी पक्ष द्वारा मानसिक या शारीरिक शोषण केवल कानून का नहीं, नैतिकता का भी उल्लंघन है। हर मानव को सुनने और समझे जाने की आवश्यकता होती है। एक स्वस्थ दांपत्य के लिए केवल अधिकार नहीं, कर्तव्य और संवेदना की ज़रूरत है। इस कार्य के लिए कानून, समाज और प्रशासन की साझेदारी की भूमिका होनी चाहिए। समस्या गम्भीर है, किन्तु उपायों पर विस्तार से चर्चा होनी चाहिए। जैसे पूर्व-विवाह परामर्श को प्रोत्साहन दिया जाए। मीडिया और फिल्मों में संतुलित और संवेदनशील चित्रण हो ताकि विवाह और संबंधों की समझ सही रूप में विकसित हो। स्कूल स्तर पर नैतिक शिक्षा, सह-अस्तित्व और भावनात्मक






बुद्धिमत्ता को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। सामाजिक संस्थाओं को चाहिए कि वे विवाह के समय केवल उत्सव न करें, बल्कि जिम्मेदारियों की समझ भी विकसित करें। डिजिटल रिकॉर्डिंग और साक्ष्य को कानूनी रूप से अधिक मान्यता दी जाए जिससे झूठे आरोपों का पर्दाफाश हो सके। विशेषकर, राजा रघुवंशी केस में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। इस केस ने जिस प्रकार जनमानस और न्याय प्रणाली का ध्यान आकर्षित किया, उसमें मीडिया एक प्रमुख कड़ी के रूप में सामने आया। प्रारंभ में जब केस की जानकारी सीमित थी और पुलिस प्रशासन पर निष्पक्ष जांच को लेकर संदेह था, तब मीडिया ने लगातार रिपोर्टिंग कर इस मामले को सामने लाने का कार्य किया। इससे जनता में जागरूकता फैली और उच्चस्तरीय जांच की माँग उठी। मीडिया कवरेज ने जनभावनाओं को स्वर दिया और प्रशासन व न्यायिक संस्थाओं पर कार्रवाई के लिए नैतिक दबाव बनाया। यही दबाव था जिससे केस की जांच विशेष एजेंसियों तक पहुँच सकी। हालाँकि, कुछ मीडिया चैनलों द्वारा बिना ठोस प्रमाणों के आरोपियों को दोषी या निर्दोष ठहराने की प्रवृत्ति देखी गई, जिससे 'ट्रायल बाय मीडिया' जैसी स्थिति उत्पन्न हुई। इससे न्यायिक प्रक्रिया पर असर पड़ सकता है और यह निष्पक्ष न्याय के सिद्धांत के विरुद्ध जाता है। मीडिया ने केस से संबंधित अदालती कार्यवाहियों, साक्ष्यों और घटनाक्रमों को जनता तक पहुँचाने का कार्य किया, जिससे पारदर्शिता बनी रही। राजा रघुवंशी केस में मीडिया ने एक सजग प्रहरी की भूमिका निभाई, लेकिन कुछ जगहों पर इसकी निष्पक्षता और संयम पर प्रश्नचिन्ह भी लगे। इसलिए ऐसी संवेदनशील घटनाओं में मीडिया को जिम्मेदार और संतुलित भूमिका निभानी चाहिए ताकि न्याय और लोकतंत्र दोनों को बल मिले। आज की दुनिया में स्त्री और पुरुष दोनों ही समान रूप से संवेदनशील, भावनात्मक और पीड़ित हो सकते हैं। जिस समाज में किसी भी एक वर्ग की पीड़ा को उपेक्षित किया जाता है, वहाँ न्याय और संतुलन की बात अधूरी रह जाती है। यह आवश्यक है कि हम विवाह को एक संवेदनशील साझेदारी समझें, न कि संघर्ष का मैदान। केवल तभी हम एक ऐसे समाज की ओर बढ़ सकेंगे जो वास्तव में न्याय, करुणा और सह-अस्तित्व पर आधारित हो।

**दीपा लाभ**

# नौपता के बाद झुलसता जीवन

**मुकुंद**

मान्यता है कि भारत में नौपता के दिनों में सबसे अधिक गर्मी पड़ती है। यह बात अलग है कि इस बार नौतपा के नौ दिनों ने अधिक नहीं सताया। नौतपा खत्म होने के बाद पड़ रही गर्मी ने हाल-बेहाल कर दिया है। नौतपा पर कहावत है,''तपै नवतपा नव दिन जोय, तौ पुन बरखा पूरन होय''। इसका अर्थ है कि यदि नौतपा के नौ दिन खूब तपते हैं, तो बारिश अच्छी होगी।

यह एक अवधि है मानी जाती है। अब तक का यह शाश्वत सत्य है कि जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है तो गर्मी अपने चरम पर होती है। यह कहावत नौतपा के गर्मी के प्रभाव और उसके मानसून पर पड़ने वाले प्रभाव के बीच सीधे संबंध को रेखांकित करती है। देश का किसान इस कहावत पर विश्वास करता है। उसका दृढ़ विश्वास होता है कि नौतपा के दौरान अगर अच्छी गर्मी हो तो मानसून के दौरान अच्छी बारिश होगी। नौतपा पर एक अन्य मारवाड़ी कहावत है, ''दोए मूसा, दोए कातरा, दोए तिड्डी, दोए ताव । दोयां रा बादी जल हरै, दोए बिसर, दोए बाव।'' अर्थात पहले दो दिन लू न चले तो चूहे अधिक होंगे । दूसरे दो दिन हवा न चले तो कातरे (फसलों को नष्ट करने वाले कीट) बहुत होंगे । तीसरे दो दिन हवा न चले तो टिड्डी दल के आने की आशंका रहती है । चौथे दिन हवा न चलने पर बुखार आदि रोगों का प्रकोप बढ़ जाता है । पांचवें दो दिन हवा न चलने पर अल्प वर्षा होती है। छठे दो दिन लू न चले तो जहरीले जीव-जन्तुओं (सांप-बिच्छू आदि) की बहुतायत हो जाती है। सातवें दो दिन हवा न चले तो आंधी चलने की आशंका रहती । सरल अर्थ में सार यह है कि अधिक गर्मी पड़ने से चूहों, कीटों व अन्य जहरीले जीव-जन्तुओं के अंडे समाप्त हो जाते हैं, क्योंकि यह उनका प्रजनन काल होता है। इस समय लगभग सारा देश गर्मी से झुलस रहा है। कुछ राज्य बरसात होने से राहत महसूस कर रहे हैं। झुलसाती गर्मी रात को भी पीछा नहीं छोड़ रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग के आज सुबह के पूर्वानुमान ने तो डरा ही दिया है। इसमें साफ कहा गया है कि अगले चार दिन तक उत्तर-पश्चिम भारत में बढ़ते अधिकतम तापमान से कोई राहत मिलने के आसार नहीं हैं। हालांकि उसके बाद धीरे-धीरे दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने से गर्मी से राहत मिल सकती है। इसके अलावा अगले दो से तीन दिन के दौरान मध्य और पूर्वी भारत में अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। इस समय देश की राजधानी दिल्ली भी भीषण गर्मी से कराह रही है। 10 जून को तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। आज अधिकतम तापमान के 44 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का पूर्वानुमान लगाया है। नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद जैसे पड़ोसी शहर भी गर्मी के प्रकोप से अछूते नहीं हैं। कल यानी 10 जून को तो पंजाब के भटिंडा में अधिकतम तापमान 47.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इसके उलट महाराष्ट्र के नांदेड़ में न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 16 जून तक पश्चिमी राजस्थान के कई इलाकों में गर्म हवाएं चलने का पूर्वानुमान जारी किया है। पूर्वी उत्तर प्रदेश भी तप रहा है। पंजाब, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तरी मध्य प्रदेश को 12 जून को भी झुलसाने वाली हवा से छुटकारा मिलने के आसार नहीं हैं। पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, पंजाब और हरियाणा में सूरज आग उगल रहा है। वैज्ञानिकों को मौसम में बदलाव 16 जून से शुरू होने की उम्मीद है। मगर कुछ जगह इससे पहले ही कुछ राहत मिल सकती है। मसलन उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में 12 जून से ही गरज के साथ बादल जमकर बरस सकते हैं। हालांकि देश के अलग-अलग हिस्सों में जारी चक्रवाती प्रसार व हवाओं के ट्रफ से आंध्र प्रदेश, तटीय कर्नाटक, आंतरिक कर्नाटक, केरल और माहे, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल और तेलंगाना के अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश होने की आशंका जताई गई है। इन सभी राज्यों में 64.5 से 115.5 मिलीमीटर तक बारिश हो सकती है। असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाओं के साथ भारी बारिश के बीच आसमानी बिजली गिरने के आसार हैं। पूर्वोत्तर भारत के इन राज्यों में भी 64.5 से 115.5 मिलीमीटर तक पानी बरस सकता है।

## सेहत मंत्र

# तांबे के बर्तन में रखा पानी पीने से सेहत रहती है दुरुस्त

आपने बहुत से लोगों को सुबह उठकर तांबे के बर्तन में रखा पानी पीते देखा होगा। दरअसल, ऐसा करने से सेहत दुरुस्त रहती है। आयुर्वेद के अनुसार, तांबे के बर्तन में रखा पानी पीने से शरीर में वात, पित्त और कफ तीनों ही संतुलित रहते हैं और तांबे के बर्तन में रखा पानी हमेशा ताज़ा रहता है। तो आज से आप भी तांबे के बर्तन में पानी रखना शुरू कर दीजिए। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, तांबे में रखा पानी पीने से आपकी सेहत को कई तरह से फायदे पहुंचता है। यह शरीर में तांबे की कमी को पूरा करता है और चूंकि यह प्राकृतिक कीटाणुनाशक होता है इसलिए यह शरीर में बीमारी पैदा करने वाले कीटाणुओं को खत्म कर देता है। अमेरिकन कैंसर सोसायटी के अनुसार, तांबे में कैंसर विरोधी तत्व मौजूद होते है यानी यह कैंसर की बीमारी को रोकने में कारगर हो सकता है। तांबे का पानी पीने से पेट की सेहत एकदम दुरुस्त रहती है। रोज़ाना इसका पानी पीने से पेट दर्द, गैस, एसिडिटी और कब्ज की समस्या से छुटकारा मिलता है। शरीर को डिटॉक्सीफाई करने में भी तांबे का पानी मदद करता है। साथ ही यह आपकी किडनी और लिवर को भी स्वस्थ रखता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, यह किसी भी तरह के संक्रमण से निपटने में लाभदायक है। यदि आपको अक्सर त्वचा संबंधी समस्या होती है तो तांबे के बर्तन में रखा पानी पीएं। यह फोड़े, फुंसी, मुंहासे और त्वचा संबंधी अन्य परेशानियों को दूर करने में मदद करता है। आपको जानकर शायद हैरानी होगी, लेकिन हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, तांबे का पानी पाचनतंत्र को ठीक रखने के साथ ही वज़न कम करने में भी मदद करता है। ब्लड प्रेशर और बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में भी तांबे का पानी फायदेमंद है यानी यह आपके दिल को स्वस्थ रखने में मद करता है। तांबे में एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण होते है जिससे यह शरीर में दर्द, ऐंठन और सूजन की समस्या को दूर करता है। ऑर्थराइटिस के मरीजों के लिए भी यह बहुत फायदेमंद है। तांबे में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लामेंटरी गुण होते हैं जिससे यह शरीर के बाहर और अंदर के घाव को जल्दी भरने में मदद करता है। किसी भी चीज़ का पूरा फायदा तभी मिलता है जब उसे सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए। तांबे के बर्तन में रात में पानी भर दें।

## धर्म मंत्र

# बोधेश्वर महादेव मंदिर में आते हैं हजारों सांप और दूर होते हैं 'असाध्य रोग'

उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के बांगरमऊ के पास स्थित बोधेश्वर महादेव के मंदिर को लेकर लोगों में गहन आस्था है। इस मंदिर को लेकर कहा जाता है कि मंदिर स्थित शिवलिंग के स्पर्श मात्र से ही लंबे समय से पीड़ित गंभीर रोग दूर हो जाते हैं। इतना ही नहीं, इस मंदिर में दर्शन के लिए देशभर से श्रद्धालु आते हैं और दर्शन के साथ ही अपने रोगों से मुक्ति पाते हैं। इस मंदिर को लेकर एक कथा बेहद प्रचलित है जिसके अनुसार कहा जाता है कि एक बार नेवल के राजा को भगवान शिव ने सपने में आकर पंचमुखी शिवलिंग, नंदी और नवग्रह स्थापित करने के आदेश दिए। भगवान शिव से आदेश प्राप्त करने के बाद राजा ने इस कार्य को प्रारंभ किया और जब पंचमुखी शिवलिंग, नंदी और नवग्रह का निर्माण हो गया तो रथ पर इन्हें लेकर नगर में प्रवेश किया जाने लगा। तभी अचानक रथ का पहिया जमीन में धंसने लगा और लाख प्रयास के बाद भी रथ के पहिए को जमीन से नहीं निकाला जा सका। अंत में राजा ने उसी स्थान पर शिवलिंग, नंदी और नवग्रह की स्थापना कर भव्य मंदिर का निर्माण कराया। वहीं भगवान शिव द्वारा बोध कराए जाने के कारण इस मंदिर को 'बोधेश्वर महादेव' का मंदिर कहा जाता है। इस मंदिर की बनावट बेहद खूबसूरत है और इसे 15वीं शताब्दी की कलाकृति कही जाती है। मंदिर में स्थापित पंचमुखी शिवलिंग के पत्थर के विषय में कहा जाता है कि यह पत्थर दुर्लभ है और 400 साल पहले विलुप्त हो चुका है। अब धरती पर यह पत्थर नहीं मिलते हैं।

## पर्यटन



# नेल्लियापैथी पहाड़ियां केरल के सबसे आकर्षक हिल स्टेशनों में से एक

केरल की अपनी एक खूबसूरती है। इसमें भी उत्तरी केरल पूरी दुनिया में सबसे खूबसूरत गंतव्य में से एक है। इसे पर्यटकों के लिए स्वर्ग माना जाता है। केरल भारत के तटीय क्षेत्र में स्थित है और इसमें कुछ अद्भुत पार्क, भंडार, झीलें, पहाड़ियाँ और बहुत सी जगहें हैं, जिन्हें एक ही जगह पर ढूंढना मुश्किल है। इसलिए, केरल को दो भागों में विभाजित करके आसानी से भ्रमण किया जा सकता है, उत्तर केरल और दक्षिण केरल। जहां दक्षिण केरल में कुछ महत्वपूर्ण और प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यान शामिल हैं। दक्षिण केरल अपने लुभावने दृश्यों के साथ अक्सर पर्यटकों को आकर्षित करता है लेकिन उत्तर केरल में कुछ अद्भुत स्थान हैं, जहाँ पर एक बार जरूर जाना चाहिए। अगर आप एंडवेचर्स हैं या इतिहास प्रेमी हैं तो आपको यहां पर जरूर जाना चाहिए। यहां पर आपको एक बेहद ही प्राचीन किला देखने को मिलेगा, जिसमें प्राचीन वास्तुकला का इस्तेमाल किया गया है। इसके अलावा यहां पर एक समुद्र तट भी है। जो आपके मन को एक सुकून प्रदान करता है। यह किला 300 साल पहले बनाया गया था और यह समुद्र तट और अरब सागर के करीब है। इस स्थान पर रेल और बस द्वारा पहुँचा जा सकता है, हालाँकि निकटतम हवाई अड्डा मैंगलोर में सिर्फ 50 किमी दूर है। यह प्राकृतिक सौंदर्य और विभिन्न गतिविधियों के कारण पश्चिमी घाट के सबसे खूबसूरत हिल स्टेशनों में से एक है। इस स्थान पर आप कई गतिविधियों का आनंद ले सकते हैं। पहाड़ों की ट्रेकिंग करने से लेकर रॉक क्लाइम्बिंग यहां पर की जा सकती है। ट्रेकिंग के सबसे प्रसिद्ध स्थानों में से एक दिल के आकार की झील है जो शीर्ष पर स्थित है और पूरे परिदृश्य का सुंदर दृश्य देता है। इन गुफाओं में से कुछ में प्राचीन नक्काशी हैं जो हजार साल पुरानी हैं। गुफाओं की स्थापना सिंधु घाटी सभ्यता के समय के दौरान की गई थी, जो इसे यात्रा के लिए बहुत ही आकर्षक बनाती है। गुफाओं की यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय सुबह 9 से शाम 4 बजे तक है। गुफाएँ अम्बुकुट्टी पहाड़ियों पर वायनाड में स्थित हैं जहाँ से पहाड़ी पर पहुँचने के लिए कार या बस ली जा सकती है। पहाड़ियों पर चढ़ना तुलनात्मक रूप से आसान है और गुफा में शिलालेखों के लिए कुछ अच्छा दृश्य प्रस्तुत करता है।

# पुलिस की चौपाल में ग्रामीणों को बताए गए सुरक्षा के गुण

## ग्रामीणों को दी गई जागरूकता की सौगात, समस्याओं के त्वरित निस्तारण का दिया भरोसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी। शासन की मंशा के अनुरूप ''प्रशासन आपके द्वार'' कार्यक्रम के तहत आज पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में ग्राम पूरेदेवीदास मजरा मंझूपुर में एक प्रभावशाली ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों को प्रशासन से जोड़ते हुए उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक संतोष कुमार राय ने ग्रामीणों को साइबर अपराध से सतर्कता, मिशन शक्ति तथा कानूनी जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सामान्य नागरिक खुद को साइबर ठगी से सुरक्षित रख सकते हैं और महिलाएं मिशन शक्ति के अंतर्गत अपनी सुरक्षा हेतु अधिकारों का प्रयोग कर सकती हैं। चौपाल के दौरान ग्रामवासी सदाराम ने जलनिकासी की समस्या को प्रमुखता से उठाया। इस पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक राय ने



हल्का प्रभारी नवीन कुमार सिंह को आवश्यक निर्देश दिए, जिन्होंने तत्परता दिखाते हुए मौके पर ही ग्राम सचिव से वार्ता कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त नवीन कुमार सिंह ने भी ग्रामीणों को अपराधों की रोकथाम, महिला सुरक्षा और नशामुक्ति जैसे विषयों पर जागरूक किया और सभी को सतर्क व सजग रहने की सलाह दी।

कार्यक्रम में क्षेत्र के कई प्रमुख गणमान्य जन उपस्थित रहे, जिनमें महंत अनुपम दास, महंत सुधीर दास, ताऊ महाराज, महंत आलोक दास, महंत सुनील दास, पूर्व प्रधान रामनाथ, ब्रजराज पाल, मंशाराम, महेश पाल, सुनील तिवारी, क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि श्रवण कुमार, पप्पू पाल, हरि पाल, रामशंकर, सदाराम सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे। चौपाल में ग्रामीणों की भागीदारी सराहनीय रही और उन्होंने खुलकर अपनी बात रखी। कार्यक्रम का कुशल संचालन पत्रकार विकास तिवारी द्वारा किया गया, जिन्होंने संवाद और समन्वय की भूमिका में प्रभावशाली कार्य किया। इस प्रकार यह चौपाल न केवल संवाद का माध्यम बना, बल्कि प्रशासन और ग्रामीणों के बीच विश्वास की एक मजबूत कड़ी भी स्थापित कर गया।

# तिलोई में दो दर्जन गौशालाओं के बावजूद सड़कों पर मंडरा रहे मवेशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । क्षेत्र के प्रमुख कस्बों व गांवों में आवारा पशु किसानों के साथ राहगीरों के लिये मुसीबत बनते जा रहे हैं।किसानों को आवारा पशुओं की समस्या से निजात के लिये बनाये गये पशु आश्रय स्थलों में क्षमता से अधिक मवेशी होने की बात सामने आई है ऐसी दशा में किसानों को अपनी फसल को लेकर भविष्य की चिंता सताने लगी है।ब्लाक व तहसील के जिम्मेदार अधिकारी कागजी घोड़ा दौड़ाकर शासन प्रशासन को गुमराह करने से बाज नही आ रहे हैं।प्रशासन की कार्यप्रणाली से क्षेत्रीय किसानों में आक्रोश व्याप्त है।बताते चलें कि तहसील तिलोई क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में लाखों रुपये की लागत से निर्मित दो दर्जन पशु आश्रय स्थल संचालित किये जा रहे हैं जिनमें क्षमता से अधिक मवेशी होने की बात कही जा रही है। इन पशु आश्रय स्थलों की अपेक्षा कई गुना मवेशी खेतों,सड़कों व चौराहों पर मंडराते हुये देखे जा सकते है।ताज्जुब की बात तो यह है कि खेत खलिहानों व चौराहों की शोभा बढ़ाने वाले आवारा पशु किसानों राहगीरों के अलावा सरकारी मुलाजिमों को नजर नही आते हैं।यह आवारा पशु किसानों के जी का जंजाल बने हुये है।आवारा पशुओं द्वारा झुंड बनाकर चौराहों व दुकानों पर बैठने से आये दिन दुर्घटनाएं भी होती रहती है लेकिन जिम्मेदार लोग शायद किसी अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं।इन आवारा पशुओं द्वारा किसानों की फसलों को अनवरत कई वर्षों से बर्बाद किया जा रहा है।प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने और किसान हितैषी का राग भले ही अलापा जा रहा है लेकिन किसानों की फसल बर्बादी का सरकारी नुमाइंदों की सेहत पर कोई असर नही पड़ रहा है और वह अपने वातानुकूलित कमरों में मुस्कुराते हुये देखे जा सकते हैं।आम जनमानस की बातों पर अगर गौर किया जाय तो किसान इन आवारा पशुओं से त्रस्त आ चुके हैं लेकिन उन किसानों की व्यथा सुनने से भी खेवनहार परहेज करते हैं। खेत से लेकर सड़क तक आवारा पशुओं की संख्या कम होने का नाम नही ले रही है।अब देखना यह है कि किसानों और राहगीरों को इन आवारा पशुओं से निजात कब मिलेगी फिलहाल यह तो भविष्य के गर्भ में छिपा हुआ है।

# चोरी के अस्सी लीटर डीजल के साथ तीन शातिर चोर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना जामो पुलिस ने सड़क के किनारे खड़े ट्रकों से डीजल चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुये चोरी का अस्सी लीटर डीजल व चोरी की घटना में प्रयुक्त कार के साथ तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना जामो पर मंगलवार को वादी रामसरन द्वारा लिखित प्रार्थनापत्र दिया गया कि वादी अपना ट्रक खन्ना पेट्रोल पंप के पास सड़क के किनारे खड़ा करके ट्रक के अन्दर सो रहा था तभी रात्रि में समय करीब तीन बजे आहट पाकर जगकर देखा एक सफ़ेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार संख्या यूपी 32 एनएच 3061 खड़ी थी जिसकी डिग्गी में दो लोग बड़ी बड़ी पिपिया रख रहे थे शंका होने पर ट्रक से उतर कर देखा तो ट्रक की टंकी का ढक्कन खुला हुआ था तथा नीचे जमीन पर डीजल गिरा हुआ था।मैंने टंकी चेक किया तो करीब एक सौ बीस लीटर डीजल चोरी हो गया था।उक्त सूचना पर थाना जामो पुलिस ने अभियोग दर्जकर लिया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना जामो पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर स्विफ्ट डिजायर कार संख्या यूपी 32 एनएच 3061 पर सवार तीन संदिग्धों को रोककर नाम पता पूछने पर चालक ने अपना नाम अमन तिवारी पुत्र विनोद कुमार तिवारी निवासी निजाम पाकर मजरे मोहना थाना जायस दूसरे ने अपना नाम राजेन्द्र कुमार पुत्र राम जियावन निवासी पूरे डिंगुर सोनार मजरे भटगवां थाना गौरीगंज तो तीसरे ने अपना नाम आशीष मिश्रा पुत्र जगदीश प्रसाद मिश्रा निवासी सीएचसी कस्बा जामो थाना जामो बताया। स्विफ्ट डिजायर गाड़ी संख्या यूपी 32 एनएच 3061 की तलाशी लेने पर डिग्गी में रखी चालीस चालीस लीटर की दो प्लास्टिक की पिपिया में कुल अस्सी लीटर डीजल बरामद हुआ।इस सम्बंध में थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में युवकों ने बताया कि हम लोगों का गैंग लीडर राजेन्द्र कुमार है हम तीनों लोग घूम फिर कर इसी कार से रात में हाइवे के किनारे खड़े ट्रकों व पिकअप से डीजल चोरी कर राह चलते लोगों को बेच देते है । गिरफ्तार तीनों युवक शातिर अपराधी है जिनके विरूद्ध जनपद अमेठी के विभिन्न थानों पर पूर्व में भी चोरी, मारपीट आदि के संबंध में अभियोग पंजीकृत है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# ग्राम पंचायत इस्लामपुर में हरियाली की नई पहचान

## पर्यावरण संरक्षण में ग्रामीणों की जागरूकता बनी मिसाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़, बाराबंकी विकास खंड हैदरगढ़ की ग्राम पंचायत इस्लामपुर इन दिनों एक अनूठी पहचान बना चुकी है। बीते वर्ष पंचायत द्वारा रोपे गए तीन सौ पौधे अब किशोर अवस्था में पहुंचकर न केवल पर्यावरण को संवार रहे हैं, बल्कि गांव की सुंदरता में भी चार चांद लगा रहे हैं। इस पहल के पीछे जहां ग्राम प्रधान और सचिव की सतत निगरानी है, वहीं अब ग्रामीणों की जागरूकता और जिम्मेदारी भी इस कार्य को नई दिशा दे रही है।

**हरियाली से जीवन में आई ठंडक और ताजगी**

गांव के अलग-अलग कोनों में लगे ये पौधे अब बड़े होकर पेड़ बन चुके हैं, जिनकी छांव में लोग गर्मी के मौसम में राहत महसूस करते हैं। चिलचिलाती धूप में तापमान को नियंत्रित करने वाले ये पेड़ अब ग्रामीणों को यह अहसास कराते हैं कि पौधे केवल सुंदरता के लिए नहीं, बल्कि



जीवन रक्षा के लिए अनिवार्य हैं।

**ग्राम प्रधान मुकेश कुमार कहते हैं:**

हमने पौधे लगाए ही नहीं, उनकी देखभाल को एक मिशन बनाया। यही कारण है कि अब गांव में हर कोना हरा-भरा नजर आता है। यह केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं, आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य उपहार है।

पौधों की महत्ता – सिर्फ हरियाली नहीं, जीवन की नींव पौधे न केवल वातावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर ऑक्सीजन का उत्पादन करते हैं, जो मनुष्य जीवन के लिए आवश्यक है। साथ ही ये भूमि क्षरण को रोकते हैं, जल संरक्षण में सहायक होते हैं और जैव विविधता को बढ़ावा देते हैं। एक पेड़ अकेले साल भर में इतना ऑक्सीजन देता है, जिससे चार लोगों की सालभर की जरूरत पूरी हो सकती है। पंचायत अधिकारी अजय कुमार यादव ने कहा:ल्लगांव में जो पौधे लगाए गए थे, वे अब पर्यावरण के लिए वरदान बन गए हैं। अब आवश्यकता है कि हर नागरिक इसे अपनी जिम्मेदारी माने। इस बार और अधिक पौधे लगाए जाएंगे, जिसके लिए ग्रामीणों से सहयोग की अपेक्षा है।

एक पौधा – एक जीवनदायिनी जिम्मेदारीइस्लामपुर की सफलता यह सिखाती है कि केवल सरकार या पंचायत ही नहीं, हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह कम से कम एक पौधा रोपे और उसकी देखभाल करे। यह कोई एक दिन की मुहिम नहीं, बल्कि सतत प्रयास है। ग्राम पंचायत इस्लामपुर की यह हरित क्रांति साबित करती है कि जब प्रशासन, नेतृत्व और जनसहभागिता एक साथ काम करते हैं, तो बदलाव निश्चित होता है। आज इस्लामपुर का हर पेड़ न केवल छांव दे रहा है, बल्कि आने वाले कल के लिए आशा की एक मजबूत डाली भी बन चुका है। आइए, हम सब मिलकर यह संकल्प लें – ''एक पेड़ लगाएं, धरती को बचाएं''।

गांव की महिलाएं और युवा भी इस कार्य में पीछे नहीं हैं। महिलाओं ने इन पेड़ों के पास तुलसी और फूल के पौधे लगाए हैं, जिससे धार्मिक और सामाजिक महत्व भी जुड़ गया है। युवा मिलकर पानी देने और सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

# युवक के खाते से हजारों की साइबर ठगी, पीड़ित ने कोठी पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी । कोठी थाना क्षेत्र के ग्राम भानमऊ निवासी एक युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर खाते से हुई लाखों की निकासी की जांच व कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भानमऊ निवासी वीरेंद्र सिंह रावत पुत्र रामखेलावन रावत ने कोठी थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके खाते से अज्ञात लोगों ने धोखाधड़ी कर हजारों रुपये निकाल लिए हैं। वीरेंद्र के अनुसार, बुधवार को दोपहर लगभग 3:00 बजे उसके खाते से पहली बार 4,598 की निकासी की गई। इसके बाद क्रमशः 4:19 बजे




11,550, 4:27 बजे 3,850, फिर ?11,500 और अंत में ?31,548 की रकम निकाल ली गई। पीड़ित ने बताया कि उसका खाता पंजाब नेशनल बैंक की पंजाब शाखा में है। वह कुछ समय पूर्व तक पंजाब में ही रह रहा था तथा लगभग छह माह पूर्व ही अपने पैतृक गांव भानमऊ वापस आया है। वीरेंद्र का कहना है कि उसने किसी को भी अपने खाते की गोपनीय जानकारी नहीं दी थी, फिर भी इस प्रकार की बड़ी रकम की निकासी होना अत्यंत चिंताजनक है। इस संबंध में कोठी थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन प्रताप सिंह ने बताया कि प्रकरण की जानकारी प्राप्त हुई है। तहरीर के आधार पर मामले की गहराई से जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी पाया जाएगा उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## श्रीराम कथा से पूर्व निकाली गई शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

जायस अमेठी । गुरु गोरखनाथ जी की पावन जन्मस्थली जायस में सहकारी संघ जायस स्थित प्राचीनतम दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर के स्थापना दिवस की पच्चासवीं वर्षगांठ स्वर्णिम वर्षगांठ के रूप मे मनायी जा रही है जिसमे श्रीराम कथा आयोजन से पूर्व एक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जो कि नगर का भ्रमण किया जिससे पूरा जायस राम मय नजर आया। श्रीराम कथा का आयोजन श्री हनुमान दल रामलीला मैदान नसीराबाद मार्ग जायस मे किया जा रहा है। बुधवार को हनुमान मंदिर सहकारी संघ से चलकर हनुमान दल प्रांगण नसीराबाद रोड जायस पहुंचकर यात्रा सम्पन्न हुई। बताते चलें कि पिछले पचास वर्षों से चली आ रही जवाबी कीर्तन की परम्परा का निर्वहन करते हुये आगामी बीस जून को रात्रि में जवाबी कीर्तन राखी आजाद जालौन एव क्रांति माला कानपुर के मध्य होगा।बुधवार को भीषण गर्मी के बावजूद कलश यात्रा में भक्तगणों का उत्साह थमने का नाम नही ले रहा था और भक्तिमय गीतों पर भक्तों ने खूब धमाल मचाया।इस मौके पर संजय मित्तल, आलोक अग्रवाल, घनश्याम महेश्वरी,राज कुमार निर्मल, प्रदीप कुमार सिंह, अरविंद मोदनवाल,भोला गौड़,धर्मेन्द्र कुमार वर्मा, सुनील सोनी, ओम प्रकाश मौर्या, सत्येन्द्र पाण्डेय, सिद्धांत जैन, अनोखे लाल सोनकर, नीरज सिंह, शिवम साहू, शुभम सहित अन्य तमाम लोग शामिल रहे।

## भंडारा में श्रद्धालुओं को बांटा पूड़ी–सब्जी, खीर प्रसाद

अयोध्या। ज्येष्ठ मास के अंतिम बड़े मंगलवार पर श्रद्धालुओं को भंडारे में पूड़ी–सब्जी, खीर प्रसाद वितरण किया गया। यह भंडारा रामघाट चौराहे पर आयोजित रहा, जिसमें हजारों की संख्या में हनुमान भक्तों और श्रद्धालुओं ने बड़े ही चाव संग प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही साथ बजरंगबली के जयकारे भी लगाए। इस दौरान वहां आस्था, भक्ति व सेवा का संगम उमड़ पड़ा था। जिसमें हनुमान भक्तों ने गोता लगाया। ज्येष्ठ मास के अंतिम बड़े मंगलवार पर भंडारा का आयोजन रामघाट वासियों द्वारा किया गया था।

## मामूली विवाद में विवाहिता ने की आत्महत्या का प्रयास, पति ने तोड़कर दरवाजा बचाई जान

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । कोठी थाना क्षेत्र के बबकरपुर मजरे मीरापुर गांव में एक विवाहिता ने पारिवारिक विवाद के चलते साड़ी के फंदे से लटककर आत्महत्या करने का प्रयास किया। समय रहते पति ने दरवाजा तोड़कर उसकी जान बचा ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जूली (26 वर्ष) पत्नी देवानंद का मंगलवार दोपहर किसी मामूली बात को लेकर अपने पति से विवाद हो गया था। विवाद के बाद आक्रोशित होकर जूली ने खुद को कमरे में बंद कर लिया और साड़ी का फंदा बनाकर पंखे से लटकने का प्रयास किया। घर के बाहर मौजूद पति देवानंद को जब भीतर से दरवाजा बंद होने की आशंका हुई, तो उन्होंने तुरंत ग्रामीणों की सहायता से दरवाजा तोड़ दिया। जैसे ही वे अंदर पहुंचे, उन्होंने देखा कि जूली आत्महत्या का प्रयास कर रही थी। उन्होंने तुरंत उसे नीचे उतारकर इस घटना की सूचना पुलिस सहायता सेवा पीआरवी को दी। विवाहिता के ससुर परशुराम ने भी मामले की जानकारी पुलिस को दी है। हालांकि, कोठी थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अभी तक उन्हें इस संबंध में कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पीएम ने भारत को निडर, मजबूत और एकजुट बनाया– दया शंकर मिश्रा

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोदी सरकार के 11 साल पूरा होने पर उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दया शंकर मिश्रा 'दयालु' ने बुधवार को जिला पंचायत सभागार में भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया।इस दौरान उन्होंने केन्द्र सरकार की तमाम उपलब्धियां गिनाई। साथ ही प्रदर्शनी का भी उद्घाटन कर अवलोकन किया। उन्होंने उपलब्धियां गिनाते हुए कहा जहां भाजपा की सरकार है वहां गरीब का कल्याण है। कहा पीएम मोदी के कार्यकाल के ये 11 साल आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नींव के रूप में जाने जाएंगे। 2014 से पहले,हम एक कमज़ोर और अस्थिर अर्थव्यवस्था थे।भारत दुनिया में 11वें स्थान पर था।पिछले 11 सालों में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। पिछले 11 वर्षों में 27 करोड़ भारतीय को गरीबी से बाहर निकाला गया है।पीएम ने भारत को निडर, मजबूत और एकजुट बनाया है। पिछले 11 सालों में मध्यम परिवार के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश अभूतपूर्व वृद्धि और विकास की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है।इन 11 वर्षों में मेडिकल कॉलेज की संख्या 387से बढ़कर 780 और एम्स 7 से 23 हों चुके हैं।आज देश में 53 करोड़ धनजन खाते है।चार करोड़ घर,12 करोड़ शौचालय, 10 करोड़ एलपीजी कनेक्शन,11 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि,82 करोड़ को मुफ्त राशन एवं 14 करोड़ घरों तक नल का पानी पहुंच चुका है।54 करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड का फ़ायदा मिल रहा है।देश की उपलब्धियां बेमिसाल है।देश बदल रहा है।इतने बड़े स्तर पर समावेशी विकास का उदाहरण हाल के इतिहास में कहीं नहीं मिलता।भारत का आतंकवाद के प्रति नजरिया बदला है। सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट और अब ऑपरेशन सिंदूर में 'मोदी सिद्धांत' झलकता है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक संविधान है। सरकार ने महिलाओं को 33 %आरक्षण दिया। उन्होंने बताया रेलवे का बजट 9 गुना बढ़ा है।130 वंदे भारत ट्रेनें चल रही है।आपरेशन सिन्दूर में मेक इन इंडिया मिसाइलों का पूरी दुनिया में डंका बजा हैं।अब भारत निर्यातक देश के रूप में जाना जा रहा है। उन्होंने बताया कि देश के हर राज्य में परमाणु बिजली घर लगाए जाएंगे। पिछड़ा व बदहाल उत्तर प्रदेश अब एक्सप्रेस–वें के रूप में जाना जाता है। देश में 90 लाख स्वयं सहायता समूह स्वरोजगार के माध्यम से मजबूत हों रहे हैं। यूपी का लक्ष्य हर जिले में एक विश्वविद्यालय बनाने का है। मोदी सरकार में किसान राजनीतिक एजेंडे में आया है। पहली बार गरीब शासन की योजना का हिस्सा बन पाया है।अब योजनाएं किसी तुष्टिकरण का शिकार नहीं होतीं, बल्कि बिना भेदभाव समाज के प्रत्येक तबके को उसकी संतुष्टीकरण का आधार देने वाली होती हैं। इसके पहले मंत्री श्री दयालु ने 11 वर्षों की उपलब्धियों पर लगी प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया।इस दौरान उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए सराहना की।भाजपा मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी के संयोजन में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित हुई । प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ वर्मा, शहर विधायक विनोद सिंह, सदर विधायक राजप्रासाद उपाध्याय, लंभुआ विधायक, कादीपुर विधायक राजेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष, मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी, संदीप सिंह, विजय त्रिपाठी, घनश्याम चौहान,धर्मेन्द्र कुमार,आशीष सिंह रानू,बबिता तिवारी, अशोक सिंह,रीना जायसवाल, आकाश जायसवाल,राहुल भान मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# पुलिस अस्पताल में यदि डाक्टर होने के बाद भी नहीं ओपीडी करते,तो दूसरे डाक्टर को भेजा जाएगा : सीएमओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जिले को हर आफत से महफ़ूज़ रखने की जिनके कंधो पर जिम्मेदारी है, उनकी और उनके परिजनों की सेहत से क्रूर मजाक हो रहा है। जी हां सूत्र बताते है कि पिछले लंबे समय से जनपद में अंगद पांव की तरह जमें डॉ.लालजी की पोस्टिंग पुलिस हास्पिटल में है, लेकिन बमुश्किल कभी-कभार ही साहब बहादुर पुलिस अस्पताल आए होगें। सूत्र बताते है कि पूर्व में लंबे समय तक पुलिस अस्पताल में डां.महेंद्र मौर्य थे, जिन्होंने अपनी जिम्मेदारी को बाखूबी निभाया, पुलिस अस्पताल में रहते हुए डां.महेंद्र मौर्य का स्थानांतरण रायबरेली के मुख्य चिकित्साधिक्षक के पद पर हो गया। उसके बाद मौजूदा मुख्य चिकित्साधिकारी डां.डीके त्रिपाठी ने डां. लालजी को पुलिस लाइन के अस्पताल की जिम्मेदारी




सौंपी, बस उसी दिन से पुलिस अस्पताल के दुर्दिन शुरु हुए जो आजतक बरकरार है, पुलिस आवास में रहने वाले पुलिस के परिजनों की सेहत से खिलवाड करने वाले सरकार से लाखों रुपए वेतन के रूप में लेने वाले जिम्मेदारों से उनकी जवाबदेही कौन तय करेगा। 24घंटे रात-दिन आम जनता की हिफाजत में खड़े रहने वाले पुलिस के जवानों और उनके परिजनों की सेहत के ख्याल की जिम्मेदारी जिन्हें दी गई है, वो साहब तो बस गर्मी में एसी और जाड़े में हीटर व ब्लोवर में मुख्य चिकित्साधिकारी के आसपास ही दिखाई पड़ते है। ऐसे में सवाल बड़ा और गंभीर है कि क्या पुलिस के जवान और उनके परिवार की सेहत

### पुलिस अस्पताल मे तैनात एक डॉक्टर रहते है नदारद

भगवान भरोसे छोड़ दिया है।

आखिर पुलिस और उनके परिजन भी इंसान है, उनकी भी तबियत खराब होती है, उन्हें भी ईलाज की जरूरत पड़ती है, उनकी इतनी तनख्वाह नही है कि वह जिले के महंगे व नामचीन डाक्टरों से ईलाज करवा सके। हांलाकि मुख्य चिकित्साधिकारी डां.भारत भूषण ने कहा है कि यदि पुलिस अस्पताल में तैनाती के बाद भी डाक्टर नही जाते तो मामला गंभीर है। इसकी जांच होगी, साथ ही पुलिस अस्पताल को अतिशीघ्र डाक्टर उपलब्ध कराया जाएगा। जो प्रतिदिन ओपीडी समय में पुलिस जवानों के लिए मौजूद रहकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेगा।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 2-1 से हराया

एजेंसी

एंटवर्प। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोप दौरे पर अपना विजय अभियान जारी रखते हुए मंगलवार को बेल्जियम के खिलाफ 2-1 से रोमांचक जीत दर्ज की। यह मुकाबला बेल्जियम के एंटवर्प स्थित हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिज्कसे प्लेन में खेला गया। भारत की ओर से ललथनतलुआंगी (35वें मिनट) और गीता यादव (50वें मिनट) ने गोल किए। मुकाबले की शुरुआत से दोनों टीमों के बीच जबरदस्त संघर्ष देखने को मिला, लेकिन पहले हाफ में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। मैच का पहला गोल 35वें मिनट में भारत को पेनल्टी स्ट्रोक के रूप में मिला, जिसे ललथनतलुआंगी ने सफलतापूर्वक गोल में तब्दील कर भारत को बढ़त दिलाई।



चौथे और अंतिम क्वार्टर में बेल्जियम की ओर से वैन हेलमॉन्ट ने 48वें मिनट में फील्ड गोल करते हुए स्कोर को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। हालांकि, इसके तुरंत बाद 50वें मिनट में गीता यादव ने शानदार फील्ड गोल करते हुए भारत को दोबारा बढ़त दिला दी। इसके बाद भारतीय डिफेंस ने मजबूती से खेल दिखाया और बेल्जियम के आखिरी समय में किए गए लगातार हमलों को नाकाम कर दिया। इस जीत के साथ भारत ने बेल्जियम के खिलाफ लगातार दूसरी जीत दर्ज की है। भारतीय जूनियर महिला टीम अब अपने यूरोप दौरे का अंतिम मुकाबला 12 जून को एक बार फिर बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी।

### यूरोप दौरे पर दर्ज की लगातार दूसरी जीत

# फीफा विश्व कप 2026 क्वालिफायर्स: अल्माडा ने अर्जेंटीना की बचाई लाज, ऑस्ट्रेलिया-जापान सहित कई टीमें क्वालिफाई

एजेंसी

नई दिल्ली। मंगलवार को खेले गए फीफा विश्व कप 2026 क्वालिफायर्स के मुकाबलों में रोमांच चरम पर रहा, जहां एक ओर अर्जेंटीना ने 10 खिलाड़ियों के साथ कोलंबिया से ड्रॉ खेलते हुए अपराजित क्रम बरकरार रखा, वहीं ऑस्ट्रेलिया, जापान, ईरान, दक्षिण कोरिया और उज़बेकिस्तान जैसी टीमों ने अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया। ब्यूनस आयर्स में खेले गए मुकाबले में अर्जेंटीना को कोलंबिया के खिलाफ 1-1 की बराबरी पर संतोष करना पड़ा। कोलंबिया ने मैच के 24वें मिनट में लुइस डियाज़ के शानदार एकल प्रयास से बढ़त बना ली थी। अर्जेंटीना की मुश्किलें तब और बढ़ गईं जब एंज़ो फर्नांडीज को दूसरे हाफ में रेड कार्ड दिखाया गया, लेकिन 81वें मिनट में थियागो अल्माडा ने बराबरी का गोल दागकर अपनी टीम को हार से बचा लिया और अर्जेंटीना की अपराजित लय को पांच मैचों तक पहुंचा दिया।



जेद्दा में ऑस्ट्रेलिया ने सऊदी अरब को 2-1 से हराकर लगातार छठी बार फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर लिया। पहले गोल सऊदी अरब की ओर से अब्दुलरहमान अल-ओबूद ने 19वें मिनट में किया। लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने पहले हाफ के अंत में कॉनर मेटकाफ और फिर दूसरे हाफ की शुरुआत में मिच ड्यूक के गोल की बदौलत वापसी की। गोलकीपर मैटी रयान ने अपने 100वें अंतरराष्ट्रीय मैच में आखिरी पलों में पेनल्टी बचाकर जीत सुनिश्चित की।

जापान ने इंडोनेशिया को 6-0 से रौंदकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया, जिसमें डाइची कामाडा ने पहले हाफ में दो गोल किए। ईरान ने तेहरान में नॉर्थ कोरिया को 3-0 से हराया और ग्रुप इ में पहले स्थान पर रहा। वहीं दक्षिण कोरिया ने कुवैत को 4-0 से हराकर ग्रुप उ में अपराजित रहते हुए शीर्ष स्थान पाया। जॉर्डन में खेले गए मुकाबले में ओमान और फिलिस्तीन के बीच 1-1 की बराबरी हुई। फिलिस्तीन ने 49वें मिनट में बढ़त ली थी, लेकिन अंत समय में ओमान को पेनल्टी मिली, जिसे इस्साम अल-साबीह ने गोल में बदलकर अपनी टीम की क्वालीफिकेशन की उम्मीदों को जिंदा रखा। उज़बेकिस्तान ने कतर को 3-0 से हरा कर ग्रुप इ में दूसरा स्थान पाया। यूएई और किर्गिस्तान का मुकाबला 1-1 की बराबरी पर रहा, जिससे यूएई ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जोर्डन ने पहले ही क्वालिफाई कर लिया था, लेकिन उसे इराक से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा।

चीन ने बहरीन को 1-0 से हराकर अपने अभियान का समापन किया।

# इंग्लैंड ने तीसरे टी20 में वेस्टइंडीज 37 रन से हराया, दूसरी बार किया क्लीन स्वीप

एजेंसी

साउथैम्पटन। इंग्लैंड ने मंगलवार को साउथैम्पटन के यूटिलिटा बाउल मैदान पर खेले गए तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 37 रनों से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली। यह इंग्लैंड की 2021 के बाद पहली टी20आई सीरीज में क्लीन स्वीप है। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने सीमित ओवरों के नए कप्तान हैरी ब्रुक के नेतृत्व में लगातार दूसरी सीरीज में क्लीन स्वीप किया। टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 3 विकेट पर 248 रन बनाए, जो घरेलू सरजमीं पर उनका अब तक का सर्वोच्च स्कोर है। ओपनर बेन डकेट ने सिर्फ 20 गेंदों में अपना तीसरा टी20 अर्धशतक जड़ते हुए 84 रनों की धमाकेदार पारी खेली।



उनके साथ जेमी स्मिथ ने भी 60 रनों की पारी खेलते हुए टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। दोनों ने मिलकर सिर्फ 9 ओवर में 120 रन जोड़े।

जैकब बेथेल ने अंत में 36 रन की नाबाद तेज पारी खेली जिससे इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के सामने 249 रनों का विशाल लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने 14 छक्के जरूर लगाए, लेकिन 8 विकेट पर 211 रन ही बना सकी। रोवमैन पॉवेल ने 45 गेंदों में नाबाद 79 रनों की शानदार पारी खेली, लेकिन बाकी बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे सके। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में पहली बार 19-18 की बढ़त बना ली है। बेन डकेट ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से एक बार फिर साबित कर दिया कि वे इंग्लैंड के सबसे भरोसेमंद मल्टी-फॉर्मेट ओपनर हैं। उनकी पारी में शानदार रिवर्स स्वीप, कवर्स के ऊपर से शॉट्स और स्क्वायर लेग के पीछे छक्का शामिल था, जिसने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। डकेट की बल्लेबाजी ने युवा ओपनर स्मिथ को भी आत्मविश्वास दिया, जिन्होंने दोनों फॉर्मेट में इस सप्ताह पहला अर्धशतक जमाया है। पिछले 48 घंटे वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिए सबसे निराशाजनक साबित हुए हैं। पहले रविवार को सीरीज हार और फिर मंगलवार को एकतरफा हार। इसके बीच सोमवार को स्टार बल्लेबाज़ निकोलस पूरन ने सिर्फ 29 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया।

एक समय टी20 क्रिकेट की बादशाह रही वेस्टइंडीज टीम अब संघर्ष करती नजर आ रही है। हाल ही में समाप्त हुई इस सीरीज ने यह साफ कर दिया कि यह टीम अब उतनी प्रभावशाली नहीं रही, भले ही उसने इंग्लैंड से ज्यादा (35) छक्के लगाए हों।

स्कोरकार्ड: इंग्लैंड: 248/3 (बेन डकेट 84, जेमी स्मिथ 60, जैकब बेथेल 36) वेस्टइंडीज: 211/8 (रोवमैन पॉवेल 79*, शाई होप 45, मार्क वुड 3/31) इंग्लैंड ने मैच 37 रन से जीता, सीरीज 3-0 से अपने नाम की।

## आईओसी अध्यक्षीय हस्तांतरण समारोह 23 जून को

लुसाने (स्विट्ज़रलैंड)। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के निवर्तमान अध्यक्ष थॉमस बाक 23 जून को एक विशेष समारोह के दौरान आधिकारिक रूप से अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी किर्स्टी कोवेंट्री को सौंपेंगे। यह हस्तांतरण समारोह आईओसी मुख्यालय 'ओलंपिक हाउस' में सुबह 11 बजे से दोपहर 12:15 बजे (भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से 3:45 बजे तक) आयोजित किया जाएगा। थॉमस बाक ने 2013 में ब्यूनस आयर्स में आयोजित 125वें आईओसी सत्र में चुनाव जीतकर नौवें अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला था। उन्होंने आठ वर्षों का पहला कार्यकाल पूरा करने के बाद मार्च 2021 में बिना किसी विरोध के पुनः निर्वाचित होकर दूसरा चार वर्षीय कार्यकाल शुरू किया। मार्च 2025 में ग्रीस में आयोजित 144वें आईओसी सत्र के दौरान उन्हें आईओसी का आजीवन मानद अध्यक्ष चुना गया।

## संक्षिप्त समाचार

### एमआईसी को हराकर प्रयाग क्लब बना चैम्पियन

प्रयागराज। प्रयाग क्लब ने एमआईसी को नौ विकेट से हराकर स्वर्गीय केशरी नाथ त्रिपाठी स्मृति अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता के खिताब पर कब्जा जमा लिया। सीएवी कॉलेज मैदान पर बुधवार को खेले गये फाइनल मैच में टास जीतकर एमआईसी ने 21.3 ओवर में 77 रन बनाये। जवाब में प्रयाग क्लब ने 9.2 ओवर में एक विकेट पर 78 रन बना लिये। मैच में मोहम्मद नबी व आदित्य वर्मा अंपायर एवं खुर्शीद अहमद स्कोरर रहे। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के पूर्व अपर महाधिवक्ता नीरज त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि एनआईएस कोच हसबीन अहमद, पूर्व क्रिकेटर संतोष यादव एवं सेवानिवृत्त डीएसपी वीके आर्य ने पुरस्कार वितरित किये। अर्णव अग्रवाल को मैन आफ द मैच, मनित मालवीय को बेस्ट बॉलर और अनंत पाल को बेस्ट बैटर एवं मैन आफद टूर्नामेंट चुना गया। प्रतियोगिता के संरक्षक रमेश पाल, अध्यक्ष अभिजीत सोनकर और सचिव प्रशांत सिंह रिंकू ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। आयोजन सचिव शिवार्जित पाल ने धन्यवाद ज्ञापन एवं अजय सिंह यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर अमित सिंह, प्रिमांशु ब्रिज, अकील अब्बास रिजवी, प्रशांत खरे, रितेश जायसवाल, जुल नूरैन आदि मौजूद रहे।

### एनसीआर के पदक विजेता पहलवान वर्ल्ड चैम्पियनशिप में करेंगे प्रतिनिधित्व

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के दो पहलवानों उदित एवं जौंटी कुमार ने महाप्रबंधक उपेंद्र चंद्र जोशी से मुलाकात कर अपनी उपलब्धियों से अवगत कराया। दोनों खिलाड़ी आने वाले वर्ल्ड चैम्पियनशिप 13 से 21 सितम्बर में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि उदित ने फ्रीस्टाइल कुश्ती, भार वर्ग 57 किलोग्राम एवं 61 किलोग्राम में लड़ते हुए ओमान, जार्डन में आयोजित सीनियर एशियन कुश्ती चैम्पियनशिप 2025 एवं मंगोलिया में आयोजित सीनियर रैंकिंग सीरीज कुश्ती चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता। इसके पूर्व भी उन्होंने अखिल भारतीय रेलवे पुरुष कुश्ती चैम्पियनशिप, कपूरथला 2024 एवं सीनियर फ़ेडरेशन कप कुश्ती चैम्पियनशिप पंजाब 2024 में स्वर्ण पदक भी जीता था। जोन्टी कुमार ने फ्रीस्टाइल कुश्ती, भारवर्ग 86 व 97 किलोग्राम में खेलते हुए सीनियर एशियन कुश्ती चैम्पियनशिप, ओमान, जार्डन 2025 में चतुर्थ स्थान, अखिल भारतीय रेलवे पुरुष कुश्ती चैम्पियनशिप, कपूरथला 2024 एवं सीनियर नेशनल कुश्ती चैम्पियनशिप 2024, पुणे (महाराष्ट्र) में स्वर्ण पदक जीत कर राष्ट्र और जोन को गौरवान्वित किया। उत्तर मध्य रेलवे के कुश्ती कोच संदीप दाहिया और खिलाड़ियों ने महाप्रबंधक से उनके कार्यालय में जाकर उनको इन उपलब्धियों से अवगत कराया। महाप्रबंधक ने खिलाड़ियों से प्रत्येक के विषय में जानकारी ली और उनको हासिल की गई शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए आगे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। महाप्रबंधक ने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी वे उत्तर मध्य रेलवे और राष्ट्र के लिए इसी तरह की उपलब्धियां हासिल करेंगे। इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के अध्यक्ष एसपी द्विवेदी, उपाध्यक्ष, महासचिव, सर्वेश चंद द्विवेदी, सचिव-महाप्रबंधक अखिल शुक्ला, उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के संयुक्त सचिव डॉ. अमित मालवीय उपस्थित रहे।

# ब्राज़ील और इक्वाडोर ने पक्की की विश्व कप 2026 की टिकट

एजेंसी

नई दिल्ली। साओ पाउलो और लीमा में बुधवार (भारतीय समयानुसार) को खेले गए मुकाबलों में ब्राज़ील और इक्वाडोर ने फीफा विश्व कप 2026 के लिए अपनी जगह पक्की कर ली। ब्राज़ील ने कोरिंथियंस एरिना में पराग्वे को 1-0 से हराकर, जबकि इक्वाडोर ने पेरू के खिलाफ 0-0 की ड्रॉ खेलकर क्वालीफिकेशन सुनिश्चित किया।

ब्राज़ील के लिए एकमात्र गोल रियल मैड्रिड के स्टार फॉरवर्ड विनीसियस जूनियर ने 44वें मिनट में किया। उन्होंने मैथ्यूस कुन्हा के पास पर नजदीक से गेंद को गोलपोस्ट में डालते हुए टीम को बढ़त दिलाई। यह ब्राज़ील के नए कोच कार्लो एंसेलोटी की पहली जीत रही, जो उनके घरेलू डेब्यू में ही मिली।

इस जीत के साथ ब्राज़ील अब 16 मैचों में 25 अंकों के साथ कॉनमेबोल क्वालीफाइंग स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है, जिससे वह शीर्ष छह में रहते हुए सीधे विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर गया। इसके साथ ही ब्राज़ील ने अपने ऐतिहासिक रिकॉर्ड को कायम रखा- वह एकमात्र देश है जिसने अब तक हर फीफा विश्व कप टूर्नामेंट में भाग लिया है। वहीं इक्वाडोर ने भी पेरू से ड्रॉ खेलकर कुल 25 अंकों के साथ दक्षिण अमेरिका की टॉप छह टीमों में जगह बना ली। 2022 कतर विश्व कप में ग्रुप स्टेज से बाहर होने वाली इक्वाडोर की टीम अब पांचवीं बार विश्व कप में खेलेगी। पेरू के खिलाफ मुकाबले में इक्वाडोर को रेड कार्ड मिलने के बावजूद टीम ने साहसिक प्रदर्शन करते हुए जरूरी एक अंक हासिल किया। इन दोनों परिणामों के बाद दक्षिण अमेरिका से विश्व कप में प्रतिस्पर्धा करने वाली दो और टीमों का नाम तय हो गया है।



# निकोलस पूरन बने एमआई न्यूयॉर्क के कप्तान

एजेंसी

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर निकोलस पूरन को अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में एमआई न्यूयॉर्क टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। 2025 सीजन से पहले यह घोषणा ऐसे समय पर की गई है जब पूरन ने ठीक एक दिन पहले ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की थी।

फ्रेंचाइजी ने एक बयान में बताया कि हमारा हीरो, हमारा लीजेंड, हमारा कप्तान! 29 वर्षीय पॉकेट डायनामाइट, एमआई न्यूयॉर्क सुपरस्टार निकोलस पूरन को कॉग्निजेंट मेजर लीग क्रिकेट के 2025 सीजन से पहले एमआई न्यूयॉर्क का कप्तान बनाया गया है।

निकोलस को दुनिया के बेहतरीन टी20 खिलाड़ियों में गिना जाता है। उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए कुल 167 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले, जिसमें 106 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले शामिल हैं, जो किसी भी वेस्टइंडीज खिलाड़ी द्वारा सबसे ज्यादा हैं। इसके साथ ही वे वेस्टइंडीज की ओर से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज भी रहे, जिन्होंने 2,275 रन बनाए।

निकोलस पूरन ने 2024 में अपने करियर का सबसे शानदार वर्ष बिताया। उन्होंने कैलेंडर ईयर में रिकॉर्ड 170 छक्के लगाए। इसके बाद इस साल आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स की तरफ से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने इस सीजन कुल 524 रन बनाए, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 196.25 रहा और उन्होंने पांच अर्धशतक जड़े। अब एमआई न्यूयॉर्क की कप्तानी का जिम्मा संभालते हुए निकोलस पूरन फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अपने अनुभव और आक्रामक बल्लेबाजी का जलवा अमेरिका की लीग में दिखाने को तैयार हैं।

# सर्राफा बाजार में लगातार चौथे दिन सोने की कीमत में गिरावट, चांदी में तेजी जारी

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार चौथे दिन सोने के भाव में गिरावट का रुख नजर आ रहा है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 97,570 रुपये से लेकर 97,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,440 रुपये से लेकर 89,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना के विपरीत चांदी के भाव में भी आज तेजी का रुख नजर आ रहा है, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,000 रुपये महंगी होकर 1,09,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।दिल्ली में 24 कैरेट सोना 97,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 89,590 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 97,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 97,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 97,570 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 89,440 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 97,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 97,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 89,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 89,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 97,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# उतार-चढ़ाव के बाद बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों को 10 हजार करोड़ का फायदा

एजेंसी

नई दिल्ली । पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी। इसके बाद बाजार में उतार-चढ़ाव होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार में मजबूती भी आई। बिकवाली का दबाव बनने पर इसने लाल निशान में गोता भी लगाया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.15 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान आईटी, ऑयल एंड गैस और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। इसी तरह ऑटोमोबाइल, मेटल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर एफएमसीजी,



बैंकिंग, कंज्यूमर ड्युरेबल्स और कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.06 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 455.53 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 455.41 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 12 हजार करोड़ रुपये का फायदा हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,180 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,233 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,813 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 134 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,610 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,436 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,174 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए।


## विशेष रेलगाड़ी सं. 04216/04215 की समय-सारणी में संशोधन

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा रेलगाड़ी सं. 04216/04215 सुलतानपुर जं.-साबरमती-सुलतानपुर जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस की समय-सारणी में संशोधन करने का निर्णय लिया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी सं. 04216/04215 सुलतानपुर जं.-साबरमती-सुलतानपुर जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस | | | | 06 फेरे |
|---|---|---|---|---|
| गाड़ी सं. 04216 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04215 | |
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 04:00 | सुलतानपुर जं. | 11:00 | --- |
| 06:20 | 06:30 | लखनऊ जं. | 07:35 | 07:45 |
| 08:20 | 08:25 | कानपुर सेंट्रल जं. | 05:55 | 06:00 |
| 10:20 | 10:25 | इटावा जं. | 02:15 | 02:20 |
| | | वाया शमशाबाद टाउन | | |
| 15:25 | 15:30 | आगरा छावनी | 23:05 | 23:10 |
| 16:35 | 16:40 | भरतपुर जं. | 22:00 | 22:05 |
| 18:20 | 18:25 | बाँदीकुई जं. | 19:40 | 19:42 |
| 19:35 | 19:45 | जयपुर जं. | 18:00 | 18:10 |
| 20:28 | 20:30 | फुलेरा | 17:14 | 17:16 |
| 22:45 | 22:55 | अजमेर जं. | 16:00 | 16:10 |
| 23:40 | 23:42 | ब्यावर | 15:15 | 15:17 |
| 00:50 | 00:55 | मारवाड़ जं. | 14:10 | 14:15 |
| 01:35 | 01:37 | फालना | 13:06 | 13:08 |
| 03:20 | 03:30 | आबूरोड | 11:40 | 11:50 |
| 05:15 | 05:17 | पालनपुर जं. | 10:58 | 11:00 |
| 06:05 | 06:07 | महेसाना जं. | 09:38 | 09:40 |
| 07:30 | ----- | साबरमती | ----- | 08:50 |

चलने के दिन: 04216 सुलतानपुर जं. से प्रत्येक शुक्रवार को 13.06.2025 से 27.06.2025 तक और 04215 साबरमती से प्रत्येक शनिवार को 14.06.2025 से 28.06.2025 तक। स्थान: शयनयान एवं समान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

1728/2025

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

सदैव आपकी सेवा में

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें


ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने अमरनाथ गुफा मंदिर के दर्शन किये

एजेंसी

श्रीनगर। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को वार्षिक श्री अमरनाथ जी यात्रा की औपचारिक शुरुआत करते हुए पवित्र गुफा में 'बाबा बर्फानी' के दर्शन किये ।

अड़तीस दिवसीय वार्षिक अमरनाथ यात्रा इस साल तीन जुलाई से नौ अगस्त तक चलेगी। श्री सिन्हा ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा, हर हर महादेव। बाबा बर्फानी के दर्शन किए और पवित्र गुफा में 'प्रथम पूजा' के साथ वार्षिक श्री अमरनाथ जी यात्रा की औपचारिक शुरुआत की। बाबा अमरनाथ जी हम सभी पर अपना दिव्य आशीर्वाद बनाए रखें। मैं बाबा बर्फानी के सभी भक्तों से अनुरोध करता हूं कि वे पवित्र यात्रा के लिए बड़ी संख्या में आएं तथा जम्मू कश्मीर और देश की प्रगति के लिए महादेव से प्रार्थना करें। उन्होंने कहा कि श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) और प्रशासन ने तीर्थयात्रियों की सुविधाओं में सुधार किया है तथा जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना, सीआरपीएफ और सीएपीएफ ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पुलिस और अर्द्धसैनिक बल तीन जुलाई से शुरू होने वाली सुरक्षित तीर्थयात्रा के लिए पूरी निष्ठा, समर्पण, सहयोग और स्पष्ट उद्देश्यों के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ल्लजम्मू-कश्मीर के लोगों, नागरिक समाज और सभी सेवा प्रदाताओं का अमूल्य योगदान हमेशा असाधारण रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि सुविधाओं और सेवाओं में महत्वपूर्ण सुधार यह सुनिश्चित करेंगे कि इस वर्ष की तीर्थयात्रा सभी भक्तों के लिए यादगार और आध्यात्मिक रूप से संतुष्टिदायक हो। इससे पहले उपराज्यपाल ने मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले के बालटाल में श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड के आपदा प्रबंधन और यात्री निवास परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने साइट पर किए जा रहे कार्यों की प्रगति का पता लगाया और अधिकारियों को श्री अमरनाथ जी यात्रा के तीर्थयात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ाने के लिए विकसित की जा रही बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने टास्क फोर्स के सदस्यों और यात्रा ट्रैक को बेहतर बनाने और बनाए रखने में लगे बीआरओ के कर्मचारियों के साथ भी बातचीत की। उपराज्यपाल के साथ एसजेएम गिलानी, एमडी जेएंडके पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन मनदीप के भंडारी, उपराज्यपाल के प्रमुख सचिव एवं अमरनाथजी श्राइन बोर्ड के सीईओ विजय कुमार बिधूड़ी, डिवीजनल कमिश्नर कश्मीर वीके बिरदी, आईजीपी कश्मीर जतिन किशोर, डिप्टी कमिश्नर गंदेरबल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



# भारत ने 11 साल में पार किए कई मील के पत्थर : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सभी वर्गों के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले 11 वर्षों में हासिल किए गए विकासात्मक मील के पत्थरों की एक श्रृंखला का प्रदर्शन किया।

भाजपा की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की उपलब्धियों के बारे में मीडिया के सामने एक घंटे तक प्रस्तुति दी। इस बात पर जोर देते हुए कि 2014 में मोदी सरकार के सत्ता संभालने से पहले ऐसी प्रगति कभी नहीं देखी गई थी। इस कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं के अलावा भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, निर्मला सीतारमण और नितिन गडकरी, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी एवं राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी संजय मयूख सहित विभिन्न प्रवक्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सरकार ने न केवल आर्थिक परिवर्तन की दिशा में काम किया है, बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर को बढ़ाने के लिए लाखों लोगों के सशक्तिकरण के लिए भी काम किया है और देश की सुरक्षा में सुधार किया है। सड़क और रेलवे नेटवर्क का विस्तार किया है, साथ ही पूर्ण विद्युतीकरण किया है, जो सबसे दूरदराज के क्षेत्रों तक आसान पहुंच स्थापित किया है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के रोजगार संबंधी आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि ये रोजगार सृजन में वृद्धि और कर्मचारियों के लाभों के बारे में जागरूकता को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि साथ ही मोदी सरकार ने चिनाब ब्रिज, अटल टनल और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी सहित कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का नेतृत्व किया है, जो भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य फोकस विकलांगों, ट्रांसजेंडरों और दलित, आदिवासी एवं पिछड़े समूहों सहित हाशिए पर पड़े समुदायों का सशक्तिकरण रहा है। स्वच्छ जल, बिजली, स्वास्थ्य सेवा और डिजिटल सेवाओं जैसी आवश्यक सुविधाओं तक पहुंच का विस्तार लाखों घरों तक किया गया है। हरित ऊर्जा में भारत के नेतृत्व को भी इस कार्यक्रम में प्रदर्शित किया गया जिसमें मंत्रालय ने कहा कि भारत स्थिरता में नए वैश्विक मानक स्थापित करना जारी रखता है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय नेताओं की प्रशंसा प्राप्त होती है।

श्री वैष्णव ने कहा कि जब भारत अपनी पहली स्वतंत्र मानव अंतरिक्ष उड़ान की तैयारी कर रहा है और चंद्रमा और उससे आगे की ओर देख रहा है, तो अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में सरकार का निवेश वैश्विक मंच पर देश की बढ़ती प्रमुखता को रेखांकित करता है। अंत्योदय के सिद्धांत से निर्देशित होकर, सरकार ने सभी कल्याणकारी योजनाओं में 100 प्रतिशत संतृप्ति के लिए प्रयास किया है।

# सीएए को चुनौती: सुप्रीम कोर्ट ने की पाकिस्तानी नागरिक की याचिका खारिज

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के कुछ प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाले एक पाकिस्तानी नागरिक की याचिका बुधवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति पी के मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने दीर्घकालिक वीजा पर गोवा में रह रहे जूड मेंडेस की इस याचिका विचार करने से इनकार कर दिया, लेकिन इस मामले में बम्बई उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की उन्हें अनुमति दी। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने दलील देते हुए कहा, ल्लमैं (जूड मेंडेस) 2014 के बाद भारत आया हूं। मैं एक ईसाई पाकिस्तानी नागरिक हूं। मैं सीएए के प्रासंगिक प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती दे रहा हूं। इस पर अदालत ने कहा, बम्बई उच्च न्यायालय के समक्ष के जाएं।ङ्कशीर्ष अदालत के इस मसले पर विचार करने से इनकार के बाद अधिवक्ता ने याचिका वापस लेने की गुहार लगाते हुए कहा कि याचिका वापस लेने की स्वतंत्रता दी जा सकती है?इस पर अदालत में आदेश पारित करते हुए कहा, उच्च न्यायालय जाने की स्वतंत्रता के साथ याचिका को वापस लिया गया। याचिकाकर्ता दीर्घकालिक वीजा पर गोवा में रह रहा है। उसने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया और इस मामले में गुरुवार को विशेष उल्लेख करके तत्काल सुनवाई की गुहार लगाई थी। पाकिस्तानी नागरिक की ओर से पेश अधिवक्ता ने मामले को तत्काल सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ के समक्ष गुहार लगाई थी। पीठ ने उनकी दलीलें सुनने के बाद मामले को शीघ्र सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की थी।

# सरकार ने 11 साल में संवैधानिक संस्थाओं का किया दुरुपयोग : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके नेतृत्व वाली सरकार अपने 11 साल की उपलब्धियों का जबरदस्त ढोल पीट रही है लेकिन सच यह है कि इन वर्षों में कोई ठोस कार्य होने की बजाय सिर्फ संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग हुआ है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को यहां पार्टी के नये मुख्यालय इंदिराभवन में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संवैधानिक संस्थाएं प्रजातंत्र को मजबूत करने का काम करती थीं, लेकिन आज सभी संस्थाएं मोदी सरकार के दबाव में हैं। स्थिति ये है कि पहली बार देश में प्रधानमंत्री के बारे में चर्चा हो रही है कि वो अनपढ़ हैं या साक्षर हैं। श्री मोदी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा श्री मोदी कुपढ़ हैं, तभी तो विज्ञान के युग में 'नाली की गैस से खाना पकाने और बादलों में रडार काम नहीं करता' ये ज्ञान बांटते हुए हमने देखा है। पिछले 11 साल में छल, प्रपंच, झूठ की राजनीति रही, सच को जनता से छिपाया गया, अमीर और अमीर बना, गरीब और गरीब बना। भाजपा सरकार पर नौजवानों को छलने का आरोप लगाते हुए श्री बघेल ने कहा कि सरकार ने हर साल दो करोड़ लोगों को रोजगार देने की बात की थी लेकिन हालात यह है कि रेलवे में भर्ती बंद है, आरक्षण के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है और जो सरकार में जो रिक्त पद हैं, उनको भरा नहीं जा रहा है। देश में अर्थनीति को छिन-भिन्न बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कैमराजीवी हैं और उन्होंने जितने दावे किए वो सब झूठे निकले। सरकार ने इस तरह से योजना बनाई है, जिसका लाभ आम जनता नहीं ले पा रही है। सरकार 'आयुष्मान भारत योजना' ले कर लाई लेकिन लोग इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं, उज्ज्वला योजना के तहत लाखों लोग सिलेंडर रिफिल नहीं करा पाए, सरकार महिला आरक्षण की बात करती है, लेकिन इसे लागू कब किया जाएगा, इसका कोई जवाब नहीं है और यही हाल जातिगत जनगणना के विषय में भी है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने किसानों की आय दोगुनी करने और स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट को लागू करने की बात कही थी, लेकिन आज किसान अपनी फसल को औने-पौने दाम में बेचने को मजबूर हैं। श्री बघेल ने कहा कि आज हालात ये हैं कि पूरे देश में डीएपी खाद नहीं मिल रहा, कई राज्यों में बीज उपलब्ध नहीं हैं। श्री मोदी सरकार की फसल बीमा योजना से अपने मित्रों को लाभ पहुंचा रहे हैं।

# आईएलओ ने की भारत में श्रम सुधारों की सराहना

एजेंसी

नयी दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने भारत में श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ाने की सराहना की है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों के लिए कल्याण नीतियों की प्रशंसा की है। केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि आईएलओ ने अपने डैशबोर्ड (सूचना पट) पर लिखा है कि भारत के सामाजिक सुरक्षा दायरे में जबरदस्त वृद्धि हुई है जो वर्ष 2015 में 19 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2025 में 64.3 प्रतिशत हो गया। आईएलओ के अनुसार यह वृद्धि दुनिया भर में सामाजिक सुरक्षा दायरे में सबसे तेज विस्तार को दर्शाती है। सामाजिक सुरक्षा के संदर्भ में भारत अब दुनिया में दूसरे स्थान पर है। भारत में 94 करोड़ से अधिक नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा दायरे में हैं। स्विटजरलैंड के जेनेवा में अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन (आईएलसी) के अवसर पर आईएलओ के महानिदेशक गिल्बर्ट एफ. हंगबो के साथ द्विपक्षीय चर्चा करते हुए केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मनसुख मांडविया ने पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार की गरीब-हितैषी और श्रमिक कल्याण योजनाओं का उल्लेख किया। आईएलओ ने डैशबोर्ड पर लिखा है कि भारत की 64.3 प्रतिशत आबादी, यानी 94 करोड़ से ज़्यादा लोग अब कम से कम एक सामाजिक सुरक्षा लाभ के अंतर्गत आते हैं। वर्ष 2015 में यह आँकड़ा सिर्फ़ 19 प्रतिशत था। लाभार्थियों की संख्या के मामले में भारत अब दुनिया में दूसरे स्थान पर है, जो लगभग 94 करोड़ नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर रहा है। आईएलओ के महानिदेशक ने श्री मोदी के नेतृत्व में गरीबों और मजदूर वर्ग के लिए भारत की केंद्रित कल्याणकारी नीतियों की प्रशंसा की है।

# पेज एक का शेष

## लू और तपिश...

बुधवार को बुंदेलखंड, आगरा मंडल और दिल्ली एनसीआर के जिले प्रचंड गर्मी की चपेट में रहे। झांसी में तापमान 45 डिग्री से अधिक रहा। आगरा, बांदा, प्रयागराज, वाराणसी आदि में तपिश और गर्म हवा के थपेड़ों से लोग बेहाल रहे। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 12 जून के बाद बंगाल की खाड़ी से उठे नमी के असर से प्रदेश के पूर्वांचल व अन्य हिस्सों में गरज चमक के साथ बूंदाबांदी के संकेत हैं। यहां है लू की चेतावनी : मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, झांसी और आसपास के इलाकों में।

## भारत में भीषण गर्मी...

चुकी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लंबे समय तक चलने वाली ये गर्मी अब अनियमित और तीव्र वर्षा की ओर ले जा रही है, जिससे 2030 तक देश के 80 प्रतिशत जिलों में बारिश होने के आसार हैं। आईपीई ग्लोबल में जलवायु प्रमुख अविनाश मोहंती ने चेतावनी देते हुये कहा, ल्लपरिवर्तन की गति और पैमाने अभूतपूर्व हैं। हम देख रहे हैं कि मानसून लंबी गर्मियों जैसी स्थितियों में बदल रहा है, जिससे बारिश अप्रत्याशित रूप से बढ़ रही है। इस स्थिति को संभालना मुश्किल है और इससे उबरना और भी मुश्किल है। वर्ष 2030 तक टियर-। और टियर-2 के 72 प्रतिशत शहरों में बार-बार गर्मी, भयंकर बारिश, बिजली के तूफान और यहां तक कि ओलावृष्टि भी होने का अनुमान है। विशेषतौर पर तटीय जिले गंभीर खतरे में हैं। यहां लगभग 70 प्रतिशत लोगों को मानसून के दौरान भी गर्मी जैसी स्थितियों का ही सामना करना पड़ सकता है। यह प्रतिशत वर्ष 2040 तक 79 प्रतिशत तक हो सकता है। अध्ययन में कहा गया है कि गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु, ओडिशा, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों को गर्मी और बाढ़ दोनों का सामना करना पड़ेगा, जिससे इन प्रदेशों के 80 प्रतिशत से अधिक जिले प्रभावित होंगे। आईपीई ग्लोबल के प्रबंध निदेशक अश्वजीत सिंह ने जोर देकर कहा कि समूचे विश्व के दक्षिणी भाग खास तौर पर भारत दोहरे नुकसान में हैं, जो विकास के लिये संघर्ष करते हुये जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभावों से भी जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि वनों की कटाई, भूमि-उपयोग में बदलाव, आर्द्रभूमि और झाड़ियों एवं इसी प्रजाति के पेड़ों का विनाश देश के स्थानीय जलवायु संकट को बढ़ा रहा है। इन मानव-जनित परिवर्तनों के कारण कई संवेदनशील जिलों में भूमि उपयोग में 63 प्रतिशत बदलाव आया है। अध्ययन में आह्वान किया गया है कि उपग्रह डाटा और जलवायु मॉडल का उपयोग करने वाली राष्ट्रीय जलवायु संकट वेधशाला (सीआरओ) का जिला स्तर पर गठन किया जाये, ताकि इस बाबत स्थानीय कार्रवाई की अगुवाई हो सके। गौरतलब है कि भारत पहले से ही जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभावों का सामना कर रहा है। तत्काल और व्यापक कार्रवाई के बिना ये प्रभाव और भी गंभीर हो जायेंगे, जिससे जीवन, बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास के खतरे में पड़ने की आशंका है।

## संतों ने समाज...

जब बिना भेदभाव सबको समान अधिकार व अन्न मिलेगा। संत रविदास की इन बातों को प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना के माध्यम से इसे अक्षरशः लागू किया। कोरोना जैसी महामारी काल से अब तक 81 करोड़ लोगों को अन्न वितरण कराया जा रहा है और यही संतों की प्रेरणा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रविदास महाराज की पावन जन्मभूमि सीरगोवर्धन की सड़कें 2014 के पहले सिंगल लेन की थीं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से उसे फोरलेन से जोड़ दिया गया। आश्रम को भव्य रूप दे दिया गया है। गुरु रविदास की भव्य प्रतिमा व अन्न क्षेत्र का निर्माण किया गया। सैकड़ों बीघा जमीन को खरीदकर सतगुरु रविदास महाराज के नाम पर पार्क व प्रतिमा की स्थापना हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुकतीर्थ पौराणिक तीर्थ है। यह भागवतभूमि है। पांच हजार वर्ष पहले शुकदेव महाराज ने राजा परीक्षित को भागवत की पहली कथा इस धाम पर सुनाकर भक्ति, ज्ञान, मुक्ति के महत्व की प्रेरणा बताई थी। मां गंगा भारत के सनातन धर्म परंपरा की अविरल धारा है, जो सम-विषम परिस्थितियों में उद्धार का मार्ग प्रशस्त करती है। दुनिया का कोई मत, मजहब और संप्रदाय बताए कि पांच हजार वर्ष का इतिहास कितने लोगों का है। यह दावा केवल आप कर सकते हैं। जिसके उत्तराधिकारी आप और वाहक संतजन हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगली बार समनदास आश्रम के सामने सतगुरु रविदास व संत समनदास महाराज की स्मृति में घाट का निर्माण, सड़कों का चौड़ीकरण, पार्किंग, सुंदरीकरण और सत्संग सभागार की स्थापना करेंगे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी समस्या का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब अच्छी सरकार आती है और संतों का मार्गदर्शन मिलता है तो अच्छा ही अच्छा होता है। अच्छा करने के लिए सोच होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्ञान भिक्षुक दास व समनदास महाराज ने सतगुरु रविदास के मिशन को आगे बढ़ाया है। सरकार के गरीब कल्याण के कार्यों को गिनाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक के जीवन में परिवर्तन का कारण बनी सुविधाएं सतगुरु रविदास की प्रेरणा से संभव हो पाईं। कार्यक्रम में आयोजक महंत गोवर्धन दास महाराज, स्वामी ओमानंद महाराज, निर्मल दास महाराज, गुरुदीप गिरि महाराज, केशवनानंद महाराज, सत्यानंद महाराज, सतीश दास महाराज, विज्ञानानंद महाराज के अलावा सांसद चंदन चौहान, योगी सरकार के मंत्री अनिल कुमार, कपिलदेव अग्रवाल, सोमेंद्र तोमर, पूर्व सांसद संजीव बालियान, विधायक राजपाल बालियान, वंदना वर्मा, मिथिलेश पाल, विक्रम सैनी आदि मौजूद रहे।

## भारत में मतदाता सूचियां तैयार...

चुनावी सत्यनिष्ठा, इसके व्यापक स्तर और विविधता पर प्रमुखता से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पूरी ईमानदारी के साथ चुनाव कराना राष्ट्रीय संकल्प का प्रमाण है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने विश्व भर के देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) के लिए क्षमता-निर्माण कार्यक्रमों में भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) की भूमिका को भी रेखांकित किया। अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन सहायता संस्थान (इंटरनेशनल आईडीईए) द्वारा स्वीडन के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन में श्री कुमार ने भारत में विशेष रूप से संसदीय चुनावों के दौरान किए जाने वाले चुनाव संबंधी कार्यों के व्यापक स्तर के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत में चुनाव राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों, आम जनता, पुलिस और व्यय पर्यवेक्षकों तथा मीडिया की कड़ी निगरानी में कराए जाते हैं। उन्होंने कहा, ये सभी (राजनीतिक दल से लेकर मीडिया तक) विभिन्न चरणों में समवर्ती लेखा-परीक्षकों के समान कार्य करते हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने चुनाव कार्य में विभिन्न सराकारी एजेंसियों के बीच समन्वय के व्यापक स्तर पर भी प्रमुखता से प्रकाश डाला जिससे भारत में चुनावों के संचालन को व्यववस्था को शक्ति प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आयोग यह सुनिश्चित करता है कि देश के एक अरब से अधिक स्वतंत्र रूप से चुनाव में भाग ले सकें। श्री कुमार ने यह भी बताया कि चुनावों के संचालन के समय आयोग के साथ मतदान कार्मिकों, पुलिस बलों, प्रेक्षकों और राजनीतिक दलों के एजेंटों सहित दो करोड़ से अधिक कर्मियों की एक टीम काम कर रही होती है। उन्होंने कहा कि इस तर भारत का चुनाव आयोग विश्व का सबसे बड़ा संगठन बन जाता है जिसके पास उपलब्ध कर्मियों की संख्या कई राष्ट्रीय सरकारों और प्रमुख वैश्विक निगमों के संयुक्त कार्यबल की संख्या को भी पार कर जाता है। उन्होंने भारत में चुनावी व्यवस्थाओं में लगातार हो रही प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि संवैधानिक मूल्यों के दायरे में रहते हुए इस व्यवस्था ने स्वयं को बढ़ती हुई जटिलताओं के अनुकूल ढाल लिया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1951-52 में देश में 17.3 करोड़ मतदाता थे जिनकी संख्या 2024 में करीब 98 करोड़ हो गयी । शुरू में चुनाव के लिए केवल दो लाख मतदान केंद्रो की व्यवस्था की जाती थी जब कि आज 10.5 लाख मतदान केंद्र स्थापित किए जाते हैं। उन्होंने कहा, भारत की चुनावी यात्रा ने संस्थागत दूरदर्शिता और अतुलनीय स्तर दोनों का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने भारत में राजनीतिक दलों की बड़ी संख्या और इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के प्रयोग तक का जिक्र किया। उन्होंने सम्मेलन को बताया कि भारत के वर्ष 2024 के आम चुनावों में 743 राजनीतिक दलों ने भाग लिया, जिनमें छह राष्ट्रीय दल, 67 राज्यीय दल और बाकी पंजीकृत राजनीतिक दल थे। इन चुनावों में कुल 20,271 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा और 62 लाख इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) का उपयोग किया गया। उन्होंने भारतीय चुनाव व्यवस्था की समावेशी अभिकल्पना की चर्चा करते हुए कहा कि इसमें पहली बार मतदाता बने मतदाताओं से लेकर 85 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, थर्ड जेंडर मतदाताओं और सर्वाधिक दुर्गम क्षेत्रों के मतदाताओं को समान सावधानी और प्रतिबद्धता के साथ सेवा प्रदान की जाती है। श्री कुमार ने इसी संदर्भ में उल्लेख किया कि देश में ऐसी जगह भी मतदान केंद्र बनाए गए जहां मात्र एक मतदाता था । उन्होंने हिमाचल प्रदेश के ताशीगंग जैसे ऊंचाई पर अवस्थित मतदान केंद्रों का जिक्र किया और कहा कि यह 'कोई मतदाता न छूटे' की भारत की चुनाव व्यवस्था की प्रतिबद्धता के साथ संवैधानिक सिद्धांत के अनुपालन के प्रति उसका संकल्प भी दर्शाता है। उन्होंने सम्मेलन के इतर वहां आए मैक्सिको, इंडोनेशिया, मंगोलिया, दक्षिण अफ्रीका, स्विटजरलैंड, माल्डोवा, लिथुआनिया, मॉरीशस, जर्मनी, क्रोएशिया, यूक्रेन और ब्रिटेन के चुनाव निकायों के अपने समकक्ष अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। आयोग ने कहा कि इन बैठकों में चर्चा का विषय मतदाताओं की भागीदारी, चुनावी प्रौद्योगिकी, प्रवासी मतदान और संस्थागत क्षमता-निर्माण पर केंद्रित था।

## 'आतंकवाद एक दिन...

महसूस करता रहा?' पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत की ओर से शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के एक महीने के बाद जयशंकर यूरोप के दौरे पर हैं। उनसे भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में चार दिन तक चले संघर्ष के बारे में पूछा गया था। उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि दुनिया यह समझे कि यह केवल भारत-पाकिस्तान का मुद्दा नहीं है। यह आतंकवाद से जुड़ा मुद्दा है और वहीं आतंकवाद एख दिन आप लोगों (पश्चिमी देशों) के लिए भी समस्या बन जाएगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मीडिया की आलोचना करते हुए कहा कि मीडिया ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को केवल दो परमाणु संपन्न पड़ोसियों की प्रतिक्रिया के रूप में दिखाया, जबकि यह असल में आतंकवाद के खिलाफ एक कार्रवाई थी। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 26 लोगों की नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई थी। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया। इस हमले के जवाब में भारत ने सात मई को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतकी ठिकानों पर सटीक हमले किए थे। यह सैन्य संघर्ष चार दिन तक चला था। 10 मई को भारत और पाकिस्तान के सैन्य महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच बातचीत हुई, जिसके बाद सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी। जब जयशंकर से पूछा गया कि भारत रूस पर पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों में शामिल क्यों नहीं हुआ, तो उन्होंने कहा कि भारत युद्ध को किसी समस्या का हल नहीं मानता। उन्होंने कहा, हम नहीं मानते कि युद्ध के जरिए मतभेदों को सुलझाया जा सकता है। हमें नहीं लगता कि समाधान जंग के मैदान से आएगा। यह हमारा काम नहीं है कि हम किसी समाधान को थोपें। मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि हम न तो किसी पर अपनी राय थोप रहे हैं, न ही किसी की निंदा कर रहे हैं। लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं है कि हम पूरी तरह अलग-थलग हैं। उन्होंने कहा कि भारत के यूक्रेन के साथ भी मजबूत संबंध हैं। यह सिर्फ रूस तक सीमित नहीं हैं। लेकिन हर देश अपने अनुभव, इतिहास और हितों के आधार पर निर्णय करता है। उन्होंने आगे कहा, भारत की सबसे पुरानी शिकायत यही रही है कि हमारी सीमाओं का उल्लंघन (देश की) आजादी के कुछ ही महीनों बाद हुआ, जब पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठ करवाई और उस वक्त जो देश सबसे ज्यादा पाकिस्तान के साथ थे, वे पश्चिमी देश थे। जयशंकर ने कहा, 'अगर वही देश जो तब टालमटोल कर रहे थे, अब आकर हमसे कहते हैं कि आइए, अंतरराष्ट्रीय सिद्धांतों पर बड़ी-बड़ी बातें करें, तो मुझे पूरा हक है कि मैं उनसे कहूं कि पहले अपने अतीत पर भी नजर डालें।' जब उनसे पूछा गया कि आज की बदलती भूराजनीति में भारत की भूमिका क्या है, तो उन्होंने कहा, बहु-ध्रुवीयता अब कोई भविष्य की बात नहीं रही। वह पहले से आ चुकी है। अब यूरोप को अपनी क्षमता के आधार पर और अपने वैश्विक संबंधों को ध्यान में रखते हुए अपने हित में निर्णय लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा, मैं आज यूरोप में 'रणनीतिक स्वायत्तता' जैसे शब्द सुनता हूं, जो पहले हमारे शब्दकोश का हिस्सा थे। उन्होंने यह भी कहा कि यूरोपीय संघ आज वैश्विक व्यवस्था का एक प्रमुख स्तंभ है और पहले से कहीं अधिक स्वतंत्र निर्णय लेने वाला बन चुका है और भारत इस बहु-ध्रुवीय दुनिया में उसके साथ संबंध और गहरा करना चाहता है। जब उनसे यूरोपीय संघ के कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (सीबीएएम) के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि भारत इसका विरोध नहीं कर रहा, लेकिन उसे इस पर गंभीर आपत्तियां हैं।

## यूएई ने आतंकवाद...

15वीं संयुक्त आयोग बैठक के बाद हुई है। विदेश मंत्रालय ने आज यहां बताया कि अपनी यात्रा के दौरान विदेश सचिव श्री मिस्री ने भारत और यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझीदारी के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा करने के लिए यूएई के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग राज्य मंत्री रीम अल हाशिम के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक में चर्चा व्यापार, निवेश, ऊर्जा, संस्कृति, रक्षा, प्रौद्योगिकी, कांसुलर मामलों सहित विभिन्न क्षेत्रों में बहुआयामी द्विपक्षीय साझीदारी के दायरे को बढ़ाने पर केंद्रित थी। दोनों पक्षों ने आपसी हितों को बढ़ावा देने के लिए बहुपक्षीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर मिलकर काम करने पर सहमति जताई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि उन्होंने पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद यूएई नेतृत्व द्वारा दिए गए समर्थन और एकजुटता की सराहना की। विदेश सचिव ने यूएई के सहिष्णुता और सह-अस्तित्व मंत्री शेख नाह्यान बिन मुबारक अल नाह्यान से मुलाकात की और यूएई में रह रहे 43 लाख भारतीयों की देखभाल के लिए शेख नाह्यान को धन्यवाद दिया, जिन्होंने यूएई को अपना दूसरा घर बना लिया है। विदेश सचिव ने यूएई संघीय राष्ट्रीय परिषद के सदस्य और परिषद में रक्षा मामलों, आंतरिक और विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष और आबू धाबी स्थित चरमपंथ और हिंसक चरमपंथ का मुकाबला करने के लिए उत्कृष्टता के अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, हेदयाह के अंतर्राष्ट्रीय संचालन बोर्ड के अध्यक्ष अली राशिद अल नूमी के साथ भी एक महत्वपूर्ण बैठक की। चर्चाओं में सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद से लड़ने के लिए दोनों देशों के साझा दृढ़ संकल्प की पुष्टि करने का एक और अवसर मिला। विदेश सचिव की यूएई यात्रा दोनों पक्षों के बीच नियमित उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की निरंतरता है जो दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझीदारी के गहन होने को दर्शाती है।

## एक्सिओम -04 का प्रक्षेपण फिर टला

बेंगलुरु। बहुप्रतीक्षित एक्सिओम-04 मिशन के प्रक्षेपण की तारीख एक बार फिर आगे बढ़ा दी गयी है । प्रक्षेपण तैयारियों के दौरान तकनीकि विसंगतियों का पता चलने के बाद 11 जून को प्रस्तावित प्रक्षेपण को स्थगित कर दिया गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को यहां बताया कि प्रक्षेपण से पहले प्रोटोकॉल के तहत इसके प्रदर्शन को सफल करने के लिए 'लॉन्च पैड' पर फाल्कन 9 प्रक्षेपण वाहन के बूस्टर चरण का सात सेकंड का 'हॉट टेस्ट' किया गया। इस महत्वपूर्ण परीक्षण के दौरान इंजीनियरों ने रॉकेट के प्रोपल्शन में लिक्विड ऑक्सीजन (एलओएक्स) के रिसाव का पता लगाया। इसरो के अध्यक्ष एवं अंतरिक्ष आयोग के प्रमुख डॉ. वी. नारायणन ने कहा, इसरो, एक्सिओम और स्पेसएक्स विशेषज्ञों के बीच विचार-विमर्श के आधार पर प्रक्षेपण के लिए आगे बढ़ने से पहले एलओएक्स रिसाव ठीक करने और फिर उसके अतिरिक्त सत्यापन करने का निर्णय लिया गया है।

# मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दरियागंज में जल एटीएम का उद्घाटन किया, हजार जल एमटीएम लगाने की घोषणा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के लोक निर्माण एवं जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बुधवार को दरियागंज स्थित सर्वोदय कन्या विद्यालय में ॖनिःशुल्क शुद्ध जल सेवाॖ का उद्घाटन किया। यह सुविधा प्रतिदिन सैकड़ों छात्राओं एवं स्थानीय निवासियों को निःशुल्क, स्वच्छ व ठंडा पेयजल उपलब्ध कराएगी। यह कदम हीट एक्शन प्लान 2025 के तहत उठाया गया है।

इस अवसर पर प्रवेश साहिब सिंह ने घोषणा की कि सरकार का लक्ष्य अगले वर्ष तक स्कूलों और प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर लगभग 1000 जल एटीएम लगाने का है, जिससे प्रतिदिन 8 से 10 लाख लोगों को लाभ पहुंचेगा।



प्रवेश साहिब सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह केवल पानी की सुविधा नहीं, बल्कि जीवन, स्वास्थ्य और सार्वजनिक सेवा को सम्मान देने की पहल है। यह योजना गर्मी से संबंधित समस्याओं का समाधान करने के साथ-साथ आम जनता, विशेषकर दिहाड़ी मजदूरों, विद्यार्थियों और राहगीरों के लिए स्वच्छ जल की सुलभता सुनिश्चित करती है।

इन जल एटीएम में उन्नत जल शुद्धिकरण प्रणाली, तापमान नियंत्रण सुविधा एवं उच्च गर्मी के मौसम में अधिक उपयोग की क्षमता होती है। ये इकाइयां ऊर्ज़ा-कुशल होती हैं और इनका रखरखाव भी बेहद सरल है।

इससे पहले कश्मीरी गेट आईएसबीटी, शालीमार बाग के स्कूलों, दिल्ली सचिवालय जैसे प्रमुख स्थानों पर जल एटीएम लगाए जा चुके हैं। कार्यक्रम के समापन पर प्रवेश साहिब सिंह ने दिल्लीवासियों के कल्याण हेतु सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि दिल्ली में कोई भी व्यक्ति प्यासा न रहे, विशेषकर गर्मी के इस कठोर मौसम में। हमारी सरकार एक जल-सुरक्षित और गर्मी-प्रतिरोधी राजधानी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सामाजिक समरसता और अंत्योदय की प्रेरणा देती है कबीर वाणी : मंत्री रविंद्र इंद्राज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने कहा कि कबीर की वाणी सामाजिक समरसता और अंत्योदय की प्रेरणा देती है। अंत्योदय की मूल भावना ही केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार की कार्यशैली है। यह बातें मंत्री ने कबीर जयंती समारोह के अवसर पर बुधवार को दिल्ली सचिवालय में बतौर मुख्य अतिथि कही। कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली सरकार के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा किया गया। मंत्री रविंद्र इंद्राज ने संत कबीर के जीवन और विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दिल्ली सरकार की समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचना प्राथमिकता है। विशेषकर वे योजनाएं जो अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए चलाई जा रही हैं। एससी/एसटी कल्याण मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार सामाजिक समरसता और संत परंपरा की चेतना को बनाए रखने के लिए निरंतर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी। आयोजन में भजन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें संत कबीर की शिक्षाओं को संगीत और काव्य के माध्यम से जनमानस तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम में एससी/एसटी कल्याण विभाग के सचिव ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि कबीर दास की जयंती पर ऐसा आयोजन पहली बार दिल्ली सचिवालय में किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पौधारोपण एवं महादलित परिवारों के बीच भोजन वितरण कर मनाया गया लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन

भागलपुर। राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के 78वें जन्मदिन पर बुधवार को सैंडिस कंपाउंड में फलदार पौधे लगाए गए। साथ ही महादलित परिवार इशाकचक मोहल्ला में खाना का वितरण डॉ चक्रपाणि हिमांशु के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर भागलपुर के डिप्टी मेयर डॉक्टर सलाउद्दीन अहसन भी उपस्थित थे। इसके बाद सर्किट हाउस में संवाददाता संबोधित करते हुए बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर चक्रपाणि हिमांशु ने कहा कि लालू प्रसाद यादव व्यक्ति नहीं विचार है, व्यक्ति को कैद किया जा सकता है विचार को नहीं। लालू प्रसाद यादव को भारत रत्न दिया जाए। आजादी के बाद सबसे ज्यादा समाज के वंचित को राज्यसभा, विधानसभा, लोकसभा, विधान परिषद एवं मंत्री बनाया गया। लालू प्रसाद रेल के माध्यम से देश का विकास किया। भागलपुर मे रेल मंडल कार्यालय का शिलान्यास किया था। लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन धूमधाम से शांति, सद्भाव एवं भाईचारा के साथ मनाया गया। डिप्टी मेयर डॉ सलाउद्दीन हसन ने कहा कि फलदार वृक्ष लगाने से फायदा होता है। इसे पर्यावरण सुरक्षित रहता है। सूरज का तापमान को अपने ऊपर लेकर दूसरे को छाया प्रदान करता है। जीवन शैली में काफी उपयोगी होता है। साल में एक बार जरूर पौधा लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव के विचारों को गांव-गांव ले जाने की जरूरत है। लालू प्रसाद यादव एक सर्वहरा नेता थे।

### राजद कार्यालय में लालू प्रसाद के जन्मदिवस पर केक कटिंग और प्लांटेशन

अररिया। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के जन्म दिवस को सामाजिक सद्भावना दिवस के रूप में बुधवार को मनाया गया।फारबिसगंज स्थित राजद कार्यालय में लालू प्रसाद के जन्म दिवस पर राजद कार्यकर्ताओं ने केक काटा और फलदार पौधों का रोपण कर उनके स्वस्थ लंबी आयु की कामना की। फारबिसगंज नगर अध्यक्ष बेलाल अली को अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष मनीष यादव,राजद के वरिष्ठ नेता क्रांति कुंवर,जिला प्रधान महासचिव मनोज विश्वास,व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमित पूर्वे, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रधान महासचिव आयुष अग्रवाल,अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश आनंद,अरुण यादव, विमल मंडल, नौशाद अहमद, अरुण कुमार यादव, दिलीप यादव,विनोद कुमार यादव, मो. शमीम, सपन, रामदेव राय, अभिषेक यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।मौके पर लालू के विचार और कार्यों को राजद नेताओं ने गिनाया।

### त्रिस्तरीय पंचायतों में पदों के आरक्षण की प्रक्रिया शुरू, तय हुई समय-सारणी

पौड़ी गढ़वाल। त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर प्रधान, प्रमुख व पंचायत सदस्यों के पदों पर आरक्षण तय करने की कार्यवाही शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार शुरू कर दी गयी है। यह पूरी प्रक्रिया वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर की जायेगी। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने बताया कि आरक्षण तय करने के लिये स्पष्ट समय-सारणी जारी की गयी है। जनपद स्तर पर इसे सख़्ती से लागू कराया जा रहा है।आरक्षण प्रक्रिया की समय-सारणी के निर्धारित कार्यक्रम के तहत 11 जून को प्रधान पदों की संख्या का विवरण निदेशक पंचायतीराज द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। 13 जून को आरक्षण प्रस्तावों का अनन्तिम प्रकाशन किया जायेगा। इसके बाद 14 व 15 जून को आम जनता से इन प्रस्तावों पर आपत्तियां ली जायेगी। जिलाधिकारी द्वारा आपत्तियों का निस्तारण 16 और 17 जून को किया जायेगा। अंतिम आरक्षण सूची 18 जून को जारी होगी। वहीं 19 जून को प्रस्ताव निदेशालय के माध्यम से शासन व राज्य निर्वाचन आयोग को भेजे जाएंगे। जिलाधिकारी डॉ. चौहान ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि आरक्षण से संबंधित सूचना ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और तहसील कार्यालयों के सूचना पटों पर अवश्य चस्पा करायें। साथ ही जिला पंचायतराज अधिकारी को भी निर्देश दिये कि वह जिला पंचायत, पंचायतराज कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी और जिलाधिकारी कार्यालयों के सूचना पटों पर सूचना का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें।

# पीएम के नेतृत्व में विकसित भारत की चेतना के साथ देश कर रहा प्रगति : प्रवीण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की चेतना के साथ देश प्रगति कर रहा है। बिना भ्रष्टाचार, घोटाले के लाखों करोड़ों के योजना को पूरा करने और गांव,गरीब,युवा, महिला,किसान,मजदूर के हितों को समझने वाली व सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित मोदी सरकार का सफलतापूर्वक 11 वर्ष पूरा किया जाना भाजपा कार्यकर्ताओं को गौरवान्वित करता है। उक्त बातें भाजपा विधानसभा प्रभारी प्रवीण कुमार ने बुधवार को नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर भाजपा नगर महामंत्री संदीप कुमार, भाजयुमो नगर अध्यक्ष किशन शर्मा और भाजयुमो मंडल प्रभारी विपुल सिंह संग कही।




भाजपा नेता कुमार ने कहा कि आज कांग्रेस सहित पूरे विपक्ष का एक मात्र एजेंडा है मोदी हटाओ। जबकि हमारी सरकार का गरीबों का उत्थान पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत एक नए स्वरूप और नए सामर्थ्य के साथ चौथे अर्थव्यवस्था के रूप में विश्व के सामने खड़ा है। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार के लिए बैंक से कर्ज लेना आसान हुआ है।करोडों लोगों को 5 लाख तक के मुफ्त इलाज, 4 करोड़ शहरी ग्रामीणों को पक्का घर देने के साथ पीएम किसान सम्मान निधि के दायरे में 11 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में करोड़ों की राशि जमा कराई गई। जल जीवन मिशन के तहत 11.88 करोड़ ग्रामीणों के घरों में पाइप से पीने की शुद्ध पानी हेतु नल जल कनेक्शन,11.72 करोड़ शौचालय निर्माण और 9.6 करोड़ परिवारों को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन,10 हजार से ज्यादा जन औषधि केंद्र द्वारा सस्ती दरों पर दवा उपलब्ध कराने के अलावे देश के अलग अलग क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल हुई है। कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री की अगुवाई में सबका साथ सबका विकास के मंत्र को लेकर सीमा सुरक्षा पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य किया गया है।

## सरकार ने भूमिहीनों को जमीन व युवाओं को रोजगार में की वादा खिलाफी : लनन

नवादा। जन सुराज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संगठन विस्तार समिति के संयोजक नवादा के डीएम रहे ललन जी यादव ने कहा है कि राज्य सरकार ने भूमिहिनों को जमीन तथा बेरोजगारों को रोजगार देने सहित कई बड़ा पूरा करने में पूर्णता सफल रही है जिस कारण बिहार की जनता विधानसभा चुनाव में उन्हें धूल चटकार ही दम लेगी। वे बुधवार को नवादा जान स्वराज कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे । उन्होंने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए बताया कि वर्तमान राज्य सरकार द्वारा दो वर्ष पूर्व किए गए वादों को अब तक पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना में चिह्नित 94 लाख गरीब परिवारों को रोजगार के लिए 2 लाख रुपए की सहायता राशि और 50 लाख भूमिहीन दलित और अतिपिछड़ा समाज के परिवारों को 3 डिसमिल जमीन देने के मामले में सरकार ने धोखा किया । दाखिल खारिज में भ्रष्टाचार तथा भूमि सर्वे के नाम पर लूट जारी है।

# स्लॉटर हाउस संचालन को लेकर लेटलतीफी पर डीएम ने अधिकारियों को दी चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पौड़ी गढ़वाल। नगर निकायों के अन्तर्गत संचालित विभिन्न कर्यो की समीक्षा बैठक लेते हुए जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने गतिमान व प्रस्तावित विभिन्न कार्यों की धीमी गति पर संबंधित अधिशासी अधिकारी को चेतावनी जारी करने जबकि पौड़ी व श्रीनगर के स्लॉटर हाऊस का संचालन शुरु करने में देरी पर सम्बन्धित निकायों के अधिकारियों को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिये।

बुधवार को आयोजित नगर निकायों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने सभी निकायों के अधिकारियों को शत प्रतिशत डोर टू डोर कूड़ा संकलन व पृथकीकरण की कार्यवाही के निर्देश दिए। कहा कि आंकड़ों व धारातल पर वास्तविक स्थिति में विरोधाभास है।

डीएम ने स्वच्छता को लेकर लोगों में व्यवहारिक परिवर्तन लाने को लेकर अपने-अपने निकायों के अन्तर्गत एक जागरुकता ड्राईव चलाने, गैर निर्धारित स्थानों पर कूडा डालने वालों का चिन्हीकरण करते हुए प्रभावी रूप से चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निकायों के क्षेत्रांतर्गत अतिक्रमण हटाये जाने को लेकर गम्भीरता नहीं दिखाने पर जिलाधिकारी ने कोटद्वार, श्रीनगर व पौड़ी निकायों के अधिकारियों को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिये है। नगर निगम कोटद्वार में 82 स्थानों पर, नगर निगम श्रीनगर में 32 स्थानों, नगर पालिका परिषद पौड़ी में 24 अतिक्रमणों पर केवल चालानी कार्यवाही की गयी है।

बैठक में अपर जिलाधिकारी अनिल गर्ब्याल, सहायक नगर आयुक्त कोटद्वार चन्द्रशेखर शर्मा व श्रीनगर गायत्री बिष्ट, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद दुगड्डा शिवानी, थलीसैंण दीपक प्रताप, सिटी मिशन मैनेजर जगदीश खत्री, टीएस नगर पालिका परिषद पौड़ी रमेश दत्त पाठक आदि शामिल रहे।

# कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत किसानों को किया गया प्रशिक्षित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कटिहार । जिले के मनिहारी प्रखंड के दक्षिणी कंाटाकोश, केवाला और धुरियाही गांवों में बुधवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर भागलपुर के निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. आरके सोहाने ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान का संचालन कटिहार जिले में 29 मई से किया जा रहा है और यह अभियान 12 जून तक संचालित होगा। डॉ. सोहाने ने बताया कि इस अभियान के तहत अब तक 78 गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं और 9936 किसानों को प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र कटिहार द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों और अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने किसानों से मिट्टी जांच कराने का भी आह्वान किया। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सुदामा ठाकुर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि हेतु किसानों को निबंधन के संबंध में जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक डॉ. सुशील कुमार सिंह ने धान की खेती के संबंध में जानकारी दी, जबकि डॉ. महेंद्र पाल ने सब्जी की खेती के संबंध में जानकारी दी।इ इस अवसर पर प्रक्षेत्र प्रबंधक ओम प्रकाश भारती, प्रयोगशाला सहायक स्वर्ण प्रभा रेड्डी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक नीरव कंात और कृषि समन्वयक उमेश प्रसाद सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में किसानों ने भाग लिया। डॉ. सोहाने ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान किसानों की फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है।

# धामी मंत्रिमंडल में जैव प्रौद्योगिकी, खनन और बुनियादी ढांचे सहित 06 विषयों को मंजूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में आयोजित कैबिनेट बैठक में जैव प्रौद्योगिकी, कृषि, खनन, स्वास्थ्य शिक्षा, महिला एवं बाल विकास सहित छह महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

बैठक के बाद सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में सचिव शैलेश बगोली ने मंत्रिमंडल की ब्रीफिंग की। उन्होंने जानकारी दी कि कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग के अन्तर्गत स्वायत्तशासी राज्य अनुदानित संस्था उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद् के गठन के पश्चात न्यूनतम आवश्यकता के आधार पर पूर्व में परिषद् के हल्दी, पंतनगर स्थित मुख्यालय के लिए 34 पद एवं एडवांस सेन्टर फॉर कम्प्यूटेशनल एण्ड एप्लाईड बॉयोटेक्नोलॉजी, देहरादून के लिए 12 पद सहित कुल 46 पद सृजित करने का स्वीकृति प्रदान की गई थी। समस्त पदों को एकीकृत (एकल संवलर्ग) रूप में रखे जाने व भर्ती के स्रोत में परिवर्तन का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के संरचनात्मक ढांचे में अतिरिक्त पद सृजित करने का निर्णय लिया गया। उच्च न्यायालय, उत्तराखंड की ओर से जनहित याचिका में सुनवाई के दौरान दिये गये निर्देशों के समादर में भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के ढांचे में विभागीय आवश्यकतानुसार पर्याप्त कार्मिकों की उपलब्धता कराने के लिए अतिरिक्त पदों के सृजन को 18 पदों को बढ़ाया गया है।


उत्तराखंड बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण अधिनियम, 2012 के प्राविधानानुसार जनपद देहरादून के तहसील सदर एवं विकासनगर के अंतर्गत आसन नदी के प्रारम्भिक बिन्दु भट्टा फॉल से आसन बैराज (कुल लगभग 53.00 किमी. लम्बाई) तक आसन नदी के दोनों तटों पर बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण की अधिसूचना के संबंध में निर्णय लिया गया है।

देहरादून में रिस्पना और बिंदाल नदी में जो क्षेत्र बाढ़ परिक्षेत्र घोषित किया गया है, उन क्षेत्रों में एसटीपी का निर्माण, एलिवेटेड रोड के लिए नींव समेत संरचना का निर्माण, रोपवे टॉवर का निर्माण कार्य, मोबाइल टावर निर्माण और हाई टेंशन विद्युत लाइन का



निर्माण करने को मंजूरी दे दी है। पीडब्ल्यूडी के पांच निरीक्षण भवन को पीपीपी मोड में डेवलप करने का निर्णय लिया गया था। ऐसे में इन पांचों निरीक्षण भवन को पीपीपी मोड में विश्व स्तरीय गेट हाउस के रूप में डेवलप किया जाएगा। रानीखेत, उत्तरकाशी, दुगलबित्ता, हर्षिल और ऋषिकेश में स्थित पीडब्ल्यूडी के पांच निरीक्षण -रिस्पना-बिंदाल क्षेत्र घोषित हुआ बाढ़ परिक्षेत्र भवन को विकसित की जाएगी। लोक निर्माण विभाग, उत्तराखंड के चयनित 05 निरीक्षण भवनों का पी.पी.पी. माध्यम से संचालन द्वारा मुद्रीकरण करने का कार्य यू.आई.आई डी.बी को आवंटित करने का निर्णय लिया गया है।

उत्तराखंड राज्य सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देखरेख परिषद् का गठन करने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। वर्तमान में राज्य में परा-चिकित्सा स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए उत्तराखंड पराचिकित्सा अधिनियम, 2009 एवं परा-चिकित्सा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों हेतु स्टेट मेडिकल फैकल्टी के प्राविधान प्रभावी हैं, के अन्तर्गत विभिन्न 22 पराचिकित्सा विधाओं में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का पंजीकरण किया जाता है। देश में सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख-रेख व्यवसायियों के लिए शिक्षा और सेवाओं के मानकों को विनियमित करने, आचार संहिता, प्रवेश परीक्षाएं, पाठ्यक्रम मानकीकरण, पंजीकरण के मानकों में एकरूपता लाने, अन्तर्राज्यीय पंजीकरण को सरल एवं सुलभ बनाने व कुल 10 श्रेणियों में समूहीकृत 56 व्यवसायी उपाधियों को मान्यता प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री महिला एवं बाल बहुमुखी सहायता निधि (कॉर्पस फण्ड) के क्रियान्वयन के नियमावली के अन्तर्गत विभाग को प्राप्त विदेशी मदिरा/बियर पर उपकर (सैस) की धनराशि को कॉर्पस फण्ड के रूप में विभागान्तर्गत संचालित उत्तराखंड महिला एवं बाल विकास समिति के माध्यम से संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिसके तहत राज्य की महिलाओं एवं बच्चों के विकास के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के प्राप्त अंतरालों को भरा जाएगा व आवश्यकता व प्रस्थिति के अनुसार नवाचार योजनाओं का क्रियान्वयन भी किया जाएगा। प्रमुख रूप से उक्त निधि के तहत आपदा/दुर्घटना में अनाथ हुए बच्चों, निराश्रित महिलाओं के जीविकोपार्जन व वृद्ध महिलाओं के लिए जीवन निर्वहन की समुचित व्यवस्था का निर्माण किया जाएगा।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063